सुप्रभात
रांची, सोमवार
27.11.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net | कार्तिक, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 134 | नानक नाम जहाज है, चढ़े सो उतरे पार...

## न्यूज डायरी

### भारत ने दूसरे टी-20 में भी आस्ट्रेलिया को हराया

**तिरुवनंतपुरम।** ग्रीनफील्ड स्टेडियम में खेला गया दूसरा टी-20 मैच भी भारत ने आस्ट्रेलिया से 44 रनों से जीत लिया। टॉस हारकर पहले खेलते हुए भारत ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 4 विकेट पर 235 रन बना दिये। जीत के लिए 236 रनों का लक्ष्य ले कर उतरी ऑस्ट्रेलिया की टीम 9 विकेट पर 191 रन ही बना सकी। भारत की ओर से यशस्वी जायसवाल ने 25 गेंद में 53, ईशान किशन ने 32 गेंद में 52 और गायकवाड़ ने 43 गेंद में 58 रनों की तूफानी पारी खेली। वहीं अंत में रिंकू सिंह ने सिर्फ 9 गेंद में नाबाद 31 ठोक दिये। रिंकू ने चार चौके और दो छक्के जड़े।

### गारू के बीडीओ प्रताप टोप्पो का निधन, शोक

**रांची।** लातेहार के गारू प्रखंड के बीडीओ प्रताप टोप्पो का शनिवार देर रात आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से प्रशासनिक अधिकारियों समेत अन्य लोगों में भी शोक की लहर है। प्रताप टोप्पो पिछले कुछ समय से कैंसर की गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। बीडीओ ने निधन पर शोक जताते हुए तमाम अधिकारियों ने कहा कि उनके आकस्मिक निधन से सभी मर्माहत हैं।

### लोकतंत्र का मजबूत आधार संविधान : सीएम

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि देश के शोषित और वंचित समाज को समता का अधिकार देता है संविधान। देश के लोकतंत्र का सशक्त आधार है संविधान। देश को संविधान रूपी महान ग्रंथ देने के लिए बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर एवं अन्य सभी संविधान निमार्ताओं को शत-शत नमन।

### मुख्यमंत्री का कल लोहरदगा में कार्यक्रम

**लोहरदगा।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान में भाग लेने सीएम हेमंत सोरेन 28 को लोहरदगा आयेंगे। लोहरदगा के कुडू प्रखंड के चिरी मैदान में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम होगा। यहां से कुछ दूरी पर स्थित जिमा चौक पर भी सीएम का कार्यक्रम होगा।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## ख्रीस्त राजा की भव्य शोभायात्रा



काथलिक विश्वासियों ने रविवार को क्राइस्ट को राजा घोषित करने के उद्देश्य से भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभा यात्रा के पीछे मोमबत्ती लिए बच्चे शामिल थे।

## न्याय तक सभी की पहुंच हो, पूरी प्रणाली में सुधार जरूरी : राष्ट्रपति

# अखिल भारतीय न्यायिक सेवा सृजित करने का सुझाव

**संविधान दिवस समारोह में द्रौपदी मुर्मू**

संपूर्ण प्रणाली को नागरिक केंद्रित बनाने पर जोर

खर्च और भाषा न्याय चाहने वालों के लिए बाधा

इस सेवा में युवा आसानी से पहुंचे, कुछ कदम उठाना जरूरी



**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को न्यायपालिका में प्रतिभाशाली युवाओं का चयन करने और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए एक अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के सृजन का सुझाव दिया। उच्चतम न्यायालय द्वारा यहां आयोजित संविधान दिवस समारोह को संबोधित करते हुए, उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि खर्च और भाषा न्याय चाहने वाले नागरिकों के लिए बाधाएं हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि न्याय तक सभी की पहुंच में सुधार के लिए संपूर्ण प्रणाली को नागरिक-केंद्रित बनाने की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने कहा, 'इस विविधीकरण प्रक्रिया को तेज करने का एक तरीका एक ऐसी प्रणाली का निर्माण हो सकता है जिसमें योग्यता आधारित, प्रतिस्पर्धी और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से विभिन्न पृष्ठभूमियों से न्यायाधीशों की भर्ती की जा सके। उन्होंने कहा, 'अखिल भारतीय न्यायिक सेवा का सृजन करना एक बेहतर विकल्प हो सकता है, जो प्रतिभाशाली युवाओं का चयन और उनकी प्रतिभा को निखारने का काम कर सकती है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, 'ऐसी प्रणाली कम प्रतिनिधित्व वाले सामाजिक समूहों को भी अवसर प्रदान कर सकती है। न्याय प्रणाली को मजबूत करने के इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए कोई भी प्रभावी तंत्र तैयार करने का जिम्मा मैं आपके विवेक पर छोड़ती हूं।

(शेष पेज 11 पर)

## चाईबासा पुलिस ने नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम की

# बंकर ध्वस्त, रॉकेट लांचर, आइइडी बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**चाईबासा।** सुरक्षाबलों को निशाना बनाने का नक्सलियों की साजिश झारखंड पुलिस ने रविवार को नाकाम कर दिया। लंबे समय से चल रहे नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षाबलों बंकर व कैंप ध्वस्त कर दिया। बंकर से पुलिस को रॉकेट लॉन्चर, पांच केजी का एक आइइडी बम समेत कई हथियार और बोली बारूद मिले हैं। पश्चिमी सिंहभू के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है और आगे भी चलता रहेगा। अभियान के दौरान 26 को पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थानांतर्गत राजाबासा गांव के पास जंगली व पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाये गये पांच केजी के एक आइइडी बम मिला। इसी गांव में तीन जगहों पर तीन बंकर व कैंप भी थे।

जिसे नष्ट कर दिया गया। नक्सली कैंप से दो रॉकेट लॉचर गन भी मिले। इसे मौके पर ही ध्वस्त कर दिया गया। आईईडी बम को भी सुरक्षा के लिहाज से बम निरोधक दस्ते ने डिफ्यूज कर दिया। इसके अलावा एसएलआर के बॉडीपार्ट, चार एके- 47के 20 खाली केस व बीजीएल के एक खाली उरांड भी बरामद किये गये हैं। एसपी ने बताया कि बरामद बंकर में कम से कम 40-50 लोगों के रहने की जगह थी।

(शेष पेज 11 पर)

### गुजरात में बेमौसम बारिश, 14 की मौत

**अहमदाबाद ।** गुजरात में रविवार को दिनभार जोरदार बारिश होती रही। सर्दी के इस मौसम में यहां मॉनसून जैसा मौसम देखने को मिल रहा है। बेमौसम बारिश ने गुजरात के 14 नागरिकों की जान ले ली है। सबसे ज्यादा तीन मौतें दाहोद जिले में हुई हैं जबकि अमरेली, सुरेंद्रनगर, मेहसाणा, बोटाद, पंचमहल, खेड़ा, साबरकांठा, अहमदाबाद और सूरत में 1-1 मौतें हुई हैं। भरूच में 2 की मौत हुई है। मौसम विभाग ने इस देखते हुए येलो अलर्ट जारी कर दिया है।

# सड़क हादसे में पति-पत्नी व पुत्र की मौत

## लातेहार में ट्रेलर ने बाइक को रौंदा, घायल पुत्री रिम्स में

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** लातेहार जिले के बालूमाथ-रांची एनएच 22 पर चितरपुर ग्राम के पास रविवार को एक सड़क हादसे में पति, पत्नी और उनके पुत्र की मौत हो गयी। एक पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गयी। उसे बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार हादसे में विजय गंझु (27), उनकी पत्नी देवंती देवी (24) और पुत्र अमृत गंझु ( 8 )वर्ष की मौत हो गयी। विजय गंझु की छोटी पुत्री अंकिता कुमारी (03) गंभीर रूप से घायल है। हादसा उस समय हुआ जब जब बाईक सवार इस दंपती को स्क्रैप लदे एक ट्रेलर ने कुचल दिया।

जानकारी मिलते ही बालूमाथ थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। घायल अंकिता कुमारी एवं देवंती देवी को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। वहां डॉक्टर ध्रुव कुमार ने देवंती देवी को मृत घोषित कर दिया। पुत्री अंकिता बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार विजय गंझु हेरहंज के हूरटांड अपने ससुराल से पल्सर ( जेएच08इ 0102) अपने घर अनगड़ा, दामोदर थाना चंदवा जा रहे थे। इसी दौरान अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट से स्क्रैप लेकर जा रही ट्रेलर (पीबी 11सीक्यू 8573) ने उनकी सवार रौंद दिया।

(शेष पेज 11 पर)

## गजवा-ए-हिंद मॉड्यूल को ले देशभर में छापा


### एनआइए ने आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किये

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान समर्थित गजवा-ए-हिंद आतंकी मॉड्यूल के खिलाफ रविवार को एनआइए ने बड़ा अभियान छेड़ा। एनआईए की टीम ने कई राज्यों में इसआतंकी मॉड्यूल के ठिकानों पर रेड किया। रेड को लेकर एनआईए के एक प्रवक्ता ने कहा कि टीम ने मध्य प्रदेश के देवास , गुजरात के गिर, सोमनाथ, यूपी के आजमगढ़ और केरल के कोझिकोड जिले में कई संदिग्धों ठिकानों पर रेड किया। छापेमारी के दौरान एनआईए की टीम ने आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण जब्त किये हैं। इसके अलावा छापेमारी से संदिग्धों के पाकिस्तान में मौजूद उनके 'आतंकी बॉस' के साथ संबंधों का भी पता चला है। एनआइए प्रवक्ता ने कहा कि ये संदिग्ध अपने पाकिस्तानी आकाओं के संपर्क में थे और गजवा-ए-हिंद के कट्टरपंथी, भारत विरोधी विचार का प्रचार करने में शामिल थे।

(शेष पेज 11 पर)

### पाकुड़ में पांच बच्चे की मौत से हड़कंप, जांच शुरू

**पाकुड़।** लिट्टीपाड़ा प्रखंड में मलेरिया के बाद झाड़ फूंक के कारण पांच बच्चों की मौत पर स्वास्थ्य विभाग ने जांच शुरू की है। इसको लेकर जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से गांव में मेडिकल कैंप भी लगाया गया है। ये पूरा मामला लिट्टीपाड़ा प्रखंड के बड़ा कुटलो गांव का है। बीमारी के बाद झाड़ फूंक और अंधविश्वास के कारण बच्चों की मौत होने के मामला सामने आया है। स्वास्थ्य विभाग जांच में जुट गयी है।




## मन की बात : 26/11 भूल नहीं सकता, छऊ नृत्य, गांव-देहात के मेलों की चर्चा

# भारत अब आतंक को सख्ती से कुचल रहा है

### झारखंड -बंगाल के छऊ नृत्य की भी चर्चा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मन की बात कार्यक्रम में रविवार को पीएम मोदी ने कहा कि 'आज 26 नवंबर है और इस दिन को हम कभी नहीं भूल सकते। आज ही के दिन देश पर सबसे जघन्य आतंकी हमला हुआ था। आतंकियों ने मुंबई और पूरे देश को थर्रा कर रख दिया था। ये भारत का सामर्थ्य है कि हम उस हमले से उबरे और अब पूरे हौंसले से आतंक को कुचल रहे हैं। 26/11 के मुंबई हमले में अपना जीवन



गंवाने वाले सभी लोगों को मैं श्रद्धांजलि देता हूं।

**वोकल फॉर लोकल से समृद्धि आयी :** पीएम ने कहा कि अब तो घर के बच्चे भी दुकान पर कुछ खरीदते समय ये देखने लगे हैं कि उसमें मेड इन इंडिया लिखा है या नहीं लिखा है। इतना ही नहीं, ऑनलाइन सामान खरीदते समय अब लोग कंट्री ऑफ ऑरिजन भी देखना नहीं भूलते हैं। जैसे 'स्वच्छ भारत अभियान' की सफलता ही उसकी प्रेरणा बन रही है, वैसे ही वोकल फॉर लोकल की सफलता, विकसित भारत-समृद्ध भारत के दरवाजे खोल रही है।

(शेष पेज 11 पर)

### संविधान : लोकतंत्र की संकल्प शक्ति

26 नवंबर को आज का ये दिन, एक और वजह से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। 1949 में आज के ही दिन संविधान सभा ने भारत के संविधान को अंगीकार किया था। मैं सभी देशवासियों को संविधान दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। हम सब मिलकर के नागरिकों के कर्तव्यों को प्राथमिकता देते हुए विकसित भारत के संकल्प को जरूर पूरा करेंगे। समय, परिस्थिति, देश की आवश्यकता को देखते हुए अलग-अलग सरकारों ने अलग-अलग समय पर संशोधन किये। संविधान सभा में 15 महिलाएं मनोनीत थीं। उनमें से एक सदस्य हंसा मेहता जी ने महिलाओं के अधिकार और न्याय की आवाज बुलंद की थी। उस समय भारत उन कुछ देशों में से था, जिन्होंने महिलाओं को संविधान से वोटिंग का अधिकार दिया। संविधान निमार्ताओं की उसी दूरदृष्टि का पालन करते हुए भारत की संसद ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पास किया है और यह हमारे लोकतंत्र की संकल्प शक्ति का उदाहरण है।

### केंद्रीय रेशम बोर्ड के सदस्य सचिव ने तसर कोसा के घटते उत्पादन पर जतायी चिंता

# पिछले तीन वर्षों में झारखंड में तसर के उत्पादन में आयी कमी : पी शिवकुमार

**देशभर में 3800 एमटी तसर कोसा का उत्पादन पिछले वर्ष घटकर 1300 एमटी हो गया**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय रेशम बोर्ड के सदस्य सचिव पी शिवकुमार ने रविवार को सरायकेला के खरसावां पीपीसी का दौरा किया। उन्होंने तसर की मिट्टी से रेशम की गतिविधियों को देखा। उन्होंने तसर रेशम कीटपालकों को कीटपालन सामग्री भी दी और उसकी गतिविधियों पर चर्चा की। इस दौरान तसर रेशम उत्पादन की कार्य योजना पर भी प्रकाश डाला। सामूहिक विचार मंथन, कृषकों के साथ संवाद, कृषकों को सामग्री का वितरण, कोसा का उचित मूल्य तथा मूल्य में वृद्धि, कोकून खरीद की व्यापक व्यवस्था, बीज का अधिक उत्पादन तथा बीमारी से बचाव की व्यवस्था पर चर्चा की गयी।



### झारखंड में सात तसर वैज्ञानिकों की पदस्थापना

**झारखंड में करीब 30 प्रतिशत तसर कोसा के उत्पादन में आयी कमी**

केंद्रीय सिल्क बोर्ड के सदस्य सचिव पी शिव कुमार ने तसर कोसा के घटते उत्पादन पर कहा कि तीन वर्ष पहले तक देश में 3800 एमटी तसर कोसा का उत्पादन होता था, परंतु पिछले वर्ष मात्र 1300 एमटी का ही उत्पादन हुआ। तसर उत्पादन में झारखंड देश का अग्रणी राज्य रहा है, परंतु पिछले तीन वर्षों से झारखंड में भी तसर उत्पादन में काफी कमी आयी है। देश में कुल उत्पादन का 70 फीसदी उत्पादन झारखंड में होता है। ऐसे में झारखंड में भी करीब 30 फीसदी तसर कोसा के उत्पादन में कमी आयी है। तसर कोसा के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार कार्य कर रही है। हाल ही में सेंट्रल सिल्क बोर्ड ने झारखंड में सात तसर वैज्ञानिकों की पदस्थापना की है, जो किसानों को तसर की खेती में हर तरह से सहयोग करेंगे। सिल्क समग्र-टू के तहत कई योजना चलायी जा रही है।


### झारखंड में कीटपालन कार्य से जुड़े हैं 2.22 लाख लोग : डॉ एनबी

कार्यक्रम में केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, रांची के निदेशक डॉ एनबी चौधरी ने तसर की खेती के प्रमुख लाभों को इंगित करते हुए कहा कि यह पर्यावरण हितैषी, कार्बन पृथक्करण में सक्षम, गरीब आदिवासियों के परम्परागत ग्रामीण रोजगार की धूरी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में 2.22 लाख लोग कीटपालन कार्य से जुड़े हैं। पूरे देश का झारखंड में 60 से 70 प्रतिशत तसर उत्पादन होता है। कोल्हान तसर उत्पादन का प्रमुख क्षेत्र है, जहां झारखंड के तसर उत्पादन का 40 प्रतिशत उत्पादन होता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस वर्ष तसर का उत्पादन और अधिक बढ़ेगा। कार्यक्रम के दौरान तसर उत्पादन बढ़ाने के लिए विस्तृत चर्चा की तथा इसके लिए वन विभाग का भी सहयोग लेने का विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सहायक निदेशक (रेशम) कोल्हान केके यादव, डीएफओ सरायकेला आदित्य कुमार, वैज्ञानिक डॉ जय प्रकाश पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

### सदस्य सचिव ने किया चाईबासा कच्चा माल बैंक का निरीक्षण

केंद्रीय रेशम बोर्ड के सदस्य सचिव पी शिव कुमार (आईएफएस) ने तसर वैज्ञानिकों की टीम के साथ कोल्हान का दौरा किया। उन्होंने चाईबासा स्थित कच्चा माल बैंक तथा पी-4 तसर प्रजनन केंद्र, चक्रधरपुर का निरीक्षण करने के साथ-साथ परिक्षेत्र का भी दौरा किया। इस दौरान कच्चा माल बैंक के क्रियाकलापों की समीक्षा की। साथ ही आने वाले वर्षों में तसर का उत्पादन बढ़ाने को लेकर विभिन्न कार्य योजनाओं पर भी चर्चा की। इस अवसर पर झारखंड में तसर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोण पर चर्चा की गई। इस दौरान झारखंड में तसर उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए कार्य प्रणाली पर चर्चा की गयी। झारखंड हमेशा से तसर उत्पादन में अग्रणी राज्य रहा है। मौके पर तकनीकी निदेशक डॉ मंथिरा मूर्ति, केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (सीटीआरटीआई), रांची के निदेशक डॉ एनबी चौधरी, वैज्ञानिक-डी डॉ जेपी पांडेय, सहायक उद्योग निदेशक कृष्णकांत यादव, एकेएस मुंडा, एके सुरीन, टीके घोष आदि उपस्थित थे।

## परिश्रम, प्रगति व प्रेरणा से परिपूर्ण है मन की बात कार्यक्रम : बाबूलाल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 107वां एपिसोड रविवार को हुआ। भाजपा कार्यकर्ताओं के आम जनता के साथ राज्य के सभी शक्ति केंद्रों पर कार्यक्रम को सुना। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने संथाल परगना प्रवास के क्रम में बोरियो विधानसभा में मन की बात को सुना। वहीं नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने रांची विधानसभा क्षेत्र के इरगु टोली में तो संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने रांची विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 278,279 के कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक रूप से कार्यक्रम को सुना। प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय सहित प्रदेश पदाधिकारी, जिला, मंडल, बूथ के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने अपने क्षेत्र में कार्यक्रम को सुना।

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम का हर एपिसोड अपने आप में अनूठा होता है। उन्होंने कहा कि आज का संस्करण भारत के लोगों, युवा शक्ति के परिश्रम, प्रगति और उनकी प्रेरक प्रसंगों से परिपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मन की बात का हर प्रेरक प्रसंग हजारों लोगों को देश और समाज के लिए कुछ करने के लिए बल प्रदान करता है।

वहीं नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सामूहिक शक्ति से हो रहे सकारात्मक बदलाव को मन की बात में जोर दिया है। प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम बढ़ता भारत, बदलता भारत को दिशा देता है। उन्होंने कहा कि इसमें भारत की प्रकृति, संस्कृति दोनो समाहित होते हैं।

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि मन की बात भारत के जन जन से जुड़ी बात है। इसमें स्वच्छता है, स्वावलंबन है, डिजिटल इंडिया है, आत्म निर्भर भारत है। उन्होंने कहा कि यह क्रांति अब रुकने वाली नहीं है।

### दो दिवसीय आदिवासी अधिकार मोटरसाइकिल रैली का समापन

## महुआ मोइत्रा के बयान पर अपनी स्थिति स्पष्ट करें सीएम हेमंत सोरेन : बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के बयान को लेकर कड़ी टिप्पणी दी। एक्स हैंडल पर उन्होंने लिखा है कि टीएमसी सांसद ने न केवल सदन के अंदर बल्कि सदन के बाहर भी असंसदीय आचरण दिखाया है। उन्होंने जिस तरह से से झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता को गाली दी है। यह अत्यंत शर्मनाक है। झारखंड का अपमान है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में झारखंड के मुख्यमंत्री और इंडी एलायंस के अन्य घटक दलों की चुप्पी समझ से परे है। झारखंड के मान-सम्मान की बात करने वाले



लोग आज चुप क्यों हैं? मरांडी ने कहा कि झामुमो इंडी गठबंधन का घटक दल है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को महुआ मोइत्रा के बयान पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। पूर्व सीएम ने कहा कि भाजपा झारखंड की जनता के इस अपमान को बर्दास्त नहीं करेगी।

**दलालों और बिचौलियों की है सरकार :** अनुसूचित जनजाति मोर्चा की ओर से शनिवार को सिदो-कान्हू की जन्मस्थली से निकली दो दिवसीय आदिवासीय अधिकार मोटरसाइकिल रैली का समापन बहरहवा के दुगार्पुर स्कूल मैदान में हुआ। इस यात्रा में सैकड़ों युवा शामिल हुए। समापन के मौके पर बाबूलाल मरांडी भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि यात्रा अभी समाप्त नहीं हुई है। यह यात्रा तभी रुकेगी जब झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता का दुःख-दर्द दूर हो जाएगा। यहां के आदिवासी, दलित, वंचित को उनका अधिकार मिल जाएगा। हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आज गरीब आदिवासी मलेरिया से मर रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री को चिंता नहीं है। हेमंत सरकार दलालों और बिचौलियों की सरकार है।

## संविधान दिवस पर कांग्रेस भवन में परिचर्चा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी शिक्षा विभाग के चेयरमैन श्याम नारायण सिंह की अध्यक्षता में रविवार को कांग्रेस भवन में संविधान दिवस के मौके पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य डॉ एम तौसीफ, डॉ अजय शाहदेव, सुनील सिंह, डॉ. आरसी प्रसाद, जेबी पांडे, चन्द्रशेखर भगत, महेश कुजूर, जगदीश साहु, कौशल किशोर, इस्तियाक अहमद मुख्य रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम की शुभारंभ संविधान की प्रस्तावना पढ़कर की गई। इसके पश्चात सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।




शिक्षा विभाग के चेयरमैन श्याम नारायण सिंह ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि हमारा संविधान ही है जो सभी धर्म, जाति वर्ग के 140 करोड़ आबादी वाले देश भारत को एक सूत्र में बांधकर रखता है। आज जितने भी कानून बनते हैं सभी संविधान के तहत ही बनायो जाते है। संविधान में ही देश का सिद्धांत और उसको चलाने का तौर तरीके होते है। आज का दिन भारतवर्ष के लिए काफी ऐतिहासिक दिन है।

गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में संविधान पर भाजपा द्वारा लगातार कठुराघात किया जा रहा है। किसानों के अधिकारों,अभिव्यक्ति की आजादी, महिलाओं की अधिकार, युवाओं के अधिकार पर कठुराघात हो रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने संविधान की रक्षा के लिए देश भर में 4500 किमी की पदयात्रा कर ऐसा माहौल बनाया कि आज हर वर्ग के लोग संविधान पर विश्वास जमाये हुए हैं।

डॉ एम तौसीफ ने कहा कि बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने जिस लोकतंत्र का सपना देखा था आज के दिन वह साकार हुआ। देश में आजादी से पहले कोई लोकतंत्र नहीं था, ऐसे में जब देश का शासन चलाने के लिए संविधान सभा का गठन हुआ तो कानून मंत्री के रूप में बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने इसकी कमान संभाली और संविधान सभा के अध्यक्ष बने।

डॉ बिरसा उरांव ने कहा कि बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने अपने समय की परिस्थितियों को देखते हुए देश की विभिन्न जाति, धर्म और सभ्यताओं को एक समान अधिकार देने का अधिकार संविधान में दिया। इस योगदान के लिए हम सभी बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को नमन करते हैं। परिचर्चा कार्यक्रम में साजिद अली खां, ब्रजकिशोर प्रसाद मेहता, चन्द्रेव मेहता, सोहन मेहता, नाजिर मियां, अजय पासवान, पंकज कुमार, दीपक कुमार, कुलदीप राम, मनोज मेहता, अरविंद रविदास सहित अन्य कांग्रेसजन शामिल थे।

### राज्य के 11 अधिकारियों को आइएएस में प्रोन्नति मिलने का मार्ग प्रशस्त

## आइएएस में प्रमोशन के लिए यूपीएससी बोर्ड सहमत, अगले माह जारी होगी अधिसूचना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) से आईएएस में प्रमोशन देने के लिए यूपीएससी बोर्ड सहमत हो गया है। बोर्ड की सहमति के बाद राज्य के 11 अधिकारियों को आइएएस में प्रोन्नति मिलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। बताते चलें कि विगत 20 नवंबर को हुई बैठक में इस पर सहमति बन गयी है। कार्मिक मंत्रालय भारत सरकार के समक्ष संचिका भेजी जायेगी। बताया जा रहा है कि अगले माह इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी जायेगी।

बताया जा रहा है कि राज्य सरकार की ओर से कुल 33 नामों की अनुशंसा आईएएस में करने के लिए भेजी गयी थी। इनमें से 11 अधिकारियों को रिक्तियों के विरूद्ध प्रमोशन दिया जाना है। सूत्रों के अनुसार इन अधिकारियों को प्रोन्नति देने पर सहमति मिल गयी है, लेकिन अधिसूचना जारी होने में अभी थोड़ा वक्त लगेगा। सूत्रों ने बताया कि इस बार बीपीएससी 36वें बैच के अधिकारी भी इसमें शामिल हैं।

आईएएस में प्रमोशन पाने वालों में कार्मिक विभाग से रंजीत कुमार लाल, कैबिनेट सचिवालय से राजीव रंजन, मुख्यमंत्री सचिवालय के संयुक्त सचिव स्तर के एक अधिकारी और शैलेंद्र कुमार लाल, सुनील कुमार सिंह-1, सुनील कुमार सिंह-2, विजय कुमार गुप्ता, कृष्ण कुमार, विधानचंद्र चौधरी को प्रमोशन मिल सकता है।

## जैक बोर्ड में आज से भरे जायेंगे इंटरमीडिएट की परीक्षा के फार्म

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने इंटरमीडिएट परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि जारी कर दी है। 28 नवंबर से 12 दिसंबर तक बिना लेट फाइन के फॉर्म भरे जा सकते हैं। वहीं 13 दिसंबर से 20 दिसंबर तक लेट फाइन के साथ परीक्षा फॉर्म भरे जायेंगे। बता दें कि बोर्ड द्वारा मैट्रिक और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है, परीक्षा 6 फरवरी 2024 से शुरू होगी और 26 फरवरी तक जारी रहेगी।

**16 नवंबर से शुरू हो चुकी है मैट्रिक परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया :** आवेदन जमा करने के लिए स्कूलों और कॉलेजों की ओर से एक फॉर्म छात्रों को उपलब्ध कराये जायेंगे। छात्र- छात्राओं को बिना किसी त्रुटि के फॉर्म भरकर स्कूलों में जमा करने होंगे। इसके बाद उसे ऑनलाइन किया जायेगा। बताते चलें कि मैट्रिक परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया 16 नवंबर से शुरू हो चुकी है। 2 दिसंबर तक बगैर लेट फाइन के फॉर्म भरे जायेंगे। लेट फाइन के साथ 3 दिसंबर से 9 दिसंबर तक आवेदन दे सकेंगे।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में संविधान की प्रस्तावना का हुआ वाचन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्रीय संविधान दिवस के अवसर पर रविवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में एक संक्षिप्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान न केवल अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया, बल्कि भारतीय संविधान का अनुपालन करते और कराते हुए देश के सर्वांगीण विकास में अपनी-अपनी भूमिका निभाने का सामूहिक संकल्प लिया। अवर सचिव देवदास दत्ता ने कहा कि 26



नवंबर का दिन हमारे लिए ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि इसी दिन हमारे देश के संविधान को अंतिम रूप से अंगीकृत किया गया था। उन्होंने संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया जिसे अन्य सभी ने दोहराया। उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार ने मतदाताओं से अपील की कि मताधिकार भी उनका संवैधानिक अधिकार है, क्योंकि यह अधिकार संविधान द्वारा ही प्रदत्त है। इस मौके पर कार्यालय सभी पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

### स्कूलों में साल में रहती है 124 दिनों की छुट्टी

## राज्य के सरकारी स्कूलों में एक साल में 242 दिन ही होती है पढ़ाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों में साल में मात्र 242 दिन ही पढ़ाई होती है। वहीं स्कूलों में 124 छुट्टियां रहती है। इन छुट्टियों में 52 रविवार, 12 शनिवार की छुट्टी और साथ में गर्मी की छुट्टी और अन्य पर्याप्त त्योहार शामिल हैं।

झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा जारी छुट्टियों के कैलेंडर में 60 दिनों की स्वीकृत छुट्टियां हैं। इस साल महीने के तीसरे सप्ताह के शनिवार को छुट्टी दी जाती है। इन 242 दिनों में सभी विद्यार्थियों का सिलेबस पूरा करवाया जाता है।

झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा 60 छुट्टियों की घोषणा की गई है लेकिन सभी जिलों में इन छुट्टियों को अलग दिनों में भी लिया जाता है। इसका निर्णय शिक्षक संघ द्वारा लिया जाता है। छुट्अियां अलग-अलग एडजेस्ट की जा सकती हैं लेकिन 60 से अधिक नहीं हो सकती है।

**इन त्योहारों और अन्य दिनों पर रहती है छुट्टी**

नव वर्ष, सोहराय, मकर संक्रांति, टुशु पर्व, सुभाष चंद्र बोस जयंती, गणतंत्र दिवस, सरस्वती पूजा, संत रविदास जयंती, महाशिवरात्रि, होली, शबे बरात, रामनवमी, महावीर जयंती, गुड फ्राइडे, डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती, ईद उल फितर, सरहुल, मजदूर दिवस, बुद्ध पूर्णिमा, गर्मी की छुप्ती, रथ यात्रा, बकरीद, हूल दिवस, मोहर्रम, विश्व आदिवासी दिवस, स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, करमा पूजा, विश्वकर्मा पूजा, तीज व्रत, गणेश चतुर्थी, मिलाद उल नबी, गांधी जयंती, कलश स्थापना, दुर्गा पूजा, दिवाली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज, चित्रगुप्त पूजा, बिरसा मुंडा जयंती, छठ पूजा, गुरु नानक जयंती, क्रिसमस और जाड़े की छुट्टियां सरकारी स्कूलों में दी जाती है।

### केंद्र सरकार की किसान-मजदूर विरोधी नीतियों के विरोध में राजभवन के समक्ष तीन दिवसीय महापड़ाव शुरू

# किसान-मजदूर विरोधी है केंद्र की मोदी सरकार : डॉ कांगो

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत संविधान दिवस पर किसान संगठनों एवं मजदूर संगठनों की ओर से रविवार को राजभवन के समक्ष पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता एवं एटक के अशोक यादव की अध्यक्षता में केंद्र सरकार नीतियों के खिलाफ तीन दिवसीय महापड़ाव का शुभारंभ हुआ। महापड़ाव में शामिल लोग केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ, भाजपा भगाओ, देश बचाओ, लोकतंत्र संविधान बचाओ, जान बचाओ, मोदी हटाओ के नारे लगा रहे थे। इस मौके पर भाकपा के राष्ट्रीय सचिव मजदूर नेता डॉक्टर भालचंद्र कांगो, एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेंद्र कुमार, भाकपा के प्रदेश सचिव सह सह अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव महेंद्र पाठक, एटक कार्यकारी अध्यक्ष लखनलाल महतो ए आई के एस के कार्यकारी अध्यक्ष कृष्णदेव सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

महापड़ाव को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉक्टर भालचंद्र कांगो ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार से जनता ऊब चुकी है। देश के बड़े-बड़े पूंजीपतियों को मुनाफा दिलाने के लिए मोदी सरकार सारे सार्वजनिक संस्थाओं को कौड़ी की भाव बेच रही है। देश में मोदी की नहीं अदानी और अंबानी की सरकार चल रही है। देश के 70% संसाधनों पर अडानी अंबानी का कब्जा हो गया है। पिछले 70 वर्षों में 55 लाख करोड़ रुपए के विदेशी कर्ज अब 155 लाख करोड़ रुपए मात्र 10 वर्षों में हुआ जिसका खामियाजा देश भुगत रहा है। देश की आम जनता का क्रय मूल्य समाप्त हो चुका है। मोदी सरकार बगैर तैयारी का नोट बंदी, जीएसटी, तालाबंदी कर देश को रसातल में भेज दिया। जिससे आम जनता त्राहि त्राहि कर रही है। मोदी



सरकार की नीतियों को अब देश की जनता समझ चुकी है। अगामी लोकसभा चुनाव में बीजेपी को देश की जनता सबक सिखाएगी।

डॉ भलचंद्र कांगों ने कहा कि केंद्र सरकार के खिलाफ किसान मजदूरों का बड़ा समूह 26, 27, 28 नवंबर को देश के सभी राजधानियों में अपनी आवाज को बुलंद कर रहा है। इस लड़ाई की चिंगारी गांव-गांव तक जाएगा और आंदोलन तेज होगा। केंद्र सरकार को सत्ता से बाहर करेगा।

पूर्व सांसद भुवनेश्वर मेहता ने कहा कि 11 महीने तक जब किसानों ने दिल्ली में संघर्ष किया और करीब 700 किसानों की मौत हो गई तब जाकर केंद्र में बैठी सरकार ने तीनों काला कानून वापस लिया। महेंद्र पाठक ने कहा इस आंदोलन के माध्यम से अभी तो सिर्फ उलगुलान किया गया है। आने वाले दिनों में झारखंड की जनता एक मंच पर आकर भारतीय जनता पार्टी को करारा जवाब देगी।

सभा को एटक के कार्यकारी अध्यक्ष लखनलाल महतो, ए आई के एस के कार्यकारी अध्यक्ष कृष्णदेव सिंह, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य प्रमोद कुमार पांडे, महादेव राम, कन्हाई मल पहाड़िया, आदिवासी महासभा के पशुपति कॉल, महिला नेत्री छाया कॉल, सोनिया देवी, भारतीय खेत मजदूर यूनियन के सचिव इम्तियाज खान, अशोक यादव, रुचीर तिवारी, अंबुज ठाकुर,डा. पियूष, अर्जुन कुमार, महेस बाड़ों सहित कई लोगों ने संबोधित किया। मांगों से संबंधित ज्ञापन राज्यपाल को सौंपा गया।

**संगठनों की मांगें**

मजदूर विरोधी चार लेबर कोड रद्द किया जाए। न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के लिए कानून बनाया जाए। असंगठित मजदूरों को 18 हजार रुपए न्यूनतम मजदूरी निर्धारण किया जाए। 60 वर्ष उम्र के सभी किसानों को दस हजार रुपए मासिक पेंशन दिया जाए।

# कैथोलिक विश्वासियों ने निकाली ख्रीस्त राजा की भव्य शोभायात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** कैथोलिक विश्वासियों ने रविवार को दुनिया के समक्ष क्राइस्ट को राजा घोषित करने के उद्देश्य से भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभा यात्रा में कई पलली के लोगों सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी उपस्थित थे। शोभायात्रा डॉक्टर कामिल बुल्के पथ स्थित संत मारिया महा गिरजाघर से आरंभ होकर सर्जना चौक अल्बर्ट एक्का चौक थड़पखना, प्लाजा चौक, लालपुर चौक, डंगरा टोली चौक होते हुए लोयोला मैदान पहुंचकर सभा में परिणत हो गई।

शोभायात्रा में सबसे आगे एक सुसज्जित वाहन पर फादर आनंद डेविड सहित अन्य परोहित थे। शोभायात्रा के मार्ग में कई स्थानों पर झांकी का प्रदर्शन किया गया। इनमें संत जेवियर कॉलेज उर्सुलाइन कॉन्वेंट नया टोली संध्या सिनेमा के पास बाइबल से संबंधित झांकी बनाई गई थी। मनरेसा हाउस के पास भी आकर्षक सजा की गई थी। सात जगहों पर पवित्र युक्त रिश्ते की आरती उतारी गई। सफेद परिधान में छोटी-छोटी बच्चियों जब पवित्र यूखरिस्त की आरती उतारतीं तो मार्ग के दोनों किनारों पर खड़े लोग कौतूहल से देखते रहे। शोभायात्रा में लोग झांझर की धुन पर गाते चल रहे थे। थोड़ी-थोड़ी देर में ख्रिस्त हमारा राजा है, के नारे भी लगाए जा रहे थे। लोयला मैदान में जाकर शोभायात्रा धार्मिक अनुष्ठान में बदल गई। मौके पर बाइबल पाठ हुआ।

प्रकाश पर्व आज | तीन दिवसीय समागम के तहत सजा विशेष दीवान

# मेरे हर प्रीतम की कोई बात सुनावै...

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** तीन दिवसीय समागम के तहत श्री गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के उपलक्ष में गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा कृष्णा नगर कॉलोनी गुरुद्वारा साहिब में रविवार को सुबह 10.30 बजे से विशेष दीवान सजाया गया। विशेष दीवान की शुरूआत स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा मेरे हर प्रीतम की कोई बात सुनावै शबद गायन से हुई। तत्पश्चात हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी ने मेरे साहिबा कौण जांड़े गुण तेरे शबद गायन किया। दोपहर एक बजे से सत्संग सभा द्वारा गुरु का अटूट लंगर चलाया गया। मंच संचालन मनीष मिढ़ा ने किया। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि इस कार्यक्रम का गुरु नानक सत्संग सभा के यूट्यूब चैनल मेरे साहब पर गुरु घर के सेवक पवनजीत सिंह द्वारा पर लाइव प्रसारण किया गया। रात में भी दीवान सजाया गया। जिसमें भाई अमरजीत सिंह तान एवं भाई अमनदीप सिंह लुधियाना वाले शबद गायन किया।

मौके पर दीवान में सत्संग सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल, सचिव अर्जुन देव मिढा, अशोक गेरा, हरविंदर सिंह बेदी, मोहन लाल अरोड़ा, सुरेश मिढ़ा, हरगोबिंद सिंह, मोहन काठपाल, नरेश पपनेजा, अमरजीत गिरधर, लेखराज अरोड़ा, अनूप गिरधर, विनोद सुखीजा, जीवन मिढ़ा, लक्ष्मण सरदाना, महेंद्र अरोड़ा, रमेश पपनेजा, इंदर मिढ़ा, प्रेम मिढ़ा, प्रताप खत्री, हरिश मुंजाल, रमेश गिरधर, हरजीत बेदी, सुभाष मिढ़ा, लक्ष्मण दास मिढ़ा, वेद प्रकाश मिढ़ा, जीतू अरोड़ा, आशु मिढ़ा, नवीन मिढ़ा, नीरज सरदाना, ईशान काठपाल, महेश सुखीजा, नीरज गखड़, डॉ अजय छाबड़ा, सागर थरेजा, सूरज झंडई, रौनक ग्रोवर, मनीष गिरधर, कमल अरोड़ा, राजू काठपाल, किशन गिरधर, मनीष मल्होत्रा, राजेन्द्र मक्कड़, हरीश तेहरी, भरत गाबा, अश्विनी सुखीजा, पंकज मिढ़ा, हरीश मिढ़ा, जीतू काठपाल, गुलशन मिढ़ा, राकेश गिरधर, भरत गाबा, हरविंदर सिंह, प्रकाश गिरधर, गौरव मिढ़ा, अमन डावरा, पियूष मिढ़ा, उमेश मुंजाल, कमल मुंजाल, मनीष गिरधर, अमन सचदेवा, ज्ञान मादन पोत्रा, प्रवीण मुंजाल, रमेश तेहरी, ज्ञान दुआ, चंदन गिरधर, मोहित मुंजाल, बंसी मल्होत्रा, मंजीत कौर, गीता कटारिया, बिमला मिढ़ा, मीना गिरधर, ममता थरेजा, रेशमा गिरधर, बबीता पपनेजा, इंदु पपनेजा, नीता मिढ़ा, खुशबू मिढ़ा, श्वेता मुंजाल, अमर मुंजाल, कमलेश मुंजाल, गोविंद कौर, भजना देवी डावरा, देवकी मुंजाल, दुर्गी देवी मिढ़ा, हरपाल कौर मिढ़ा, उषा झंडई, नेहा मुंजाल, अंजना आदि शामिल थे।

# रांची पुलिस लाइन में ही चल रहा था जुए का खेल छापेमारी कर 6 लोगों को हिरासत में लिया गया

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** राजधानी रांची के पुलिस लाइन में जुए का खेल चल रहा था। जानकारी मिलने पर रांची के सीनियर एसपी ने एक टीम भेज कर छापेमारी की कार्रवाई की, जिसमें 6 से ज्यादा लोग हिरासत में लिये गए। जानकारी के अनुसार जिन लोगों को हिरासत में लिया गया उसमें से कई पुलिसकर्मी भी हैं। इसके बाद मामले को दबाने की कोशिश की गई। हालांकि अभी तक किसी भी पुलिस अधिकारी ने हिरासत में लिये गए लोगों में पुलिसकर्मी होने की पुष्टि नहीं की है।

## हर रोज चल रहा था जुआ

दरअसल रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा को यह शिकायत मिली थी कि पुलिस लाइन में ही अवैध रूप से कुछ लोग जुआ खिलाने का काम करते हैं। इसके लिए उन्होंने किराए पर एक मकान भी ले रखा है। जानकारी मिलने पर एसपी के स्पेशल टीम के द्वारा अचानक पुलिस लाइन में छापेमारी गई की गई। जिसमें जुआ खेलते हुए छह लोग पकड़ लिये गए। मौके से पकड़े गए लोगों के पास से तीन लाख के करीब नगद भी बरामद हुआ है।

**जांच जारी :** सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार ने बताया कि जुआ खेलने की शिकायत पर छापेमारी की गई थी। जिसमें कुछ लोगों को पकड़ा गया है। मामले में पुलिस वाले शामिल हैं कि नहीं यह जांच की जा रही है।

**बाबूलाल मरांडी ने भी उठाए हैं सवाल :** इस मामले में बाबूलाल मरांडी ने भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा 'रांची के गोंदा थाने क्षेत्र में कल देर रात पुलिसकर्मी समेत अन्य लोग जुआ खेलते पकड़े गये हैं। ये पुलिसकर्मी खुद भी जुआ खेल रहे थे और खेलवा भी रहे थे। इस पूरे प्रकरण में सबसे खास बात यह है कि इनमें से कुछ पुलिसकर्मी मुख्यमंत्री आवास में कार्यरत हैं और इस बात को पूरी तरह से छिपाया गया है। किसी भी तरह से मामले को रफा दफा किया जा रहा है। जिस राज्य का मुखिया सुबह से रात तक बस चोरी और हेरा-फेरी का गोरखधंधा करने में लगा हो, वहां ठीक उसके नाक के नीचे काम करने वालों को ऐसा 'अपराध करने का ऑक्सीजन' मिलता ही रहता है। जब बॉस ही राज्य के साथ रोज जुआ खेले तो चेले क्यों पीछे हटेंगे? साथ ही साथ यह भी पता लगाना जरूरी है कि इस जुआ के आमदनी का पैसा ऊपर कहां तक जाता है?'

## रिम्स में आज से 29 तक थीसिस राइटिंग ओरिएंटेशन प्रोगाम

पीजी के छात्रों के लिए अनिवार्य, ट्रॉमा सेंटर के चौथे तल्ले में होगा आयोजन

**रांची।** रिम्स में सोमवार से तीन दिवसीय थीसिस लेखन अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। रिम्स के ट्रॉमा सेंटर के चौथे तल्ले में स्थित ऑडिटोरियम में 27 नवंबर को कार्यक्रम शुरू होगा, जो 29 नवंबर तक चलेगा। थीसिस राइटिंग ओरिएंटेशन प्रोगाम में पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) के छात्रों को भाग लेना अनिवार्य है। इसे लेकर डीन रिसर्च ने कहा कि थीसिस लेखन कार्यक्रम में रिम्स से बाहर के छात्र भी शामिल हो सकते हैं। रिम्स के बाहर के छात्र अगर कार्यक्रम में भाग लेंगे तो उन्हें प्रतिदिन दो हजार रुपये दिया जायेगा। छात्रों को प्रतिदिन दो हजार रुपये के हिसाब से तीन दिन का छह हजार रुपये मिलेगा।

# भगवान जगन्नाथ मंदिर परिसर में चोरी मामले का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भगवान जगन्नाथ मंदिर में चोरी करने वाला चोर आखिरकार पकड़ा गया। धुर्वा पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से मिले साक्ष्य के आधार पर सन्नी नामक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही चोरी के अधिकांश सामान को भी बरामद कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी मंदिर के पास ही स्थित मौसीबाड़ी का रहने वाला है।

गिरफ्तार सन्नी ने 20 नवंबर की रात मंदिर परिसर स्थित पुजारी के कमरे में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। चोरी की वारदात के बाद पुलिस की काफी फजीहत हुई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एक स्पेशल टीम चोरों की तलाश में जुटी हुई थी।

**सीसीटीवी फुटेज से मिला सुराग**

21 नवंबर को मंदिर परिसर में भी चोरी की सूचना रांची पुलिस को मिली थी। छह दिन के अथक प्रयास के बाद पुलिस ने चोर को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। इस बात की पुष्टि धुर्वा थाना प्रभारी विमल नंदन सिन्हा ने भी की है।

### 20 नवंबर की रात हुई थी चोरी

गौरतलब है की झारखंड के प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर में 20 नवंबर 2023 की रात चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। मंदिर परिसर स्थित पुजारी के कमरे को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया था। जगन्नाथ मंदिर परिसर के भीतर ही पुजारी का कमरा बना हुआ है। 20 नवंबर की देर रात मंदिर परिसर स्थित पुजारी के कमरे से 20 हजार रुपए नगद, कई पेन ड्राइव, मंदिर के सजावट के सामान और साउंड सिस्टम को गायब कर दिया गया था।

## प्रारंभिक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करे सरकार : संघ

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद बताया कि छठे वेतनमान में प्रारंभिक शिक्षकों के वेतन निर्धारण में आरंभिक वेतन विसंगति का निराकरण करने की मांग को लेकर कई बार वित्त सचिव अजय कुमार सिंह से मिला गया। संघ ने वित्त सचिव से शिक्षकों का पुनरीक्षित आरंभिक वेतन विसंगति का निराकरण 2006 से करने की मांग के पक्ष में विस्तृत तथ्य सहित पूर्व में अलग पत्र सौंपा है। संघ के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने बताया कि वेतन विसंगति मामले को लेकर 29 सितंबर को वित्त विभाग कमेटी गठित की गई है। परंतु आज तक एक भी बैठक नहीं हो पाई। संघ ने मांग की है कि समय रहते प्रारंभिक शिक्षकों की वेतनविसंगति मामले को दूर किया जाए।

# अपने देश के संविधान पर गर्व है : अमर बाउरी

## राष्ट्रीय संविधान दिवस पर भाजपा ने निकाली संविधान गौरव यात्रा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा रांची महानगर जिला एवं ग्रामीण के संयुक्त प्रयास से रविवार को तपोवन मंदिर से लेकर बाबा साहब अंबेडकर चौक तक संविधान गौरव यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने संविधान की रचना की। वह हम भारत वासियों के लिए धर्मग्रंथ है, क्योंकि देश संविधान से चलता है और हमें अपने देश की संविधान पर गर्व है। दुनिया के अन्य संविधान की तुलना में भारत का संविधान महान है।

मौके पर उपस्थित भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता ने कहा कि आज गौरवगान करने का दिन है। हम सब संविधान को हर हाल में मानने की शपथ लेते हैं। इस अवसर पर अमर बाउरी ने सभी को संविधान की प्रस्तावना की सामूहिक शपथ दिलाई। मौके पर रामलगन राम, मनोज, काजल प्रधान, सुरेन्द्र महतो, डॉक्टर जीतू चरण राम, निशी जायसवाल, संजय जायसवाल, सुनील गुप्ता, जितेन्द्र वर्मा, रंजन पासवान, युवराज पासवान, जोगेन्द्र लाल, सुभाष अग्रवाल, उमेश यादव, मुनेश्वर साहु, रेणुका पासवान, राखी कुमारी, अंजू कुमारी, गीता नायक, उपेन्द्र रजक, सीताराम रवि, जितेन्द्र पटेल, विनोद राजन, सुरेन्द्र पासवान, रणधीर रजक , संतोष कुमार रवि, करण नायक, विकास रवि, एस बी बबली, अर्चना सिंह, नम्रता सोनी, दीपम बनर्जी, गोविंदा बाल्मिकी, राकेश राम , संजय रविदास, नारायण राम, राजेश राम बबन, संदीप तुरी, सुरेश राम, नारद राम, अजय पासवान, दिलीप पासवान थे।

# विधानसभा चुनाव में युवाओं की ज्यादा भागीदारी होगी सुनिश्चित : राजीव झा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड युवा राजद प्रदेश कार्यसमिति की बैठक रविवार को प्रदेश राजद कार्यालय में हुई। बैठक में सभी जिला के युवा राजद जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, युवा राजद महानगर अध्यक्ष, युवा राजद प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव के साथ-साथ झारखंड युवा राष्ट्रीय जनता दल प्रभारी राजीव झा मौजूद रहे।

बैठक में प्रभारी राजीव झा ने कहा कि झारखंड में राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के विचारधारा मानने वाले बहुत हैं। युवा राजद अध्यक्ष रंजन कुमार के नेतृत्व में संगठन मजबूत हुई है। जिस तरह बिहार में पिछले चुनावों में युवाओं को महत्व दिया गया उसी तरह आगामी 2024 के लोकसभा और झारखंड विधानसभा चुनाव में युवाओं की भागीदारी ज्यादा से ज्यादा हो ये सुनिश्चित किया जाएगा और आने वाले चुनावों में राजद किंग मेकर की भूमिका में रहेगा।

युवा राजद अध्यक्ष रंजन कुमार ने कहा 2024 के लोकसभा चुनाव में ज्यादा समय नहीं बचा है। सभी अपने अपने क्षेत्रों में तैयारी करें और जनता के बीच में जाएं उनकी समस्या सुनें और निष्पादन कराने की कोशिश करें। उन्होंने सदस्यता अभियान का दूसरा चरण तेजी से चलाने को कहा। रंजन कुमार ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर के द्वारा बनाए गए हमारे देश के संविधान को ग्राम चौपाल के माध्यम से एक-एक व्यक्ति तक पहुंचाएं।

बैठक में पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, छत्तरपुर के पूर्व प्रत्याशी विजय राम, रांची महानगर अध्यक्ष कमलेश यादव, फिरोज अंसारी, डॉ अविनाश, शौकत अंसारी, जफीर खान, धर्मेंद्र सिंह, क्षितिज मिश्रा, गायत्री देवी, अजय यादव, गुलजार, नीरज कुमार, सिंटू यादव, फरहान खान, दिलेश्वर यादव, प्रतीक अंगार, पूनम, सुबोध पासवान समेत कई राजद नेता एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सामूहिक विवाह में एक-दूजे के हो गये 121 नव दंपति



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग की ओर से और सम्मानित अतिथियों ने सभी 121 नव दंपतियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वात्सल्य उत्सव में 16 दिव्यांग संस्थाओं के लगभग 400 बच्चों ने सामान्य बच्चों के साथ रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया। 200 दिव्यांग जनों एवं विशेष प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम 40 वृद्ध जनों को सेवा देते हुए सम्मानित किया गया तथा वात्सल्य उत्सव में किन्नर समुदाय के 25 सदस्यों ने वर वधुओं को आशीर्वाद दिया तथा अपने विवाह के संगीत एवं नृत्य से कार्यक्रम को सराबोर कर दिया।

समारोह में चंद्रकांत रायपाट, मुरारी अग्रवाल, अशोक कुमार अग्रवाल, कैलाश केसरी, विष्णु कुमार जालान, उम्मेदमल जैन, भानु प्रकाश जालान, प्रकाश बजाज, बसंत मित्तल, संजय सर्राफ, विष्णु अग्रवाल, मिथिलेश्वर मिश्रा, निखिल अग्रवाल, सोहन दारूका, डॉ वीरेंद्र साहू, प्रेम अग्रवाल, फतेह चंद्र अग्रवाल, भैरव सिंह, शत्रुघ्न लाल गुप्ता, आनंद अग्रवाल, प्रेम मित्तल, भगवती भुवालका, अरविंद बंका, शशांक भारद्वाज, किशन अग्रवाल, सुनील गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के विरोध का निर्णय

# 16 को मुख्यमंत्री आवास और शीतकालीन सत्र में विधानसभा का घेराव करेंगे टेट पास शिक्षक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** टेट पास शिक्षकों की राज्य स्तरीय बैठक रविवार को नीलांबर पीतांबर पार्क रांची हुई। इसमें राज्य के सभी जिलों केअध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष शामिल हुए। बैठक में कहा गया कि आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का विरोध किया जायेगा। यहां तक कि विधानसभा का भी शीतकालीन सत्र में घेराव करेंगे। संघ के प्रमोद कुमार ने बताया कि 5वें चरण के दौरान आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जिस जिले में मुख्यमंत्री जाएंगे, वहां के साथी उनका विरोध करेंगे। बैठक में साथियों से उन्होंने कहा कि यह हमारा 5वें चरण का आंदोलन अभी चल रहा है। नई जोश, जुनून और जज्बा के साथ आंदोलन की रफ्तार को कैसे आगे बढ़ाया जाए कि हमें वेतनमान मिले एव अगला आंदोलन का स्वरूप क्या होगा। इस बार जब तक टेट पास पारा शिक्षकों को वेतनमान न मिल जाए तब तक आदोलन में डटे रहना है।

**इन बातों पर बनी सहमति :** आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जिस जिले में मुख्यमंत्री जाएंगे वहां के साथी उनका विरोध करेंगे। इसके लिए तीन दिसंबर को जिला कमेटी की बैठक होगी। इसमें डीसी और एसडीओ को चार दिसंबर को लिखित ज्ञापन देकर विरोध दर्ज कराया जायेगा। झारखंड के टेट सफल सहायक अध्यापक 16 दिसंबर को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। वहीं शीतकालीन सत्र में विधानसभा का घेराव किया जाएगा।

बैठक में प्रेम कुमार चौधरी, कैलाश कुमार मेहता, काली नाथ शाहदेव, अजय कुमार, अविनाश रंजन, प्रकाश कुमार, विजय कुमार,अनीता कुमारी, मीना कुमारी, संध्या कुमारी, सीमा देवी, चंदन कुमार, बादल सरदार, अतुल कुमार महतो, कुशल वर्मा एवं राज्य कमेटी से मिथलेश उपाध्याय, झरी लाल महतो, मीना कुमारी, संजय मेहता, महेश मेहता, नफीस अंसारी थे।

# परंपरा के साथ हुई आदिवासी युवा महोत्सव की शुरुआत







**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आदिवासी युवा महोत्सव का आगाज रविवार को आदिवासी परंपरा रीति रिवाज के साथ हुआ। संविधान दिवस के अवसर पर संविधान का प्रस्तावना पढ़ कर शपथ ली गयी। झारखण्ड के 32 आदिवासी समुदाय के द्वारा आदिवासी रीति रिवाज परंपरा के साथ गीत संगीत एवं सांस्कृतिक नृत्य पेश किया गया। लातेहार जिला के महुआडांड़ प्रखंड से भूईहर मुंडा आदिवासी समुदाय द्वारा सांस्कृतिक नृत्य पेश किया गया और यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि हम मुंडा की उपजाति हैं हम भी आदिवासी हैं। हमारी भाषा, संस्कृति, परंपरा, रीति-रिवाज सब कुछ आदिवासी है। केंद्र सरकार हमें अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करे। बिहार के वक्त हम अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में आते थे। दीपक तिर्की (चक दे बच्चे सिंगिंग रिअलिटी शो-2008 के विनर) ने नागपुरी गाना प्रस्तुत किया। जमशेदपुर के बैंड द्वारा नागपुरी गाना प्रस्तुत किया गया। ट्राइबल फैशन शो में आदिवासी परिधान में रैम्प वॉक भी किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मानव कल्याण द्वारा तथा को-आर्डिनेट इंडिजीनस वेलफेयर सोसाइटी तथा मैनेज ट्राइबल युथ फेस्ट टीम कर रही है। इस महोत्सव में झारखंड सरकार के सांस्कृतिक निदेशालय, पर्यटक, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा झारखंड के कला एवं संस्कृति को प्रस्तुत एवं बढ़ावा देने के लिए सहयोग किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडार विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं राज्यसभा सांसद महुआ माजी शामिल हुईं। अपने वक्तव्य में युवाओं के अंदर ऊर्जा भरने काम किया। कमिटी के संरक्षक अनिल अमिताभ पन्ना का कहना है कि झारखंड के 32 जनजातियों को एक मंच में लाना और एक दूसरे के सामाजिक संस्कृति मिलन करना है ताकि युवा अपने जड़ से जुड़े रहे। कार्यक्रम को संरक्षक अमरनाथ लकड़ा,सचिव शाशि पन्ना ने भी संबोधित किया।

## राजस्थान मित्र मंडल दुर्गा पूजा समिति के कूपन संख्या 28769 को बम्पर पुरस्कार

**रांची।** राजस्थान मित्र मंडल दुर्गा पूजा महोत्सव के लिए लक्की डोनेशन कूपन के माध्यम से लोगों से सहयोग लेती है। 25 नवंबर को आम जनता और विशिष्ट अतिथियों के बीच लक्की डोनेशन कूपन का ड्रा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी रवि शंकर शर्मा, सुरेश साहू, सौरभ सरावगी, गुलाब शर्मा, आनंद पुरोहित, आलोक साहू, मनोज बजाज संस्था के अध्यक्ष अशोक कुमार पुरोहित मंत्री मंटू जालान उपस्थित थे। ड्रा के दौरान बंपर पुरस्कार कूपन संख्या 28769 को दिया गया। इसी तरह प्रथम पुरस्कारः-21531, द्वितीय पुरस्कारः-36904, तृतीय पुरस्कार :-26584, चतुर्थ पुरस्कार :-22354, पंचम पुरस्कार :-38570 और सांत्वना पुरस्कार कूपन संख्या 31470, 19478,19232,12185,21265 को दिया गया। यह जानकारी राजस्थान मित्र मंडल दुर्गा पूजा समिति के अशोक पुरोहित ने दी।

## पुलिस लाइन में संविधान दिवस का आयोजन

**रांची।** संविधान दिवस पर रविवार को रांची पुलिस लाइन में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पुलिस पदाधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को संविधान को लेकर जागरूक किया गया। बता दें कि भारत का संविधान अपनाने के उपलक्ष्य में भारत में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। भारत की संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को भारत के संविधान को अपनाया था, जो 26 जनवरी 1950 से लागू हुआ। भारत सरकार ने नागरिकों के बीच संविधान के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाने का निर्णय लिया था। जिसे सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने 19 नवंबर 2015 को अधिसूचित किया था।

## डॉ निर्मल कुमार ने पटना में घुटनों के प्रत्यारोपण पर दिया व्याख्यान



**रांची।** मेडिका हॉस्पिटल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डा निर्मल कुमार ने पटना में आयोजित दो दिवसीय 'नी आर्थोप्लास्टि कोर्स' ( घुटना प्रत्यारोपण) में फैकल्टी के तौर पर शिरकत की और जटिल घुटना प्रत्यारोपण ऑपरेशन में संभावित कठिनाइयां से निपटने के तरीकों पर दो सत्र में व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने शल्य चिकित्सा अनुभव को बिहार झारखंड तथा देश के विभिन्न राज्यों से आये हुए विशेषज्ञों से साझा किया, जिसे काफी सराहा गया।

## राज्य पुलिस मुख्यालय में संविधान प्रस्तावना शपथ कार्यक्रम आयोजित



**रांची।** संविधान दिवस के अवसर पर रविवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय में भारत के संविधान की प्रस्तावना का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरीय पुलिस पदाधिकारियों, कनीय पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों के द्वारा भारतीय संविधान के उद्देशिका हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज की तारीख 26 नवंबर 1949 ई. को एतद द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं की शपथ ली गयी।

# मुक्ति संस्था ने 32 लावारिश शवों का जुमार तट पर किया अंतिम संस्कार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुक्ति संस्था द्वारा रविवार को राजधानी के रिम्स में पड़े 32 लावारिस शवों को जुमार नदी के तट पर अंतिम संस्कार कराया गया। इसके पूर्व मुक्ति संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया और उनकी टीम में शामिल सदस्यों ने पहले रिम्स के मोर्चरी हाउस में जाकर शवों को पैक किया। शवों को पैक करने के बाद ट्रक में रखा गया। इसके बाद सभी शवों को जुमार नदी के किनारे लाकर एक साथ मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया गया।

**लावारिस शवों का कराया जाता है अंतिम संस्कार**

एक सीमित समय तक रिम्स प्रबंधन द्वारा डेड बॉडी को सुरक्षित रखा जाता है, लेकिन जब कोई भी डेड बॉडी पर दावा करने नहीं पहुंचता तो वैसे शवों का अंतिम संस्कार कर मुक्ति संस्था के द्वारा परंपरा के अनुसार मुक्ति दिलाई जाती है। परंपरा के अनुसार वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर सभी शवों को चिता पर सुलाया जाता है और फिर एक साथ सभी को मुखाग्नि दे दी जाती है। इस मौके पर प्रवीण लोहिया, रवि अग्रवाल, रतन अग्रवाल, आशीष भाटिया, संदीप कुमार, अरुण कुटारियार, सीताराम कौशिक, विकास सिंघानिया, नवीन गाड़ोदिया, नीरज खेतान सहित कई सदस्य मौजूद रहे।



**संस्था ने 1655 शवों का कराया है अंतिम संस्कार**

बताते चलें कि पिछले नौ वर्षों से मुक्ति संस्था के द्वारा इसी तरह लावारिस शवों का अंतिम संस्कार कराया जाता है। अब तक संस्था के द्वारा 1655 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार कराया जा चुका है। संस्था से जुड़े सदस्यों का कहना है कि रिम्स के मोर्चरी हाउस में कई ऐसे शव हैं, जिसकी पहचान महीनों से नहीं हो पाई है। जिस डेड बॉडी पर दावा करने के लिए कोई नहीं पहुंचता है तो उसे लावारिस मान लिया जाता है।

## वैश्य मोर्चा के सदस्यों ने समाज और संगठन के प्रति निष्ठा रखने की ली शपथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** संविधान दिवस के मौके पर रविवार को मोरहाबादी मैदान स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा के नीचे झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराया गया। वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने केंद्रीय पदाधिकारियों एवं सदस्यों को समाज और संगठन के प्रति निष्ठा रखने एवं संघर्ष में समर्पित भाव से साथ देने की शपथ दिलाई। सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं जिला अध्यक्ष को निर्देश दिया गया कि एक दिसंबर को अपने अपने घरों, प्रतिष्ठानों में वैश्य मोर्चा का झंडा लगा कर झंडा लगाओ अभियान की शुरूआत करेंगे। यह भी तय किया गया कि नई केन्द्रीय समिति की पहली बैठक आगामी 10 दिसंबर को रामगढ़ में आयोजित की जायेगी। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि संविधान में वैश्य एवं पिछड़ों के समग्र विकास के लिए काफी प्रावधान किए गए हैं, लेकिन सरकार और प्रशासन द्वारा लगातार अनदेखी की जाती रही है। अब उपेक्षा और जुल्म बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

इस अवसर शपथ ग्रहण करने वालों में कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु, वरीय उपाध्यक्ष मोहन साव, अश्विनी कुमार साहु, संजीव चौधरी, रामसेवक प्रसाद, केंद्रीय उपाध्यक्ष सहदेव चौधरी, लक्ष्मण साहु, उप-प्रधान महासचिव सह प्रवक्ता इंदुभूषण गुप्ता, उपेन्द्र प्रसाद, केंद्रीय महासचिव दिनेश्वर मंडल, कपिल प्रसाद साहु, केंद्रीय सचिव गुड्डू साहा, संगठन महासचिव कृष्णा प्रसाद साहु, केंद्रीय सचिव गुड्डू साहा, दिलीप प्रसाद, रामा शंकर राजन, लखन अग्रवाल, अनिल वैश्य, रामेश्वर कु. मंडल, आशीष, केंद्रीय सदस्य नंदकिशोर भगत, नरेशु, श्रवण , अरुण, राजेश साव, रोहित साहु, राजकुमार मंडल, नम्रता सोनी, पूनम जायसवाल, हलधर साहु, युवराज कुमार,रामेश्वर प्रसाद, दिवाकर साहु आदि मुख्य रूप से थें।

## श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का आयोजन



**रांची।** गुरुनानक जयंती एवं कार्तिक पूर्णिमा से पहले 122वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का आयोजन रविवार को किया गया। भंडारे का आयोजन परमहंस संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद महाराज द्वारा संचालित श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट और स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा किया गया। गुरूनानक देव जयन्ती, कार्तिक पूर्णिमा के पहले दिन संस्था के संस्थापक और संरक्षक परमहंस श्री 1008 संत शिरोमणी स्वामी सदानंद महाराज के जनसेवा को समर्पित (51) स्वर्णिम वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य मे पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर (मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम आश्रम) के प्रांगण में संस्था की महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्या विद्या देवी अग्रवाल, विमला जालान, उर्मिला पाडिया एवं अमिता जालान ने अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी की देखरेख में वहां के जरूरतमंद, निर्धन, दिव्यांगों और श्रद्धालुओं के बीच भंडारे के प्रसाद का विधिवत उद्घाटन कर संस्था के सदस्यों के द्वारा वितरण कार्य शुरू किया गया।

## संस्था का उदेश्य आत्मनिर्भर ग्रामीण समाज का निर्माण करना है: नीतीश

### ग्रामीण भारती ने धूमधाम से मनायी अपनी चौथा वर्षगांठ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** ग्रामीण भारती सेवा संस्था ने रविवार को अपना चौथा वर्षगांठ समारोह स्वर्णरेखा होटल में मनाया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ दीप नारायण मुखर्जी उपस्थित थे। उन्होंने ग्रामीण भारती सेवा संस्थान के सराहनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। प्राकृतिक कृषि संगठन के झारखंड राज्य प्रमुख कुलदीप कुमार ने पर्यावरण-अनुकूल कृषि पद्धतियों के महत्व पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय किसानों के बीच वर्मी कम्पोस्ट उत्पादक किट वितरित किया। वहीं, ग्रामीण भारती के अध्यक्ष नीतीश कुमार ने संस्था के चार वर्ष के कार्यों की जानकारी साझा की। कहा कि संस्था का उदेश्य आत्मनिर्भर ग्रामीण समाज का निर्माण करना है। विभिन्न सामाजिक कार्यों के साथ यह संस्था रांची व खूंटी के विभिन्न सुदूरवर्ती गांवों में निःशुल्क रात्रि पाठशाला आयोजित कर रही है। यहां गरीब बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनके समग्र विकास में भी जोर दे रही है ।

अध्यक्ष ने कहा कि अब यह संस्था संथाल परगना व ओडिशा राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य का विस्तार कर रही है। उन्होंने झारखंड सरकार सहित सभी सामाजिक संगठन से समर्थन व सहयोग का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के बच्चों के बीच शिक्षा सामाग्री व खेल उपकरण का वितरण किया गया। सम्मान समारोह में कुमार शुभम को सर्वश्रेष्ठ टीम लीडर, कुमार प्रीतम पुरी को सर्वश्रेष्ठ प्रबंधक, पंकज को उभरते सितारे व तुलसी महतो को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक के रूप में सम्मानित किया गया। संचालन कुमार शुभम व आकांक्षा कुमारी ने बखूबी पूर्ण किया। मनोज, आकाश, गौतम, शीला, महिंद्रा, कृष्णा व विकास के कामों की सराहना की गई।

## संविधान दिवस के अवसर पर उर्दू में पढ़ी गयी संविधान की प्रस्तावना



**रांची।** उर्दू मध्य विद्यालय, हिंदपीढ़ी में संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद ने कहा कि हमें अपने देश और संविधान के प्रति सच्चे दिल से मोहब्बत होना चाहिए। हमारा संविधान एक बेहतर और वृहत संविधान है जिसकी प्रस्तावना रोजाना विद्यालयों में पढ़ी जाती है। आज आवश्यकता है अपने संविधान को सभी बच्चों के द्वारा उनके मातृभाषा में पढ़ी जाय ताकि वो इसे अपने जीवन में आत्मसात कर सकें।इस मौके पर विशिष्ट अथिति के तौर पर डॉ वकील अहमद रिजवी, राकिम अहसन, शहजाद अनवर, मोशाहिदा अंजुम, आयरा नसीम, मुसर्रत जहाँ, नवाज़िश रजा, साकिर करीम, अब्दुल बारिक, रबनवाज, आबदा तबस्सुम, सिबतैन रिजवी, शबीना नाज, तरन्नूम परवीन, निकहत बानो, आसमा खातून, उजमा निशात, जरीना खातून मुख्यरूप से शामिल थे।

## इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज को देश में मिला दूसरा स्थान

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज ने सेकंड वी एस मल्लार मेमोरियल लीगल एड कंपटीशन में पूरे भारत में द्वितीय स्थान हासिल किया है। यह प्रतियोगिता नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी बैंगलोर व सेंटर फॉर एनवायरमेंटल लॉ एजुकेशन रिसर्च एंड एडवोकेसी के द्वारा तथा डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस, मिनिस्ट्री ऑफ लॉ एंड जस्टिस, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के सहयोग से आयोजित किया गया था। पूरे भारत से पचास से अधिक लॉ यूनिवर्सिटीस ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। संस्थान के निदेशक डा. सचिदानंद मिश्रा ने संस्थान के लीगल एड टीम को बधाई दी और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।

## 24 दिसंबर को रांची में होगा साशा ब्राह्मण महासभा का महासम्मेलन

**रांची।** सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा झारखंड की बिमला हरिहर शिक्षण संस्थान चकला-रांची में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. हरिहर प्रसाद पांडे ने किया। बैठक में महासभा के चुनाव प्रभारी रामशंकर मिश्र विशेष रूप से उपस्थित थे। इसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया की महासभा का महासम्मेलन सह चुनाव का आयोजन आगामी 24 दिसंबर को बिमला हरिहर शिक्षण संस्थान, चकला (रांची) में होगा। इसमें अधिकांश लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पांच सदस्य अभियान समिति के सदस्य विभिन्न जिलों एवं प्रखंड का दौरा करेंगे। यह अभियान एक-दो दिन में प्रारंभ हो जाएगा। इस बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि झारखण्ड के प्रत्येक जिले से संयोजक नियुक्त किये जायेंगे। इसे लेकर तैयारी समिति बनाई गयी। समिति में महासम्मेलन सह चुनाव के सह-अध्यक्ष डॉ. हरिहर प्रसाद पांडे एवं सह संयोजक रामशंकर मिश्र होंगे। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी के लिए ब्रज बिहारी पांडे 9334725444, गोपाल पाठक 8210816322 एवं डॉ एसएस मिश्र 94315 61424 से संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

# आनंद मार्ग विधि से दो अंतरजातीय विवाह संपंन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ एक विप्लवी सामाजिक आध्यात्मिक संगठन है। जातिवाद, दहेज प्रथा ,पुरोहितवाद और भाव जड़ता को दूर करने के लिए आनंद मार्ग के त्याग व्रती सन्यासियों के द्वारा दो नव दंपति का विवाह आनंद मार्ग के समाजशास्त्र चर्याचर्य के द्वारा आनंद मार्ग जागृति में संपन्न हुआ। प्रथम दंपति वधु रंजीत बेक जो सुलेमान बेक के तृतीय सुपुत्री चटकपुर, महुआ डांड़, झारखंड की रहने वाली है। वर धनंजय बर्मन जो नालानी बर्मन रंगापुकुर, रायपुर ,रायगंज उत्तर दिनाजपुर वेस्ट बंगाल के रहने वाले हैं। दूसरा दंपति वधु सारिका कुमारी पिता स्व विक्रम गोप काठीटाड, रातु की रहने वाली है। वर सुजीत कुमार राय पिता स्व चंद्र मोहन सिंह रामनगर, फकीराना, दरभंगा बिहार के रहने वाले हैं। वर पक्ष से आचार्य संपूणार्नंद अवधूत ने विवाह का कार्यक्रम संपन्न कराया। वधू पक्ष से अवधूतिका आनंद सर्वज्ञा आचार्य ने महिला पौरोहित्य की भूमिका का निर्वाह किया। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में आनंद मार्ग के साधक साधिका गण उपस्थित थे। महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर करुणा शाहदेव, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आनंद, सर्जन डॉ अंशुमान, धनंजय बाबा अस्पताल के अधिकांश स्टाफ, जनरल भुक्ति प्रधान पंचू, विनोद, विजय, महादेव, काशी एवं समिति के सभी सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाया। इस अवसर पर सीरिया में कार्यरत दादा आत्मन दिनी आचार्या, अवधूतिका आनंद पियूषा आचार्या, आचार्य अभिशानंद अवधूत, आचार्य देवतोषानंद अवधूत, आचार्य संज्ञानानंद अवधूत, आचार्य नवरुणानंद अवधूत, आचार्य हरिकृपानंद अवधूत, आचार्य सत्यमित्र ब्रशचारी, आचार्य सत्याश्रयानन्द अवधूत, दादा गतिमय सहित सैकड़ों साधक उपस्थित थे।

## बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर गांजे के साथ एक यात्री को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर एक यात्री को सीआईएसएफ के जवानों ने गांजा के साथ गिरफ्तार किया है.। चेकिंग के दौरान यात्री के बैग से गांजा बरामद किया गया था जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार यात्री का नाम अमल जैन है और वह हरियाणा का रहने वाला है।

**गांजा का सेवन करता है अमल जैन :** कहा जा रहा है कि अमल जैन हमेशा गांजे का सेवन करता है और उसने अपने इस्तेमाल के लिए ही अपने बैग में गांजा रखा था, लेकिन एयरपोर्ट पर जांच में पकड़ा गया। नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साउकोट्रॉपिक एक्ट 1985 के तहत उन मामलों में कार्रवाई की जाती है जो ड्रग्स से जुड़े होते हैं। इसमें नशिले पदार्थों पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस कानून के तहत किसी भी मादक पदार्थ का निर्माण, उत्पादन, खेती, खरीद, भंडारण, परिवहन या उपभोग पर प्रतिबंध है। इस कानून के तहत गांजे रखने पर सजा इस बात पर तय होती है कि उसकी मात्रा कितनी है। अगर यह ज्यादा मात्रा में या फिर कमर्शियल होती है तो इसके लिए ज्यादा सजा होती है। इसमें 10 साल की कठोर सजा और एक लाख रुपए का जुमार्ना हो सकता है। हालांकि अगर गांजा की मात्रा कम हो तो सजा भी कम होती है। गांजा की एक किलोग्राम की मात्रा को कम माना जाता है। जबकि कमर्शियल मामले में एक किलो से ज्यादा होता है। कम मात्रा में गांजा पकड़े जाने पर एक साल तक कठोर कारावास या 10 हजार रुपए जुमार्ना या फिर दोनों हो सकता है।

**9.40 की फ्लाइट से जाने वाला था :** रांची एयरपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार अमल जैन नाम के व्यक्ति को 30 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया है। हरियाणा का रहने वाला अमल जैन रांची से हैदराबाद की फ्लाइट पकड़ने के लिए रांची एयरपोर्ट पहुंचा था। चेकिंग के दौरान सीआईएसएफ के जवानों के द्वारा उसे गांजे के साथ पकड़ा गया है। हिरासत में लेने के बाद आवश्यक पड़ताल कर यात्री को रांची पुलिस के हवाले कर दिया गया।

स्पीड न्यूज

## सिल्ली : युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**सिल्ली।** सिल्ली रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर-2 के समीप सिल्ली के युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक रविवार लगभग दोपहर 2.30 बजे रांची से मुरी की ओर आ रही आसनसोल मेमू पैसेंजर की चपेट में आने से लगभग 30 वर्षीय युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि उक्त युवक सिल्ली काड़ाकाटा निवासी विदेशी कोईरी है। पिछले कई महीनों से उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। शव को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है।

## इटकी : कुआं में गिरने से अधेड़ की मौत



**इटकी।** इटकी थाना क्षेत्र के कुंदी बागधारा पतरा में शनिवार की शाम कुआं में गिरने से भाजपा कार्यकर्ता मनीष कुमार गोप (50 वर्ष) की मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक मृतक अपने घर के समीप ट्रैक्टर से हो रहे धान मिसाई को पास के ही सरकारी कुआं के मेढ़ पर बैठ कर देख रहा था। इसी क्रम में वह कुआं में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गयी। घर वाले जब पानी भरने कुआं पर गये तो वहां मनीष को गिरा हुआ देखा। हो-हल्ला सुन कर लोगों ने उसे कुआं से निकाल कर चिकित्सक के पास ले गये, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम लिये रिम्स भेज दिया।

## पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास

**बुढ़मू।** रविवार को राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य साहू ने अपने मद से बनगांव में पीसीसी पथ निर्माण सोसई में शमशान घाट एवं राय में विद्यालय भवन का शिलान्यास किया गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष जगलाल महतो महत्व के नेतृत्व में विधायक कांके समरीलाल के साथ में अनिल टाइगर रामप्रवेश लक्ष्मण महतो मनोज गुप्ता शामिल थे।

## मांडर में धूमधाम से मना ख्रीस्त राजा पर्व

**मांडर।** खीस्त राजा पर्व रविवार को प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मांडर पारिश से आकर्षक झांकियों व खीस्त राजा की जयकार के साथ शोभायात्रा निकाली गयी, जो एनएच 75 से होते हुए मरिया टोली के रुगड़ी मुंडन तक गयी। यहां खीस्त राजा पर्व का विशेष मिस्सा अनुष्ठान पल्ली पुरोहित फादर प्रसन्न तिर्की ने संपन्न कराया। इस दौरान अपने संदेश में फादर जोन शैलेन्द्र टोप्पो ने कहा कि राजा खीस्त सांसारिक राजाओं से अलग प्रेम शांति व न्याय के राजा हैं। मौके पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, फादर फादर नीलम संदीप तिड़ू, फादर एडविन मिंज, फादर बेंजामिन बाड़ा, फादर दानियल डूंगडूंग, फादर विनय खलखो, काथलिक सभा के पित्तरूस खलखो सहित बड़ी संख्या में मसीही समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## जेबीकेएसएस समिति की बैठक कल

**खलारी।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति का बैठक निर्मल महतो चौक बंबई होटल पुरनी राय के कार्यालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता रतिया गंझु व संचालन प्रमोद दीपक महतो ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 28 नवंबर को कमिटी विस्तार किया जायेगा।

### शिक्षण संस्थान और सरकारी कार्यालयों के कर्मियों को दिलायी संविधान की शपथ

# लोगों की अपेक्षाओं का प्रतिबिंब है संविधान

## नर्सिंग के विद्यार्थियों ने जाना भारतीय संविधान का महत्व

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम का उद्घाटन करते निदेशक जैनेंद्र तथागत।

**ओरमांझी।** संविधान दिवस के अवसर पर रविवार को जैनेंद्र नर्सिंग कॉलेज ओरमांझी में एक कार्यक्रम आयोजित कर नर्सिंग की छात्र-छात्राओं को भारतीय संविधान का महत्व बताया गया। कॉलेज के निदेशक जैनेंद्र कुमार तत्थागत ने डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने डॉ अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला और कहा कि संविधान के माध्यम से ही राष्ट्र व नागरिकों के समक्ष आने वाली चुनौतियों का समाधान किया जाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान भारत के प्रत्येक नागरिक की आशा और अपेक्षाओं का प्रतिबिंब है। संविधान के निर्माताओं ने अपनी बुद्धिमता व दूरदर्शिता से इसे इतना लचिला व कारगर बनाया कि देश के प्रत्येक नागरिक को उचित अधिकार व सम्मान मिल सके। जिसके कारण भारत की जनता व प्रतिनिधियों में संविधान की स्वीकार्यता व प्रसांगिकता बढ़ी है। कार्यक्रम में प्राचार्य सुतर्षा भट्टाचार्य, आंजच मिंज, आसमुरी कुमारी, खुशबू कुमारी, चंचल कुमारी, रेणुका लकड़ा, राजनंदनी कुमारी, सुषमा कुमारी, तनु कुमारी, सलोनी कुमारी, कविता कुमारी, नितिश कुमार सिंह, शन्नी कुमार सिंह सहित शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## राहे प्रखंड में मनाया गया संविधान दिवस

**सोनाहातु/राहे।** प्रखंड कार्यालय की सभागार में बीडीओ खगेश कुमार के नेतृत्व में प्रखंडकर्मियों और आंचलकर्मियों ने संविधान दिवस मनाया। इस अवसर पर बीडीओ खगेश कुमार ने कहा कि हमारा संविधान 26 नवंबर 1950 को लागू हुआ था। भले ही संविधान 26 नवंबर 1949 तक तैयार कर लिया गया था, लेकिन इसे लागू करने से पहले 2 महीने तक हर बारीकी पर नजर रखी गई थी। इसे तैयार होने पर 2 साल 11 महीने 18 दिन का वक्त लगा था। संविधान दिवस के अवसर पर बाबा साहब को सादर नमन करता हूं। देश की अखंडता एवं विविधताओं को सहयोग कर रखने वाले संविधान पर हमें गर्व है।

## बेड़ो बीडीओ-सीओ ने आम लोगों को दिलायी संविधान की शपथ

**बेड़ो।** अपने देश के गौरवमयी 26 नवंबर पर सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए बेड़ो प्रखंड के सीओ सह बीडीओ प्रताप मिंज ने कहा कि विश्व के वृहतम संविधान को हार्दिक नमन करते हैं। साथ ही अनंतकाल तक के लिए भारतीय संविधान की सबलता की कामना करता हूं। जहां उन्होंने परिसर में संविधान दिवस पर उपस्थित नागरिकों को संविधान प्रस्तावना का शपथ दिलाया। वहीं शपथ के बाद उन्होंने 26 नवंबर गौरवमयी संविधान दिवस की बधाई दी। साथ ही भारतीय संविधान के प्रति आस्था जताते बधाई दिया।

## खलारी युवा कांग्रेस ने डॉ आंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**खलारी।** संविधान दिवस के उपलक्ष्य में खलारी प्रखंड युवा कांग्रेस की एक बैठक नेहरू क्लब केडी में किया गया। बैठक की अध्यक्षता धीरज कुमार बहादुर ने किया। बैठक में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार रवि प्रदेश महासचिव रमण सिंह बंटी एवं विधानसभा अध्यक्ष खालीद सैफुल्लाह उपस्थित थे। बैठक में युवा कांग्रेस कमेटी विस्तार पर चर्चा किया गया। इससे पूर्व भारत के संविधान निमार्ता डॉ मीमराव अंबेडकरश के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। बैठक में इंदिरा देवी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष साबीर अंसारी मंडल अध्यक्ष रमेश चौहान विक्की सिंह नसीम अंसारी मोनू सिंह प्रिंस सिंह मौजूद थे।

# देवोत्थान जतरा में ढोल-नगाड़े की थाप पर झूमे लोग

● भगवान विष्णु के योग निंद्रा से जागने पर झूमर नृत्य कर मनाया उत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता



ढोल-नगाड़ा बजा कर देवोत्थान जतरा में उत्सव मनाते लोग।

**ओरमांझी।** भगवान विष्णु के चार माह बाद योग निद्रा से जागने व मांगलिक कार्य की शुरू होने से उत्सहित लोगों ने ऐतिहासिक देवोत्थान जतरा में ढोल-नगाड़े की थाप पर झुमर नृत्य के उत्सव मनाया। देवोत्थान जतरा समिति सदमा ओरमांझी द्वारा रविवार को आयोजित जतराटांड़ में देवोत्थान जतरा में नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम पर क्षेत्र के युवा-युवतियों द्वारा भी झुमर नृत्य किया गया। आसपास गांव से काफी संख्या में काफी संख्या में लोग पहुंचे थ। लोगों जतरा में ईंख व मिठाई की खरीदारी कर रहे थे। वहीं बच्चे खिलौने के साथ झुले का लुफ्त उठा रहे थे। जतरा मैदान पहुंचे पूर्व सांसद ने देव उत्थान जतरा का ऐतिहासिक महत्व बताया और कहा कि आषाढ़ शुक्ल पक्ष की देवशयनी से श्रीहरि चार माह तक देवशयन काल में रहते हैं। इस दौरान सभी मांगलिक कार्य पर रोक रहती है। देवोत्थानी एकदशी में देव के जागने के बाद विवाह संस्कार जैस सभी मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं। वहीं पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने मेला समिति व उत्सव मना रहे लोगों को देवोत्थान की बधाई दी और कहा कि हमारे ऐतिहासिक परंपरा व संस्कृति को बचाने में मेला व जतरा संस्कृति काफी महत्वपूर्ण रहा है। इनके अलावा कार्यक्रम में उपस्थित जिप सदस्य कमिश्नर मुंडा, मुखिया सुनील उरांव, सीमा तिर्की, पंसस रश्मि तिर्की, पूर्व मुखिया रमेशचंद्र उरांव को अंगवस्त्र ओढ़ा कर स्वागत किया गया।

### कार्यक्रम में ये लोग हुए शामिल

मेला समिति के अध्यक्ष बलराम महतो, सचिव उपेंद्र महतो, काषाध्यक्ष सोहराई महतो, देवीलाल महतो, शंभूशरण महतो, राजनाथ उरांव, दीपक साहू, चैतू मुंडा, संजीव महतो, अर्जुन साहू, रूपेश प्रजापति, विकास मुंडा, जगेश्वर भोक्ता, इंदर सिंह, शहजनाथ प्रजापति, अगमलाल महतो, कलेश्वर महतो, राजेंद्र महतो, सिकंदर प्रजापति, अरूण करमाली आदि उपस्थित थे।

# गांव को मजबूती प्रदान करना पार्टी का लक्ष्य

खबर मन्त्र संवाददाता



**अनगड़ा।** प्रखंड के चमघटी राजाडेरा में आजसू पार्टी रांची जिला कार्यसमिति की समीक्षा बैठक जिला अध्यक्ष संजय महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत संविधान दिवस के रूप में हुई। केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने रांची जिला कार्यसमिति को संबोधित करते हुए कहा की आजसू पार्टी को हर गांव तक मजबूती से पहुंचना ही पार्टी का प्रमुख लक्ष्य है। पार्टी पदाधिकारी जिम्मेदारी से अपनी भूमिका निभाएं। कहा कि संगठन में सबों की अपनी अपनी जिम्मेवारी है, उसके प्रति वे जवाबदेह बने। राज्य की जिम्मेवारी लेने के लिए आजसू पार्टी मजबूती से खड़ी है। उसमें आप सबों का नेतृत्व बेहद खास है। प्रदेश को सजाने संवारने की जिम्मेवारी हमारी है और इसके लिए हम संकल्पित है। कार्यक्रम में 26/11 के शहीदों की याद में एक मिनट का मौन रख शहीद हुवे लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का समापन पारसनाथ उरांव ने किया। जिला कार्यसमिति की अगली बैठक तीन दिसंबर को नामकुम प्रखंड में होगी।

# दिघिया चर्च से ख्रीस्त राजा पर्व पर निकली शोभायात्रा

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के दिघिया गांव स्थित रोमन कैथोलिक चर्च परिसर से रविवार को मसीहियों ने खीस्त राजा पर्व के अवसर पर शोभायात्रा यात्रा व झांकी निकाली। खीस्त राजा शोभायात्रा में बतौर मुख्य अनुष्ठानकर्ता फादर भिमसेंट मिंज थे। वहीं फादर अजय मिंज अपने प्रवचन में कहा कि राज राजेश्वर हमारा यीशु शांति प्रिय न्यायकर्ता है। खीस्त राजा राजाओं का राजा है। इसका राज्य कभी समाप्त नहीं होगा। हम लोग ईश्वर की चुनी हुई प्रजा है। मसीह की ज्योति से पूरा विश्व दिव्यमान व प्रकाशमय है। हमें अन्याय और शोषण के विरुद्ध प्रेमए शांति व भाईचारा का बीज बोना चाहिए। इधर शोभायात्रा में पारम्परिक वेशभूषाए ढ़ोलए ढाकए नगाड़ेए गाजे बाजेए झंडा व बैनर के साथ 180 युनिट के मसीहियों ने झांकी निकाली। मौके पर फादर पीयुष मिंज फादर रोर्बट मिंज पल्ली के अध्यक्ष देवनीश तिग्गा माता प्रबला केरकेट्टा सिस्टर दिव्या सिस्टर किरण सिस्टर निलिमा दिलीप कुजुर रवि फ्रांसिस मिंज निकोलस प्रकाश मिंज सुबल टोप्पो कमला अंजला समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

# रौनियार वैश्य समाज के विवाह प्रस्ताव समारोह को लेकर बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**बुढ़मू।** रविवार को बुढ़मू में रौनियार वैश्य समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण गुप्ता शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में व्याप्त दहेज के लेनदेन को पूरी तरह से समाप्त करना है और 24 दिसंबर को मोरहाबादी रांची में विवाह प्रस्ताव समारोह का आयोजन किया जाएगा। विवाह प्रस्ताव समारोह में समाज के लोग जुटेंगे। समारोह में एक-दूसरे से मिलकर विवाह प्रस्ताव रखा जाएगा और जितने भी जोड़े विवाह के लिए तैयार होंगे समाज के माध्यम से सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन करके विवाह कराया जाए। साथ ही कहा कि ओवरब्रिज के पास सामूहिक विवाह स्थल बनाया जा रहा है, जहां प्रत्येक वर्ष सामूहिक विवाह समारोह के साथ-साथ पढ़ाई करने वालो बच्चों को निःशुल्क रहने की व्यवस्था की जाएगी। बैठक में सामाजिक मामलों का समाधान किया गया। प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बैठक का संचालन लक्ष्मी गुप्ता ने कियाण मौके पर अजय गुप्ता, जयराम गुप्ता, अर्जुन गुप्ता, शंकर प्रसाद गुप्ता, अमित कुमार गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

# शिक्षा पर जोर दें मलार समाज के लोग

मैक्लुस्कीगंज में मलार समाज के उत्थान को लेकर विचार मंथन

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** मलार समाज का उत्थान व अपनी मांग को लेकर झारखण्ड प्रान्त का एक बैठक मैक्लुस्कीगंज के मलार टोला में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बिनुआ मलार व संचालन जिला सचिव जीतराम मलार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से फुलसाय मलार संतेश्वर मलार सुलेन्द्र मलार सुलेटर मलार दिनेश मलार दिशु मलार मुकेश कुमार मलार गंगा मलार शिवधारी मलार उपस्थित रहे। बैठक में झारखंड प्रान्त के धनबाद चतरा रांची गुमला सिमडेगा लातेहार रामगढ़ गढ़वा लोहरदगा पलामू सहित अन्य जिलों से मलार समाज के प्रबुद्ध लोगो का जुटान हुआ। मलार समाज के बैठक में लपरा मुखिया पुतुल देवी भी मौजूद रही। बैठक में समाज के प्रबुद्धजनों ने समाज के उत्थान शिक्षा स्वास्थ्य समाज एकजुटता का नारा दिया गया। इस दौरान वक्ताओ ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि मलार समाज को कारिगरों के लिस्ट में डालकर आरक्षण के लाभ से वंचित कर दिया गया है। मौके पर संजय मलार जयप्रकाश मलार रूपेश मलार अमृत मलार बीरेंद्र मलार सिमा देवी बबिता देवी मुनिया देवी रीवा देवी प्रमिला देवी पिंकी देवी रोशनी देवी तारा देवी अनिता देवी शामिल हुए।


# अलौकिक प्रतिभा के धनी थे कार्तिक उरांव

जयंती पर विशेष

शेख मुजिबुल

**रातू।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के संस्थापक अध्यक्ष स्व कार्तिक उरांव अलौकिक प्रतिभा के धनी थे। उनका जन्म 29 अक्टूबर 1924 को गुमला जिले के लिटाटोली में हुआ था। जौरा उरांव उनके पिता व माता का नाम बिरसी उरांव था। प्रारंभिक शिक्षा जामटोली के प्राईमरी स्कूल में हुई। 1942 में एसएस हाई स्कूल से मैट्रिक की परीक्षा पास कर पटना साइंस कॉलेज से आईएससी की। 1944 में पटना इंजीनियरिंग कॉलेज में नामांकन कराया और 1950 में बीएससी की डिग्री ली। 1950 में बिहार सरकार के सिंचाई विभाग में सहायक अभियंता बने। गुमला ईचा के तेजू भगत की पुत्री सुमति उरांव से उनकी शादी हुई। 1952 में वह लंदन गये। ग्लॉसको इंजीनियरिंग कॉलेज से एआरसीएसटी की। 1954 में लंदन आ गये। 1956 में उन्हें एमएससी व 1958 में एएमआई स्ट्रक्चरल की उपाधि मिली।

## विदेशों में दी थी अपनी सेवा



ब्रिटिश सरकार के अधीन सिविल इंजीनियर के पद पर रह उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े एटोमिक पावर स्टेशन का प्रारूप तैयार किया, जो हिंकल पाइंट में है। लंदन के केंद्रीय अनुसंधान केंद्र में दस वर्षों तक बतौर डिजाइनर सेवा दी। तत्कालीन पीएम जवाहर लाल नेहरू को भारतीय आदिवासी युवा अभियंता के बारे में जब पता चला तो उन्हें दूतावास बुला स्वदेश लौटने का न्योता दिया। 1961 में वह भारत आये। एचईसी में सुप्रिटेंडिंग इंजीनियर कंस्ट्रक्शन एवं डिजाइनर के पद पर नियुक्त हुये। वह 1967 तक यहां चीफ डिजाइन इंजीनियर रहे।

## परिषद का किया गठन

आदिवासियों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से 1968 में परिषद का गठन किया। इसके बाद सक्रिय राजनीति में आये। लोहरदगा के सांसद भी रहे। केंद्र में नागरिक उड्डयन व दूर संचार मंत्री समेत कई पदों को 1980 तक सुशोभित कर लोगों की दिलों में जगह बनायी। परिषद की ओर से हर साल कार्तिक पूर्णिमा को उनकी जयंती मनायी जाती है।

## कार्तिक उरांव जयंती आज, तैयारी पूरी

**रातू।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के संस्थापक अध्यक्ष स्व कार्तिक उरांव की 99वीं जयंती सोमवार को मनायी जायेगी। बाल विकास विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह का उद्घाटन और ट्राईबल इंडिया पत्रिका का लोकार्पण केंद्रीय मंत्री फगन सिंह कुलस्ते करेंगे। वहीं छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री गणेशराम भगत, राज्य सभा सांसद समीर उरांव, सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह व नवीन जायसवाल विशिष्ट अतिथि हैं। समारोह की अध्यक्षता विकास भारतीए विशुनपुर के सचिव पद्म श्री डॉ अशोक भगत करेंगे। यह जानकारी परिषद के राष्ट्रीय महासचिव डॉ लक्ष्मण उरांव ने दी।

## हाई स्कूल मैदान में लगेगा जतरा

कुंबाटोली में 21 पड़हा जतरा संचालन समिति की ओर से भी स्व उरांव की जयंती मनायी जायेगी। हाई स्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में विशुनपुर विधायक चमरा लिंडा मुख्य अतिथि होंगे। यहां जतरा का आयोजन किया जायेगा। इसमें दर्जनों खोड़हा टीमें पारंपरिक वेश-भूषा में शामिल होकर गीत-नृत्य प्रस्तुत करेंगी। आयोजन समिति की ओर से उन्हें पुरस्कृत किया जायेगा। ज्ञात हो कि कार्तिक उरांव की जयंती के मौके पर राज्य सहित बाहर से भी लोग यहां पहुंचते हैं और कार्तिक उरांव को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

# चान्हो : पिता ने चार वर्षीय बेटी से किया दुष्कर्म, जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** पिता द्वारा अपनी सगी चार साल की बच्ची के साथ मुंह काला करने का मामला सामने आया है। आरोपी पिता को सूचना मिलते ही चान्हो पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जाता है कि सैंतीस वर्षीय आरोपी का ससुराल उसके घर के कुछ ही दूर में स्थित है। उसकी पत्नी शनिवार की शाम अपने तीन बच्चों को लेकर मायके गई थी और सबसे छोटी चार वर्षीया बच्ची को उसने घर में ही छोड़ दिया था। मायके वालों से मिलने के बाद जब वह घर पहुंची तो अपनी बेटी की हालत देख उसे घटना का पता चला। उसने अपने मोबाइल द्वारा घटना की जानकारी 112 नंबर पर दी। उनलोगों से घटना की सूचना मिलते ही चान्हो पुलिस तत्काल गांव पहुंची और आरोपी युवक को कब्जे में ले लिया। आरोपी पिता को पोक्सो एक्ट के तहत पुलिस ने जेल भेज दिया है। वहीं दूसरी ओर पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए परिजनों के साथ रिम्स भेज दिया है।

एक नजर में

## ओरमांझी में खुला फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र



**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के बसुआ पतरा ओरमांझी में रविवार को फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र खोला गया। केंद्र का उद्घाटन सीओ नितिन षिवम गुप्ता ने किया और गांव के युवाओं को फुटबॉल प्रदान कर कहा झारखंड के ग्रामीण क्षेत्र में भी खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। सुविधा मिले तो गांव के युवाओं भी राज्य व देश का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने खेल को युवाओं के लिए महत्वपूर्ण बताया और कहा शारीरिक व मानसिक विकास के लिए भी खेलना जरूरी है। खेल युवाओं को संघर्षशील बनाने के साथ जीवन में संगठित रहने व समस्याओं से निपटने की क्षमता भी बढ़ाती है। उन्होंने युवाओं को जीवन के विपरित परिस्थिति से भागने नहीं, सामना करने को कहा। वहीं एकता मंच के अध्यक्ष मोतीलाल महतो ने सभी युवाओं को फुटबॉल प्रदान किया और कहा प्रशिक्षण केंद्र गांव के युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करेगी। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणा के साथ फुटबॉल खेलने वाले युवा उपस्थित थे।

## भाजपा खिजरी मंडल अध्यक्ष ने 100 लोगों के बीच किया कंबल-साड़ी का वितरण



**अनगड़ा।** लगातार बढ़ रही ठंड को देखते हुए भाजपा खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा ने अनगड़ा प्रखंड के लुपुंग पितरोल महली टोला लुपुंग ढीपा में 100 लोगों के बीच कंबल एव साड़ी का वितरण किया। मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा ने बताया कि राज्य सरकार के द्वारा चलाए जा रहे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान चयनित लाभूको को ही कंबल वितरण किया गया जिससे कई जरुरतमंदों को कंबल नहीं मिला। ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए मंडल अध्यक्ष के सहयोग से कंबल वितरण कराने की अपील की। कंबल एवं साड़ी प्राप्त करने वालों में ज्यादातर बुजुर्ग एवं विकलांग ग्रामीण शामिल थे। मौके पर रवि सागर चंचल करमाली पंचायत समिति सदस्य कुंती कुमारी उपमुखिया शर्मिला कुमारी रंजीत महतो रमेश महतो संदीप मंडल आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेस नेता मदन मोहतो लड़ेंगे लोस चुनाव



**कांके।** रांची लोकसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता कांके कदमा गांव निवासी कुमार महतो ने कांके में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में टिकट देती है तो वे चुनाव लड़ेंगे। इसके लिए वे पिछले कई वर्ष से संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से क्षेत्र में दौरा कर रहे हैं। महागठबंधन सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचे इसके लिए भी वह प्रयासरत हैं। इसके तहत में सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के राहेए सिल्ली सोनाहातु का दौरा कर चुके हैं। वहीं अनगड़ा, ओरमांझी, नामकुम, कांके रातू, पिस्कानगड़ी, हटिया क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं।

## झापा ने की अवैध बालू उत्खनन पर रोक की मांग



**खलारी।** जल, जंगल, जमीन की पार्टी झारखंड पार्टी के अनुसूचित जाति के केंद्रीय महासचिव अनिल कुमार पासवान खलारी प्रखंड के पदाधिकारी और कार्यकर्ता के द्वारा खलारी थाना प्रभारी फरीद आलम को संविधान दिवस पर संविधान की पुस्तितिका दे कर संविधान दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दिया गया। इसके साथ खलारी थाना क्षेत्र के नदियों से दिनदहाड़े बेखौफ होकर चुरी नदी सफही नदी दामोदर नदी से अवैध रूप से प्रतिदिन 50 से 60 ट्रैक्टर से अवैध रूप से बालू ढोया जा रहा है। जिस तरह से नदी से नदी को चीर कर बालू का अवैध रूप से उत्खनन किया जा रहा है। गर्मी पहुंचेगा भी नहीं पानी कि किल्लत क्षेत्र में दिखना चालू हो जाएगा। खलारी प्रसासन से झारखंड पार्टी ने जल्द कार्रवाई करने की मांग की। मौके पर महिला खलारी प्रखंड अध्यक्ष नगीना देवी उपाध्यक्ष रीना देवी सचिव सुनील कुमार दीपक चौहान निकेत वर्मा चंदन पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

## मृतक के परिजन को सन्नी टोप्पो ने की मदद



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के चटकपुर महुंगांव में रविवार को भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो के प्रतिनिधि महादेव कुजूर रंजन गुप्ता नंद गोप चंद्र किशोर उरांव व कुंदन सिंह ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर बबलू गोप के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया। साथ ही स्वजनों को ढांढस बंधाया और साथ ही खाद्य सामग्री सहयोग किया। बबलू गोप का 16 नवंबर को रिम्स ले जाने के दौरान निधन हो गया था।

# कोयला का अंत?

**कि**सी तय तारीख का जिक्र तो नहीं किया जा सकता है लेकिन एक दिन ऐसा आएगा जब देश में न केवल कोयला खनन बल्कि कच्चे तेल का अधिकांश उत्पादन और प्रसंस्करण भी बंद हो जायेंगे। इसके अलावा नवीकरणीय ऊर्जा तथा उसकी भंडारण क्षमताओं में भी जमकर इजाफा होगा। 30 नवंबर को दुनिया के देश पर्यावरण विषय पर बैठक कर रहें हैं। दुनिया में अनेक ऐसे लोग और संस्थान हैं जो इस बदलाव से प्रभावित होने जा रहे हैं। ऐसे तकनीकी बदलाव नए नहीं हैं। समय के आरंभ से ही ऐसा होता आ रहा है। हर दशक में हमने उत्पादन में बड़े ढांचागत बदलाव देखे और हर अवसर पर कुछ लोग लाभान्वित हुए तो कुछ को नुकसान हुआ। जब स्वेज नहर बन रही थी और बंदरगाहों का यातायात कलकत्ता से बंबई स्थानांतरित हो गया था। मशीनीकरण, स्वचालन तथा उपभोक्ताओं की पसंद में बदलाव आदि ने बार-बार ऐसे हजारों उद्योगों को बनाया और बिगाड़ा है जिनसे लाखों लोग जुड़े हुए थे। युद्ध के दौरान होने वाले उत्पादन ने 100 गुना तक वृद्धि हासिल की और फिर वे विलुप्त हो गए। एक सफल देश के लिए जरूरी बात यह है कि वह बदलाव की राह रोकने और उसे लेकर शिकायत करने के बजाय बड़े रुझानों के बारे में पहले से अनुमान लगाए और समुचित प्रतिक्रिया दे। आशावादी नवीकरणीय ऊर्जा पर दांव लगा रहे हैं और ऐसे भी लोग होंगे जो कोल इंडिया के शेयर खरीद रहे हैं। भारत के कार्बनीकरण से मुक्ति की धीमी या तेज गति के अनुसार ही इनका मुनाफा या हानि पैदा होगी। तकनीकी बदलावों के दौरान ऐसा होता ही है। याद करें जब देश में दो करोड़ टेलिफोन बूथ थे जो मोबाइल की उपलब्धता के बाद समाप्त हो गये। इसी प्रकार आने वाले समय में बदलाव होगें ये तेज होंगे या धीरे यह अभी अधर में है।

# सुरंग में फंसी जिंदगी


**ब**हरहाल, केंद्र व राज्य सरकार समेत तमाम बचाव कार्य से जुड़े संगठन धंसी सुरंग में फंसे लोगों को बचाने में जुटे हैं। लेकिन फिर भी सुरंग निर्माण कार्य में वह वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराने में चूक जरूर हुई है, जो ऐसी स्थिति में श्रमिकों के बचाव में सहायक हो सकती है। साथ ही पहाड़ की संवेदनशीलता का भी ध्यान रखना जरूरी था। खासकर जोशीमठ में शहर धंसने व लगातार बढ़ी भूस्खलन की घटनाओं के मद्देनजर अतिरिक्त सावधानी जरूरी थी। लंबे समय से हिमालयी रीजन में संवेदनशील इलाकों में संरचनात्मक विकास से जुड़े हादसों को ध्यान रखते हुए विकास नीति पर नये सिरे से विचार करने की जरूरत महसूस की गई है। निस्संदेह, सिल्क्यारा सुरंग बहुचर्चित चारधाम हाईवे प्रोजेक्ट का एक भाग है, जिसको लेकर विगत में भी सवाल उठे थे। यह मामला कालांतर में शीर्ष अदालत तक भी पहुंचा था और इसे क्षेत्र के पारिस्थितिकीय संतुलन के लिये घातक बताया गया था। जिस बाबत सरकार ने कोर्ट में दलील दी थी कि परियोजना देश की सुरक्षा के लिये अपरिहार्य है। कोर्ट ने इस आधार पर प्रोजेक्ट को मंजूरी भी दी थी। निस्संदेह, चीन की तरफ से लगातार मिल रही चुनौती के मद्देनजर हर मौसम में काम करने वाली चौड़ी सड़क की जरूरत है ताकि जल्दी से सेना की कुमुक सीमांत इलाकों में पहुंचाई जा सके। फिलहाल, देश की प्राथमिकता फंसे श्रमिकों को बचाने की है। लेकिन कालांतर इस पहलू पर भी विचार किया जाना चाहिए कि सुरंग धंसने की वजह क्या है। जाहिर है सुरंग बनने से पहले पहाड़ी इलाके में वैज्ञानिक तरीके से भौगोलिक अध्ययन हुए होंगे। पता लगाया जाना चाहिए कि बड़े प्रोजेक्टों के साथ जमीन धंसने की घटनाएं क्यों बढ़ रही हैं।

# नानक नाम जहाज है, चढ़े सो उतरे पार...



**प्रतिवर्ष** कार्तिक मास की पूर्णिमा को गुरु नानक जयंती मनाई जाती है और इस वर्ष 27 नवंबर को यह पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाने की तैयारी है। सिखों के प्रथम गुरु गुरु नानक जयंती को प्रकाश पर्व भी कहा जाता है। इस बार गुरु नानक का 554वां प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। पाखण्डों के घोर विरोधी रहे गुरु नानक देव की यात्राओं का वास्तविक उद्देश्य लोगों को परमात्मा का ज्ञान कराना और बाह्य आडम्बरों से दूर रखना था। गुरु नानक जयंती के अवसर पर उनके जीवन, आदर्शों तथा उनकी दी हुई शिक्षाओं का स्मरण किया जाता है। इस दिन धर्म गुरु और समाज के सम्माननीय लोग गुरु नानक की शिक्षाओं और संदेशों को दोहराते हैं ताकि लोगों के बीच उनके पवित्र विचारों को फिर से ताजा किया जा सके।

2019 में प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में नेपाल ने सौ, एक हजार तथा ढाई हजार रुपये के तीन स्मारक सिक्कों का सेट जारी किया था। पाकिस्तान सरकार भी 50 रुपये का एक सिक्का जारी कर चुकी है। कोलकाता टकसाल द्वारा 550वें प्रकाशोत्सव पर 12 नवम्बर 2019 को 44 मिलीमीटर गोलाई वाला 35 ग्राम वजनी 550 रुपये का एक स्मारक सिक्का जारी किया था। सिक्के के एक ओर गुरुद्वारा श्री बेर साहिब का चित्र उकेरा गया और उसी ओर सिक्के पर देवनागरी व अंग्रेजी में श्री गुरु नानक देव जी का 550वां प्रकाश पर्व लिखा गया।



**-योगेश गोयल**

> पाखण्डों के घोर विरोधी रहे गुरु नानक देव की यात्राओं का वास्तविक उद्देश्य लोगों को परमात्मा का ज्ञान कराना और बाह्य आडम्बरों से दूर रखना था। गुरु नानक जयंती के अवसर पर उनके जीवन, आदर्शों तथा उनकी दी हुई शिक्षाओं का स्मरण किया जाता है। एक बार पिता ने कोई काम-धंधा शुरू करने के लिए उन्हें कुछ धन दिया लेकिन नानक ने सारा धन साधु-संतों और जरूरतमंदों में बांट दिया

गुरु नानक का विवाह 19 वर्ष की आयु में गुरदासपुर के मूलचंद खत्री की पुत्री सुलखनी के साथ हुआ था किन्तु धार्मिक प्रवृत्ति के नानक को गृहस्थाश्रम रास नहीं आया और वे सांसारिक मायाजाल से दूर रहने का प्रयास करने लगे। पिता ने उन्हें व्यवसाय में लगाना चाहा किन्तु व्यवसाय में भी उनका मन न लगा। एक बार पिता ने कोई काम-धंधा शुरू करने के लिए उन्हें कुछ धन दिया लेकिन नानक ने सारा धन साधु-संतों और जरूरतमंदों में बांट दिया और एक दिन घर का त्याग कर परमात्मा की खोज में निकल पड़े। पाखंड के घोर विरोधी रहे गुरु नानक की यात्राओं का वास्तविक उद्देश्य लोगों को परमात्मा का ज्ञान कराना किन्तु बाह्य आडम्बर से दूर रखना ही था। वे सदैव छोटे-बड़े का भेद मिटाने के लिए प्रयासरत रहे और उन्होंने निम्न कुल के समझे जाने वाले लोगों को सदैव उच्च स्थान दिलाने के लिए प्रयास किया। ह्यएक पिता एकस के हम बारिकह्न नामक उनका सिद्धांत समाज में ऊंच-नीच और अमीर-गरीब के भेद को मिटाता है।

इस प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरु नानक से जुड़ी कुछ ऐसी घटनाओं और किस्सों का उल्लेख करना अनिवार्य हो जाता है, जो उनकी महानता और चमत्कारिक शक्तियों को स्पष्ट परिलक्षित करती हैं। गुरु नानक एक बार हरिद्वार पहुंचे तो उन्होंने देखा कि बहुत से लोग गंगा में स्नान करते समय अपनी अंजुली में पानी भर-भरकर पूर्व दिशा की ओर उलट रहे हैं। उन्होंने विचार किया कि लोग किसी अंधविश्वास के कारण ऐसा कर रहे हैं। तब उन्होंने लोगों को वास्तविकता का बोध कराने के उद्देश्य से अपनी अंजुली में पानी भर-भरकर पश्चिम दिशा की ओर उलटना शुरू कर दिया।

जब लोगों ने काफी देर तक उन्हें इसी प्रकार पश्चिम दिशा की ओर पानी उलटते देखा तो उन्होंने पूछ ही लिया कि भाई तुम कौन हो और पश्चिम दिशा में जल देने का तुम्हारा क्या अभिप्राय है? नानक ने उन्हीं से पूछा कि पहले आप लोग बताएं कि आप पूर्व दिशा में पानी क्यों दे रहे हैं?लोगों ने कहा कि वे अपने पूर्वजों को जल अर्पित कर रहे हैं ताकि उनकी प्यासी आत्मा को तृप्ति मिल सके। इस पर नानक ने पूछा कि तुम्हारे पूर्वज हैं कहां? लोगों ने जवाब दिया कि वे परलोक में हैं लेकिन तुम पश्चिम दिशा में किसे पानी दे रहे हो? गुरु नानक बोले कि यहां से थोड़ी दूर मेरे खेत हैं। मैं यहां से अपने उन्हीं खेतों में पानी दे रहा हूं। लोग आश्चर्यचकित होकर पूछने लगे, ह्यह्यखेतों में पानी! पानी खेतों में कहां जा रहा है? यह तो वापस गंगा में ही जा रहा है और यहां पानी देने से आपके खेतों में पानी जा भी कैसे सकता है?

गुरु नानक ने उनसे पूछा कि यदि पानी नजदीक में ही मेरे खेतों तक नहीं पहुंच सकता तो इस प्रकार आप द्वारा दिया जा रहा जल इतनी दूर आपके पूर्वजों तक कैसे पहुंच सकता है? लोगों को अपनी गलती का अहसास हुआ और वे गुरु जी के चरणों में गिरकर प्रार्थना करने लगे कि उन्हें सही मार्ग दिखलाएं ताकि जिससे उन्हें परमात्मा की प्राप्ति हो सके। गुरुनानक सदैव मानवता के लिए जीए और जीवनपर्यन्त शोषितों व पीड़ितों के लिए संघर्षरत रहे। उनकी वाणी को लोगों ने परमात्मा की वाणी माना और इसीलिए उनकी यही वाणी उनके उपदेश एवं शिक्षाएं बन गई। ये उपदेश किसी व्यक्ति विशेष, समाज, सम्प्रदाय अथवा राष्ट्र के लिए ही नहीं बल्कि चराचर जगत एवं समस्त मानव जाति के लिए उपयोगी हैं।

गुरु नानक देव की यात्राओं का वास्तविक उद्देश्य लोगों को परमात्मा का ज्ञान कराना और बाह्य आडम्बरों से दूर रखना था। गुरु नानक जयंती के अवसर पर उनके जीवन, आदर्शों तथा उनकी दी हुई शिक्षाओं का स्मरण किया जाता है।

एक पिता एकस के हम बारिक नामक उनका सिद्धांत समाज में ऊंच-नीच और अमीर-गरीब के भेद को समाज से दूर करने का काम किया।पाखण्डों के घोर विरोधी रहे गुरु नानक देव की यात्राओं का वास्तविक उद्देश्य लोगों को परमात्मा का ज्ञान कराना और बाह्य आडम्बरों से दूर रखना था। गुरु नानक जयंती के अवसर पर उनके जीवन, आदर्शों तथा उनकी दी हुई शिक्षाओं का स्मरण किया जाता है।

पाखंड के घोर विरोधी रहे गुरु नानक की यात्राओं का वास्तविक उद्देश्य लोगों को परमात्मा का ज्ञान कराना किन्तु बाह्य आडम्बर से दूर रखना ही था। वे सदैव छोटे-बड़े का भेद मिटाने के लिए प्रयासरत रहे और उन्होंने निम्न कुल के समझे जाने वाले लोगों को सदैव उच्च स्थान दिलाने के लिए प्रयास किया।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

खास बात

## शब्दों के इस्तमाल में संयम आवश्यक

**नीरज कुमार दुबे**

इस बात में कुछ गलत नहीं है कि कोई राजनीतिज्ञ किसी अन्य राजनीतिज्ञ की नीति और विचारधारा से सहमत नहीं हो और उस आधार पर उसे नापसंद करे और उसका विरोध करे लेकिन देश के प्रधानमंत्री पद पर जो व्यक्ति बैठा है उसके खिलाफ अमर्यादित बातें कहना सर्वथा अनुचित है।

विपक्षी गठबंधन की ओर से कई नेता प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनने को आतुर तो दिख रहे हैं लेकिन इस पद की गरिमा और सम्मान का उन्हें जरा भी ख्याल नहीं है। प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपशब्द बोलने का ऐसा सिलसिला शुरू हुआ है जोकि दिन पर दिन लोकतंत्र को शर्मसार कर रहा है। देखा जाये तो प्रधानमंत्री को अपशब्द बोलने के अभियान का नेतृत्व कांग्रेस नेता राहुल गांधी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री बनने के लिए देश को जातिवाद की आग में झोंक देने को आतुर दिख रहे राहुल गांधी की नजर में पीएम का मतलब है पनौती मोदी। राजस्थान की एक चुनावी सभा में राहुल गांधी ने जब पीएम शब्द की अपने शब्दों में व्याख्या की तो सभी चौंक गये क्योंकि उनके परिवार से तीन लोग प्रधानमंत्री रह चुके हैं और उनकी माँ सोनिया गांधी भी प्रधानमंत्री बन गयी होतीं यदि उनके विदेशी मूल का मुद्दा ऐन वक्त पर आड़े नहीं आया होता। हम आपको यह भी बता दें कि यह वही राहुल गांधी हैं जिन्होंने डॉ. मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्वकाल के दौरान उनका विधेयक सरेआम फाड़ कर प्रधानमंत्री पद के प्रति अपने असम्मान का खुलेआम प्रकटीकरण किया था।

राहुल गांधी मोदी को पनौती कह रहे हैं तो उनकी पार्टी के रिमोट कंट्रोल से संचालित माने जाने वाले अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे प्रधानमंत्री के पिता को सार्वजनिक रूप से अपशब्द कह रहे हैं। प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी की दौड़ में कहीं राहुल और खरगे आगे ना निकल जायें इसके लिए विपक्षी गठबंधन इंडी के घटक दल भी सक्रिय हो गये हैं। पीएम मोदी के खिलाफ अमर्यादित बातें कहने के अभियान का असर आपको वहां पर साफ दिख जायेगा।

# मुनियों का भ्रम टूटा

विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**श्री राम** ने कहा- आपलोग निश्चिंत होकर मुझें बताये। ऋषि-मुनियों ने कहा- प्रभु ये हमारे ही भाई-बंधुओं की हड्डियां हैं। इस दंडकवन में रावण की सेना रहती है। उसकी चौदह हजार सेना घूमती रहती है। उसको रावण आदेश दे रखा है, कहीं जप,तप,योग, यज्ञ करता काई पकड़ा गया तो उसको मारकर खा जाओं । उसका रूधिर पी जाओ और हड्डियों को ढेर एक जगह इकट्ठा करो। इसलिए कि दूर से ही देखकर लोग भय में आ जाए और जप, तप योग इत्यादि न कर सके। रावण नहीं चाहता है कि कोई जप,तप एवं योग इत्यादि करे। इस तरह ऋषि-मुनियों के बीच श्रीराम का समय बीत रहा था। रोज संध्या समय आश्रमों में सत्संग ज्ञान की चर्चा होती थी। ऋषि-मुनि राम को यह जरूर समझते थे कि ये बड़ें हैं, अवतारी हैं लेकिन उनको अपने ज्ञान और साधन का अभिमान था। वे यह नहीं सोचते थे कि इनके पास हमलोगों से अधिक ज्ञान है। लेकिन जब श्रीराम जी व्याख्या करने लगते थे संसार की, मन, बुद्धि और चित की। अपरा जगत की तो वे आश्चर्यचकित रह जाते थे। उन्हें लगता था किये ज्ञान इनको कैसे हुआ। कैसे? ये तो न हमलोगों के बरावर साधन किए हैं और न ही अध्ययन किये हैं? तब उन्होंने कहा प्रभु आज बात समझ में आई कि ज्ञान भक्ति के द्वारा ही होता है। हमलोगों ने जप योग बहुत कुछ किया और इस अभिमान में थे कि ज्ञान हमलोगों के पास अधिक है लेकिन आज पता चला कि ये ज्ञान आपके पास ज्यादा है। कारण है कि आपने भक्ति की है। इस तरह से आगे बढ़ते हुए।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

**'गिर** जाना, हार जाना, युध के मैदान में , हाँ माना ध्वज फैहरना , बल पर अपने , फिर खड़े हो जाना, ये जाना घुड़सवार वे, जो गिर कर, फिर सवार हो जाते हैं, फिर गया पानी उनपर, जो मारते थे उनपर अश्लील ताना

**– अमिताभ बच्चन, अभिनेता**

आपके ट्वीट

**जो** लोग जिस समूह में जितने, उतना अधिकार उन्हें मिले। जाति आधारित जनगणना को लेकर वर्ष 2021 से रखी है हमने अपनी माँग।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





सशक्त, पराक्रमी, आत्मनिर्भर भारत की उड़ान देश को आश्वस्ति देता, देश का यशस्वी प्रधान!!

**–अन्नपूर्णा देवी केन्द्रीय मंत्री**

कार्टून वर्ल्ड



साभार : कार्टून मूवमेंट

लेटर टू एडिटर

### जानलेवा रोग

**हृदय** रोग विश्व स्तर पर गंभीर चिंता का विषय बन गया हैं। कुछ वर्षों से यह समस्याएं युवाओं में अधिक देखने को मिल रही हैं। एनसीआरपी के अनुसार विश्व में हृदय रोग से होने वाली 70 प्रतिशत मौतों का मुख्य कारण खराब जीवनशैली, स्ट्रेस, ओवर एक्सरसाइज, गलत जानकारी और लापरवाही आदि हैं।

**–मुस्कान सैनी, हजारीबाग**

### संवेदनशीलता

**यमुनोत्री** धाम की यात्रा को सुगम बनाने हेतु बनाए जा रहे सुरंगी मार्ग में 41 श्रमिक एक सप्ताह से फंसे हुए थे। इस प्रकरण से स्पष्ट है कि पर्वतीय क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्यों को पूर्ण सुरक्षित नहीं माना जा सकता है। विडंबना है कि ऐसे प्रकरणों का खमियाजा भुगतने के बाद भी पहाड़ों में निर्माण कार्य, पहाड़ों की खुदाई और वृक्षों की कटाई जारी है। **– रवि रांची**

# भारत का संविधान और राजधर्म

**हृदयनारायण दीक्षित**

**संविधान** भारत का राजधर्म है। संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 के दिन संविधान पारित किया था। भारत के लिए यह तिथि चिर स्मरणीय है। संविधान जन गण मन का भाग्य विधाता है। संविधान में विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका प्रतिष्ठित संस्थाएं हैं। संविधान में विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, विधि के समक्ष समता सहित सभी मौलिक अधिकार हैं। संविधान में भारतीय संस्कृति को भी महत्वपूर्ण स्थान मिला है। संविधान की हस्तलिखित प्रति में राम, कृष्ण, हड़प्पा काल की मोहरों व वैदिक काल के गुरुकुल आश्रम के चित्र हैं। श्रीराम का लंका विजय व श्रीकृष्ण अर्जुन के सुन्दर चित्र भी हैं। बुद्ध, महावीर, सम्राट अशोक, गुप्तकाल, शिवा जी, गुरु गोविन्द सिंह आदि सभी के चित्र आकर्षित करते हैं। संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने अपने आखिरी भाषण में कहा कि, 'संविधान उपबंध करे या न करे, राष्ट्र कल्याण उन व्यक्तियों पर निर्भर करेगा जो देश पर शासन करेंगे।' डॉ. आम्बेडकर ने अंतिम भाषण दिया और कहा कि, 'एक समय था जब भारत गणराज्यों से सुसज्जित था। भारत संसदीय प्रक्रिया से भी अपरिचित नहीं था।' संविधान सभा में राष्ट्रजीवन की सभी समस्याओं पर चर्चा हुई थी। जम्मू कश्मीर विषयक अनुच्छेद 370 संविधान का अस्थाई उपबंध बना। जम्मू कश्मीर विशेष उपबंध की व्यवस्था ठीक नहीं थी। इस व्यवस्था का खात्मा नरेन्द्र मोदी की सरकार ने 2019 में किया।

विकास

भारतीय संविधान की रचना में देश के चोटी के विद्वानों ने हिस्सा लिया था। सभी विषयों पर जमकर चर्चा हुई थी। अल्पसंख्यक अधिकार समिति के सभापति सरदार पटेल ने अपनी सिफारिशें सभा में रखी थीं। यह हिस्सा ऐतिहासिक महत्व का है। यों तो संविधान सभा की पूरी बहस रोमांचकारी है। लेकिन बहस का एक मजेदार किस्सा संविधान में 'ईश्वर' को शामिल करने का है।

राष्ट्रपति की शपथ के प्रारूप मसौदे में 'ईश्वर' का उल्लेख नहीं था। एचवी कामत ने ईश्वर को जोड़ने का संशोधन प्रस्ताव रखा, 'मेरे मन में भावना उठी कि इसमें कुछ कमी है। ईश्वर को विधान में स्थान मिलना चाहिए। मेरी धारणा थी कि प्रस्तावना का ही आरम्भ ईश्वर की स्तुति से होना चाहिए था। कदाचित यह ईश्वर की इच्छा थी कि विधान उसके नाम से वंचित होना चाहिए।' कामत ने कहा, 'हम भगवान को जितना दूर हटाते हैं, उतना ही वह हमारा पीछा करता है।' महावीर त्यागी ने ईश्वर के नाम पर या निश्चयपूर्वक सत्यनिष्ठा से शपथ लेने का संशोधन रखा। उन्होंने कहा 'इसका अर्थ यह होगा कि जो भगवान में विश्वास करते हैं वे उसके नाम में शपथ लेंगे और जो इस मत के हैं कि ईश्वर के विषय में न कुछ जाना जा सका है और न जाना जा सकता है उन नास्तिकों को केवल गम्भीरतापूर्वक निश्चयोक्ति करने की स्वतंत्रता होगी।'

यह बहस भारत के इतिहास का अंग है। त्यागी ने कहा, 'ब्रिटिश संसद भी प्रार्थना से शुरू होती है। उनकी व्यवस्था साम्प्रदायिक राज्य नहीं है।' काजी करीमुद्दीन ने कहा, 'मैं बहुत प्रसन्न हूं कि उन्होंने ईश्वर के पक्ष में तर्क उपस्थित किये हैं कि ईश्वर को हमारे विधान से नहीं मिटाना चाहिए। मेरा निवेदन है कि यदि उनका संशोधन स्वीकार कर लिया जाये तो हम उन लोगों को अलग कर रहे होंगे जिन्हें ईश्वर में विश्वास नहीं है।

इस देश में और अन्यत्र ऐसे बहुत से लोग है जिन्हें ईश्वर में विश्वास नहीं होता।' प्रो. केटी शाह ने कहा, 'ईश्वर का नाम रखने की प्रबल इच्छा के बावजूद मैं समझता हूं, हम अन्य लोगों की मूर्खताओं को दोहरा सकते हैं। मुझे भय है कि ईश्वर के नाम की केवल उपस्थिति मनुष्य की निर्बलता के विरुद्ध प्रतिभूति नहीं होगी।'

# दबंगी मुलगी आई रे आइ, एक बेहतरीन फिल्म

**अभय कुमार सिंह**

**दबंगी** मुलगी आई रे आई के अभिनेता मानव गोहिल कहते हैं, मेरा किरदार अंकुश बेहद मजबूत व्यक्तित्व के रूप में सामने आता है, लेकिन अंकुश का एक कमजोर पहलू भी है। दबंगी - मुलगी आई रे आई ने अपने सम्मोहक लेकिन गंभीर ड्रामा से दर्शकों का दिल जीत लिया है, जो दबंगी तेवर वाली एक युवा लड़की आर्या (माही भद्रा) के इर्द-गिर्द घूमती है। आर्या अपने पिता को खोजने और उनसे मिलने की तलाश में निकली है। आर्या का मानना है कि उसके पिता एक सुपर-कॉप हैं, लेकिन उसे यह नहीं पता कि वह एक बेईमान गैंगस्टर सत्या (आमिर दलवी) की बेटी है, जो सत्ता पाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है।

इस मनोरंजक कहानी के बारे में बात करते हुए, अभिनेता मानव गोहिल ने बताया, ह्नमेरा किरदार अंकुश बेहद मजबूत व्यक्तित्व के रूप में सामने आता है, लेकिन अंकुश का एक कमजोर पहलू भी है। जब उसे छाया की मौत के बारे में पता चलता है, तो वह असहाय और कसूरवार महसूस करता है क्योंकि केवल वह ही उसे बचा सकता था; लेकिन पिछले हालातों को देखते हुए उसने छाया पर यकीन नहीं किया था। और अब, चूंकि केवल वह ही आर्या से जुड़ी सच्चाई जानता है, वह उसे अपने भाई, सत्या से बचाने के लिए हर संभव प्रयास करता है, और आर्या को लेकर ज्यादा चिंतित होने लगता है। वह सीन जहां अंकुश को आर्या को छाया के बारे में सच्चाई बतानी पड़ी, वह मेरे लिए सबसे चुनौतीपूर्ण और दिल तोड़ने वाले दृश्यों में से एक था, क्योंकि उस सीन में बहुत सारी भावनाएं समाहित थीं। माही भद्रा के साथ अपनी केमिस्ट्री के बारे में बात करते हुए मानव ने कहा, ह्नहमारी नन्ही रॉकस्टार, माही, एक शानदार लड़की और बेहतरीन अभिनेत्री है। वह सचमुच हमारी दबंगी है। माही को वास्तव में शूटिंग प्रक्रिया पसंद है और हर सीन को बहुत अच्छी तरह से पेश करती है; वह अपने साथ जो मासूमियत और भाव लाती है, उससे उसका किरदार और भी वास्तविक बन जाता है। उसके साथ शूटिंग करना काफी मजेदार है, साथ ही मुझे सच में बच्चों के साथ काम करना पसंद है। उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलता है और मैं बच्चों के साथ बहुत सहज हूं, क्योंकि मेरी भी एक बेटी है।ह्न

फिल्म

धर्म और ईश्वर के नाम पर झगड़ों की चर्चा भी हुई। आरके सिंघवा ने कहा, 'मुझे ईश्वर के अस्तित्व तथा धर्म में भी दृढ़ विश्वास है। हम ईश्वर का आशीर्वाद मांगते हैं, केवल इसीलिये परमात्मा का नाम विधान में रखना उचित नहीं होगा। यदि आपको ईश्वर पर सच्चा विश्वास है तो वह सर्वत्र व्यापक है। ईश्वर के विधान में रखने मात्र से संतोष अनुभव करने से कोई लाभ नहीं है। प्रधान (राष्ट्रपति) ईश्वर के नाम पर शपथ लें तथा बाद में ईश्वर के उपदेशों के विरूद्ध कोई कार्य करे। मैं अपने मित्र करीमुद्दीन के विचारों से सहमत नहीं हूं कि असाम्प्रदायिक राज्य में 'ईश्वर' शब्द आ ही नहीं सकता। असाम्प्रदायिक राज्य का यह अर्थ नहीं है कि कोई व्यक्ति भगवान में विश्वास ही नहीं कर सकता। हम कहते हैं कि धर्म का हमारे विधान से कोई सम्बन्ध नहीं होगा। धर्म व्यक्तिगत मामला है। मैं भगवान पर विश्वास करता हूं।

मैं धर्म को निजी मामला समझता हूं। मुझे यह बताने की आवश्यकता नहीं है कि भगवान पर किस रूप में किस प्रकार विश्वास करते हैं। ईश्वर धर्म का प्रतीक है। श्रीमान हम जानते ही हैं कि धर्म के नाम पर इस देश में कैसी नाशकारी बातें होती रही हैं।'

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### भुरकुंडा : रघुवंश सिंह की पुण्यतिथि पर परिजनों ने गरीबों को खिलाया खाना



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल में अखबार की शुरूआत करने वाले बाबू रघुवंश सिंह की आठवीं पुण्यतिथि के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा मंच के तत्वावधान में रविवार को भुरकुंडा बाजार में दूर-दराज ग्रामीणों क्षेत्रो से साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दातुन-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्व. रघुवंश सिंह के तस्वीर पर उनकी धर्मपत्नी सरस्वती देवी ने माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की। रघुवंश सिंह के पुत्र राजू सिंह, पोती नंदिनी राज, दामाद आरके सिंह, भतीजा भीम सिंह सहित मंच के अध्यक्ष डब्लु सिंह, सचिव उमाशंकर जायसवाल, शिवकुमार यादव, अमरेश सिंह, रिंकू वर्णवाल, डॉ जयश्री मेहता, लखन राम, राकेश शर्मा आदि ने भी पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान स्व. रघुवंश सिंह के पुत्र पत्रकार राजू सिंह द्वारा राष्ट्रीय सेवा मंच के सहयोग से दर्जनों गरीब-जरूरतमंदों के बीच पुरी-सब्जी व जलेबी का वितरण किया गया। मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने बताया कि रघुवंश सिंह के परिजनों के सहयोग से संपन्न हुआ है। उन्होंने कहा कि सबों के सहयोग से पिछले 8 वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। वहीं पत्रकार राजू सिंह ने मंच के कार्यों की सराहना करते सामाजिक कार्यों और गरीब-जरूरतमंदों की सेवा में क्षेत्रवासियों से तन-मन-धन से सहयोग करने की भी अपील की।

### कुजू में अखंड हरिकीर्तन शुरू



**कुजू।** श्री श्री काली पूजा समिति डटमा मोड़ के द्वारा जीएम कॉलोनी डटमामोड़ स्थित काली मंदिर प्रांगण में रविवार से 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन शुरू हुआ। हरिकीर्तन में पंडित धीरन मुखर्जी द्वारा यजमान बने संजय सिंह, पंकज शर्मा और हरि महतो को विधिवत पूजार्चना कराया गया। इसके बाद विभिन्न क्षेत्रों से आये कीर्तन मंडली के कलाकारों ने भक्ति गीतों की धुन पर कीर्तन किया। साथ ही, समिति के सदस्यों ने माला जाप भी की। संजय सिंह ने बताया कि 27 नवंबर को हरिकीर्तन समापन पर भव्य भंडारा होगा। मौके पर विजय पांडेय, एन पाठक, योगेंद्र सिंह, सुमित झा, बसंत लाल, शुक्ला, राकेश उपाध्याय, निर्भय कुमार दुबे, अमर कृष्णा अमर, अरुण कुमार, भोला उपाध्याय, मिंटू पांडेय, कृष्णा बिहारी, नन्दलाल कुमार, सुजीत झा, रविन्द्र सिंह, जोगिंद्र सिंह, सर्वेश सिंह समेत कई धर्मप्रेमी मौजूद रहे।

### रजरप्पा मंदिर में श्रद्धालुओं ने की पूजा



रजरप्पा। रविवार को रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिके मंदिर में माह कार्तिक पक्ष शुक्ला तिथि चतुर्दशी का त्योहार, देव दिवाली, कार्तिक दीपम, मणिकर्णिका के मौके पर श्रद्धालुओं ने स्नान कर विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर मां भगवती से अपने और अपने परिवार की सुख समृद्धि की मंगल कामना करते हुए आशीर्वाद लिया। कार्तिक पूर्णिमा 27 नवंबर 2023 दिन सोमवार को मनाई जाएगी। इस व्रत को करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। साथ ही भगवान विष्णु के साथ मां लक्ष्मी की कृपा मिलती है। अगर आप जीवन की मुश्किलों को खत्म करना चाहते हैं, तो इस दिन आपको जरूर व्रत करना चाहिए। वही सोमवार को रजरप्पा मंदिर स्थित दामोदर-भैरवी नदी पर श्रद्धालु पहुंचकर स्नान ध्यान कर पूजन करेंगें। कार्तिक पूर्णिमा सबसे महत्वपूर्ण पूर्णिमा में से एक है। इस विशेष दिन पर लोग व्रत रखते हैं और भगवान सत्यनारायण के रूप में भगवान विष्णु की पूजा करते हैं। साथ ही इस दिन गंगा स्नान का भी बेहद महत्व है। इस दिन लोग विभिन्न धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियां करते हैं। इसके अलावा जरूरतमंद लोगों को दान देते हैं।

### जेएम कॉलेज में मना संविधान दिवस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जेएम कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वावधान में रविवार को कॉलेज परिसर में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. शीला सिंह एवं राजनीतिक शास्त्र के वरीय शिक्षक ज्ञानेन्द्र दुबे ने संविधान निर्माता बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। स्वयंसेवकों सहित उपस्थित लोगों ने संविधान के प्रस्तावना की शपथ ली। डॉ. शीला सिंह एवं राजनीतिक शास्त्र के वरीय शिक्षक ज्ञानेन्द्र दुबे ने कहा कि यह विश्व का सर्वश्रेष्ठ संविधान है। उन्होंने कहा कि भारत देश संविधान से चलता है। इस अवसर पर स्वयंसेवको ने भी अपने-अपने विचारों को उपस्थित शिक्षकों के समक्ष रखा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंजली, आस्था, तन्वी, प्रिया, आयुष, प्रियांशु, सिराज आदि स्वयंसेवको का विशेष योगदान रहा।

# प्रकाश पर्व पर रामगढ़ में निकली भव्य शोभा यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** सिख धर्म के प्रवर्तक एवं सिखों के प्रथम श्री गुरुनानक देव जी के 555 वें जन्मोत्सव रविवार को बिजुलिया स्थित स्व. गुरदित्त सिंह के आवास से शोभा यात्रा निकाली गई। गुरूग्रंथ साहिब को एक सजे हुए वाहन पर रखा गया था। शोभा यात्रा में मिल्ट्री बैंड पार्टी, पारंपरिक वेशभूषा में पंज प्यारे शामिल थे। साथ ही निशान साहिब के साथ समाज की बच्चियां शोभा यात्रा में शामिल थीं। श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल के बच्चे शोभा यात्रा में शामिल थे। जो पूरी तरह से व्यवस्थत एवं कतारबद्ध होकर चल रहे थे।

स्वागत के लिए शहर के प्रमुख स्थानों एवं प्रमुख मार्गों पर तोरण द्वारों का निर्माण करवाया गया था। साथ साथ कीर्तन जत्था चल रहा था। जो मधुर गुरूवाणी से लोगों को निहाल करता चल रहा था।

गतका पार्टी ने अपने कौशल से शहरवासियों को किया अचंभित शोभा यात्रा के साथ एक विशाल एलईडी स्क्रीन चल रही थी। जिससे शोभा यात्रा काफी आकर्षक प्रतीत हो रही





थी। यात्रा में रामगढ़ गुरुद्वारा मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मित प्रधान हैप्पी छाबड़ा, गुरु नानक स्कूल के चेयरमैन हरपाल सिंह अरोड़ा, वाइस चेयरमैन कुलजीत सिंह कालरा, पप्पू जस्सल , पुष्पिंदरपाल सिंह छाबड़ा, बंटी चमन, देवेंद्र सिंह अरोड़ा, अजैब सिंह सिंह, विंसी कोहली, पूर्व प्रधान रमिंदर सिंह गांधी, पूर्व चेयरमैन इंदरपाल सिंह सैनी, जगजीत सिंह, इंद्रजीत सिंह कालरा,बबलू, कमल जस्सल, अजय सिंह छाबड़ा, हरदीप सिंह होरा,जसकीरत सिंह भाटिया, राजू, जसकीरत सिंह सैनी, रौनक सिंह,गुरजोत सिंह,नरेंद्र सिंह होरा,गुरदीप सिंह सैनी, कमलजीत सिंह लांबा, इकबाल सिंह, यश छाबड़ा, राजा कालरा, इंद्रजीत सिंह जस्सल , राजी गांधी,प्रीतम सिंह, रज्जी गांधी, विनसी कोहली, रवींद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, पलविंदर सिंह, गुरजीत सिंह, विमला जस्साल, रानी जसल , रोमा छाबड़ा,मनप्रीत सैनी, नवलजीत मल्होत्रा, लवली लांबा, बलविंदर कौर , बबली सोनी, मंजीत अरोड़ा,सुमी जौली , गुरबख्श कौर सैनी, , मनप्रीत सैनी, महेंद्र कौर, रंजीत कौर सहित समाज के अनेक लोग शामिल हुए ।

# नहीं हटेगी बिरसा मुंडा की प्रतिमा : रंजीत चंद्रवंशी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** खोडाहर पंचायत के जतरा मेला टांड़ में भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा स्थापित करने पर वन विभाग की कार्रवाई के खिलाफ लोगों में खासा आक्रोश देखा जा रहा है। वन विभाग ने प्रतिमा को अवैध करार दिया है इस बाबत भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रंजीत चन्द्रवंशी ने वन विभाग के अधिकारियों के ऊपर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व को नकारने का आरोप लगाते हुए कहा कि जिस व्यक्ति ने अदम्य साहस से कट्टर अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए साथ ही झारखंड के अलावे अन्य कई राज्यों में बिना डरे अंग्रेजों व सामन्तवादियों की नीतियों के विरुद्ध एक जागरूकता फैलाकर लोगों में स्वाधीन होने का सपना दिखाया था। जिनके नाम पर झारखंड राज्य की पहचान है आज उनके ही प्रतिमा को अवैध करार दिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है।आज झारखंड सरकार राजनीतिक दबाव के तहत विभाग द्वारा अशोभनीय कार्य करने का काम कर रही है, जिसका खामियाजा



उन्हें भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मामले में वन विभाग ने तब कार्रवाई की जब एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उनके गाँव आकर भगवान बिरसा मुंडा को याद कर रहे थे, उसी समय वन विभाग ने भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा को अवैध करार दिया।

उन्होंने कहा कि वन विभाग अब तक प्रतिमा लगाने के आरोप में एक आदिवासी युवक, एक महिला और एक अतिपिछडी महिला समेत दर्जनों अज्ञात पर दो केस कर चुकी है। यदि केस वापस नहीं लिया गया तो आदिवासी समाज

**प्रतिमा स्थल पर बिना एनओसी के हुआ चार सरकारी कार्य : भाजपा**

आंदोलन करने को बाध्य होगी। श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि जिस स्थल पर धरती आबा की प्रतिमा स्थापित की गई है उसी भूमि पर बिना एनओसी लिए चार सरकारी कार्य हुए है लेकिन एक भी मामले में वन विभाग ने सरकारी अधिकारियों पर कार्रवाई क्यों नहीं की। उक्त स्थल पर भूमि समतलीकरण, बिरसा भवन, चबूतरा और स्टेज का निर्माण किया गया है। वन विभाग को सरकारी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिना एनओसी लिए सरकारी कार्य कैसे हुआ। वन विभाग के पदाधिकारी उस समय कहां गए थे? किनके मिलीभगत से कार्य किया गया। उन्होंने वन विभाग पर राजनीतिक दबाव में केस करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा अपने क्रांतिकारी विचारों से आदिवासी समाज को नयी दिशा देने का काम किया और उलगुलान आंदोलन के माध्यम से अंग्रेजों से लोहा लिया। उनकी प्रतिमा किसी भी हाल में हटाने नहीं देंगे।

### बटेश्वर प्रसाद मेहता ने राजू यादव को दिया 50 पुस्तक



**टाटीझरिया।** संविधान दिवस के अवसर पर बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता ने रविवार को टाटीझरिया निवासी राजू यादव को उत्कृष्ट आलेख लिखने के लिए सम्मानित किया है। बटेश्वर प्रसाद मेहता ने राजू यादव को यह सम्मान प्रधान जी गुलाबजामुन होटल में नई दिल्ली के प्रभात प्रकाशन से प्रकाशित संजय कृष्ण द्वारा लिखित पुस्तक झारखंड के 50 क्रांतिकारी भेंट कर किया। इस पुस्तक में झारखंड के उन 50 क्रांतिकारियों की गौरव गाथा है जिसे हर झारखंडियों को जानना चाहिए। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा से जयमंगल पांडेय, नादिर अली, बाबू रामनारायण सिंह, पूर्व सीएम के.बी. सहाय और रामेश्वर महतो सहित झारखंड के 50 ऐसे स्वतंत्रता सेनानियों की गाथा और उनका परिचय शामिल है।

# कोनहर में 6 ट्रैक्टर बोटा जब्त और मिनी आरा मशीन ध्वस्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

कटकमसांडी। प्रखंड क्षेत्र के पंचायत ढौठवा के अंतर्गत कोनहर गांव में अवैध रूप से चल रहे आरा मशीन को वन विभाग ने बड़ी कार्यवाही करते हुए मिनी आरा मिल को ध्वस्त कर दिया गया है।वन विभाग के अधिकारी दल बल के साथ सुबह लगभग पांच बजे पश्चिमी सहायक वन संरक्षक प्रमंडल पदाधिकारी ऐ के अविनाश प्रमार के नेतृत्व में छापामारी अभियान शुरू किया गया। छापामारी अभियान में दो छोटा आरा मशीन, 6 ट्रैक्टर विभिन्न प्रजाति के लकड़ी, एक जनरेटर, चीरा हुआ लकड़ी जप्त किया गया। वही सहायक वन संरक्षक प्रमंडल पदाधिकारी ऐ के अविनाश प्रमार ने बताया कि कोनहर में अवैध रूप से आरा मशीन चलाने वाले में से कोनहर निवासी कमलेश राणा, दिनेश राणा,अजय राणा, संतोष राणा, मनोज राणा के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। वन विभाग के द्वारा छापामारी अभियान में सहायक वन



संरक्षक पश्चिमी वन प्रमंडल पदाधिकारी ऐ के अविनाश प्रमार, वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी सत्येंद्र चौधरी, बरही वन पाल अमर आनंद, वन रक्षी सह प्रभारी वनपाल प्रभारी वनपाल कटकमसाडी सुजित टोप्पो, वन रक्षी गोपी पासवान, चेतन राम,निचीत महतो, प्रभात लकड़ा,महेश दास,विधाय भुषण,नितिश कुमार महतो, होमगार्ड के जवान व वन कर्मी उपस्थित थे।

# सौंदा डी में मना संविधान दिवस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा डी पंचायत के सौंदा डी अंबेडकर भवन में रविवार को संविधान दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत भाजपा के जिला मंत्री रुदल कुमार व मुखिया उपेंद्र शर्मा ने संविधान निर्माता बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर मुखिया उपेंद्र शर्मा ने डॉ. अंबेडकर के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। साथ ही उन्होंने कहा कि डॉ. भीम राव अंबेडकर के अधूरे सपनों को पूरा करना हमसबों का दायित्व है। इस दौरान पूरे विधिविधान से पूजा-अर्चना व नारियल फोडकर कार्य का शुभारंभ कराया गया। मौके पर भाजपा के सोशल मीडिया प्रभारी संतोष शर्मा, मुखिया उपेंद्र शर्मा, उप मुखिया संजय भारती, महेंद्र राम, उमेश करमाली, नरेंद्र कुमार, मोतीलाल सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# कुजू : कार्तिक पूर्णिमा को लेकर निकली कलश यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

कुजू। कार्तिक पूर्णिमा को लेकरअखंड हरी कीर्तन समिति जमुनियाटांड़ करमा ने रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में करीब 101 की संख्या में महिला- पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर देवी देवताओं के जय घोष के साथ कलशधारी किचिनियां नदी पहुंचे। जहां पुरोहित मुकेश तिवारी ने यजमान बने रेवा लाल महतो, विकास कुमार के हाथों विधिवत पूजा अर्चना के साथ धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराया। इसके उपरांत सभी कलशधारियों ने अपने-अपने कलश में पवित्र जल को भरा। तत्पश्चात क्षेत्र का भ्रमण करते हुए कलशधारी पुनः मंडप परिसर पहुंचे, जहां पूरे विधि -



विधान के साथ कलश को स्थापित किया। साथ ही समिति द्वारा 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन हरे राम, हरे कृष्णा के जाप का प्रारंभ किया। कलश यात्रा में अध्यक्ष मदन महतो, सचिव सुरेश महतो, कोषाध्यक्ष हरी लाल महतो, उपाध्यक्ष देवानंद महतो, पोखलाल महतो, रामसेवक महतो, मिट्ठू लाल महतो, सूरज महतो, लखन महतो, वीरेंद्र महतो, रामेश्वर महतो, राजेश, मनोज, जगदीश, बंधन, दिलीप, पूनम, गायत्री कुमारी, रेखा देवी, प्रभा देवी, कौशल्या देवी, नमिता देवी, फुलेश्वरी देवी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### करसो अंबेडकर चौक का होगा सौंदर्यीकरण




**बरही।** करसो स्थित अंबेडकर चौक का सुंदरीकरण बरही विधायक उमाशंकर अकेला के निर्देशानुसार विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि छद्दू गोप, प्रखण्ड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू ने किया शिलान्यास। विधायक प्रतिनिधि छद्दू गोप ने कहा कि बाबा साहब ने देश के संविधान के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को मौलिक अधिकार दिया है।जिसके तहत सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक, धार्मिक स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति की आजादी एवं छुआछूत को खत्म कर आधुनिक समाज के निर्माण की ओर अग्रसर करने का कार्य किया है।कार्यक्रम में प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, अंचल विधायक प्रतिनिधि छोटेलाल यादव, अधिवक्ता वासुदेव राणा, हरेंद्र कुमार राणा, महेश ठाकुर, दीपेश ठाकुर, पंकज कुमार आदि उपस्थित हुए। मौके पर ग्रामीणों में द्वारिका रविदास, गंदोरी भुइयां, सत्येंद्र भुइयां, नागेश्वर रविदास, विनोद दास, रंजीत रविदास, वजीर रविदास, अजीत कुमार दास, प्रदीप कुमार दास, देवेंद्र दास, शंकर कुमार, संतु भुइयां, प्रभु भुइयां, नरेश रविदास, गणेश रविदास, रामस्वरूप भुइयां एवं अन्य ग्रामीण शामिल हुए।

### कायस्थ महासभा की बैठक 10 दिसंबर को

**हजारीबाग।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा कि हजारीबाग जिला इकाई की अति आवश्यक बैठक जिला कार्यालय में हुई, इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अरुण प्रभात सिन्हा ने किया। 10 दिसंबर को होने वाले आम सभा तथा स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद की जयंती समारोह की समापन कार्यक्रम जो नगर भवन में होना है उसकी तैयारी को लेकर गहन चर्चा की गयी। कार्यकारी अध्यक्ष बृजमोहन प्रसाद की अगुवाई में जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्यों के द्वारा एक अहम बैठक की गई इसमें कार्यकारिणी के अधिकांश सदस्य मौजूद रहे। कार्यकारी अध्यक्ष बृजमोहन प्रसाद ने बताया की हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के द्वारा एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम मे चित्रांश परिवार के कई बड़ी हस्ती के शामिल होने की संभावना है। इस कार्यक्रम की अधिकारिक जानकारी जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार सिन्हा ने दी।

### पुलिस ने संविधान की रक्षा करने की ली शपथ



**दारू।** दारू पुलिस ने थाना परिसर में देश के संविधान की रक्षा शपथ लिया। थाना प्रभारी ने अपने थाना के सभी एएसआई, हवलदार व आरक्षी को संविधान का शपथ दिलाया। मौके पर उन्होंने कहा कि यह संविधान ही है जो अलग-अलग धर्मों व जातियों की भारत की 140 करोड़ की आबादी को एक देश की तरह जोड़ता है। इसी संविधान के तहत हमारे देश के सभी कानून बनते हैं। इस संविधान के तहत सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट समेत देश की सभी अदालतें, संसद, राज्यों के विधानमंडल, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री समेत सभी इसी के तहत काम करते हैं।इसका पालन करना हम सभी का प्रथम कर्तव्य है।संविधान ही हम सबों को पूरी स्वतंत्रता व समानता के साथ जीवन जीने के अधिकार देता है।

### बिना कागज के कोयला लदा ट्रक पकड़ा गया

**चरही।** चरही पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बिना कागजात के कोयला लदे ट्रक को चरही पुलिस ने धरदबोचा।चरही थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने बताया कि बीते 24/25 नवंबर के मध्य रात्रि एक ट्रक कोयला लादकर चरही थाना क्षेत्र से पारकर रहा था ।जिसकी सूचना मिली थी।इस सूचना के आधार पर टीम गठित कर चरही चौक पर रात्री गस्ती के द्वार चैकिंग लगाया गया।मांडू की ओर से ट्रक नम्बर एनएल08बी/3928 को रुकने का इशारा किया गया।लेकिन ट्रक भागने लगा।जिसे पीछाकर चरही पेट्रोल पंप के पास ट्रक को पकड़ा। चालक से ट्रक समेत कोयले की कागजात की मांग किया गया।लेकिन अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा।

### बरही में किशुन यादव के बॉडी गैरेज में चोरी

बरही। अज्ञात चोरों ने थाना से मात्र आधा किलोमीटर की दूरी बायपास एनएच-02 स्थित जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव के गैरेज का ताला तोड़कर कई औजार समेत खड़े पोकलेन मशीन से बैटरी व समान चोरी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। किशुन यादव ने बताया कि हर दिन उनके गैरेज में नाइट गार्ड रहता था किंतु शनिवार रात को इतवारी छठ महापर्व के दौरान घर गया था। इसी दौरान उक्त घटना घटी। इसकी जानकारी बरही थाना को दी जाएगी।उन्होंने चोरों के मनोबल को दाद देते हुए बताया कि जब एनएच 02 पर स्थित हमारा गैरेज सुरक्षित नही है तो क्षेत्र में अन्यत्र होने वाली घटनाओं के बाबत पुलिस व्यवस्था का अंदाज लगाया जा सकता है।साथ ही उन्होंने बताया कि चोरों ने बॉडी गैरेज का ताला तोड़ने में प्रयुक्त औजार को छोड़कर भाग निकले है। जिसे बरही पुलिस को सुपुर्द कर उनतक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा। बताया कि छह पोकलेन से 12 बैटरी सहित सभी पोकलेन से औजार व उनके बॉडी गैरेज में रखा करीब दो लाख का सामान को चोरी कर ले गए।

### बेलोरो और ट्रक में टक्कर, बाल-बाल बचे लोग

**चरही।**चरही थाना क्षेत्र के चरही-घाटो मोड़ के पास बेलोरो और ट्रक के टक्कर में कई लोग बाल-बाल बचे। जानकारी के अनुसार बोलोरो नंबर जेएच 13 ई /6734 घाटो मोड़ के समीप बेलोरो वाहन को सड़क पर खड़ाकर चालक मुर्गा खरीद रहा था। इसी बीच हजारीबाग की ओर से रामगढ़ जा रही बिना नंबर की ट्रक बलोरो को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिस कारण बेलोरो के पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।आस-पास खड़े लोग बाल-बाल बच गए।जिस कारण मुख्य पथ कुछ समय तक जाम हो गया।चरही पुलिस मौके पर पहुंचकर जाम को हटाया।और दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों जब्त कर थाना परिसर लाया गया।

# अलग-अलग देश में अजब-गजब कानून



भारतीय समाज में खुलापन चाहे वह पहनावे को लेकर हो या फिर सेक्स संबंधों को लेकर, हमेशा चर्चा का विषय रहा है। भारतीय आमतौर पर यह मानते हैं कि विदेशों की तुलना में हमारी संस्कृति परंपराओं के बोझ तले दबी हुई है। मगर ऐसा नहीं है। यूरोप, अमेरिका और अरब के कई देशों में ऐसे कानून हैं, जिनके बारे में जान कर आप भी हैरान रह जायेंगे। अगर आप इन देशों की आबोहवा से रू-ब-रू होना चाहते हैं, तो जरा वहां के कानूनों व अपराधों की जानकारी जरूर ले लें वरना कहीं ऐसा न हो कि आप वहां मस्ती करने जायें और रंग में भंग पड़ जाये यानी आपको जेल की हवा खानी पड़ जाये।

कुमार अभय

**अमेरिका** के कैलिफोर्निया राज्य के हाईवे पर 1 हजार फुट के दायरे में महिलाओं के ऐसे वस्त्र जो ब्रैस्ट को दिखाते प्रतीत हों, बेचना कानूनन अपराध है। वहां एक और अजीबोगरीब कानून है कि कोई भी पुरुष महिलाओं के कपड़े पहन कर बाहर नहीं निकल सकता। अगर किसी कारणवश उसे ऐसा करना भी हो तो इसकी पुलिस से लिखित में अनुमति लेनी पड़ेगी वरना जेल जाना तय समझिए।

है न हास्यास्पद कानून? कुछ कुछ हमारी खाप पंचायतों की तरह, जहां आए दिन ऐसे तुगलकी फरमान जारी होते रहते हैं। अब तो यकीन ही नहीं होता कि हम 21वीं सदी में जी रहे हैं।

अमेरिका के अलग-अलग राज्यों में कानून कई दशक पुराने हैं और कुछ तो 100-200 साल पुराने और उन्हें न के बराबर लागू किया जाता है। कानून की किताबों में ये जमे हुए हैं पर समाज बढ़ गया है। फिर भी कभी कभार धौंस जमाने के लिए इनका इस्तेमाल कर लिया जाता है।

## कुछ ऐसे ही रोचक कानून व अपराध

**वादे हैं वादों का क्या** : किसी लड़की से सैक्स संबंध बना लेने के बाद अगर शादी नहीं की तो जेल जाना तय समझिए। साउथ कैरोलिना का कानून इसके लिए सख्ती से पेश आता है। यहां फैसला भी जल्दी सुनाया जाता है। हमारे देश में इस तरह के अपराधों में पीड़िता को ही जलालत सहनी पड़ती है। कोर्ट कचहरियों के चक्कर लगाते-लगाते चप्पलें घिस जाती हैं, क्योंकि न्याय मिलने में सालों लग जाते हैं। तब तक पीड़िता पल-पल अपनों के तंज सहती है। कुछ तो तंग आकर आत्महत्या तक कर लेती हैं।

**बार मालिक सावधान** : ओकलाहोमा में बार चला रहे बार मालिकों को सख्त हिदायत है कि वे अपने बारों में सैक्स गतिविधियों को कतई न चलने दें। यहां के बारों में कपल्स द्वारा यौन गतिविधियों पर रोक है। बार में अगर कोई जोड़ी सैक्स क्रिया, हस्तमैथुन, मुखमैथुन आदि में लिप्त पाई गई तो उन पर तो कार्यवाही होगी ही, बार के मालिक को भी कानूनन सजा मिल सकती है।

**मोशन और इमोशंस काबू में ही रखें** अगर आप को ओरेगन में राह चलते 1 अथवा 2 नंबर जाने की जल्दी है तो जरा ध्यान से। सार्वजनिक शौचालयों के किसी एक टॉयलेट में एक साथ 2 लोग गए तो खैर नहीं। यहां आप को मोशन पर काबू रखना होगा और इमोशंस पर भी।



**मजे में सजा नहीं**: सैक्स संबंध के दौरान ओरल सैक्स अथवा यौन उत्तेजना के लिए अंग में गहराई तक उंगलियों का प्रवेश कैंसास में कुछ हद तक ही करने की इजाजत है। अगर सैक्स पार्टनर को यह जरा सा भी यौन उत्पीड़न की तरह लगा और इसकी शिकायत उसने पुलिस में कर दी तो जेल जाना तय।

**जुर्माना भी सजा भी** : मिसीसिपी में ग्रुप सैक्स अपराध है। साथ ही अगर कोई जोड़ी सार्वजनिक जगह पर यौन प्रदर्शन में लिप्त पाई गई तो 500 डॉलर जुर्माना या फिर 6 महीने जेल की सजा हो सकती है।

**सावधानी हटी दुर्घटना घटी** : मिशिगन की सड़कों पर महिलाओं के छोटे, झीने परिधान जिन के अंदर से अंडरगारमैंट्स दिखते हों, पहनने पर पाबंदी है। यहां महिलाएं ऐसे कपड़े भी नहीं पहन सकती हैं जिनमें उठने-बैठने, चलने-फिरने के दौरान नितंब दिखते हों। इसका उल्लंघन करने पर क्लास बी ओफैंस के तहत कानूनी कार्यवाही हो सकती है। सही भी है, क्योंकि यातायात के नियमों का पालन करना भी जरूरी है। इधर-उधर ध्यान भटका नहीं कि दुर्घटना घटी।

**खुले में लिंजरी टांगना मना है** : न्यू हैंपशायर के एअरपोर्ट पर कपड़े टांगने की जगह पर लिंजरी तो भूल कर भी न टांगें वरना आप का कानून के शिकंजे में आना तय है। आप पर भारी जुर्माना भी लगाया जा सकता है। लिंजरी उस स्थिति में टांगी जा सकती है जब उस पर कोई झीना कपड़ा डाला गया हो। वैसे हमारे यहां घर की छतों पर निकल जाइए। नजारा खुद-ब-खुद दिख जाएगा। हमारे यहां तो पड़ोसियों को पड़ोसिनों के खूबसूरत अंडरगारमैंट्स के कलर व ब्रैंड तक की भी जानकारी होती है।




**क्योंकि जमाना खराब है** : न्यू मैक्सिको के एक अजब गजब कानून के बारे में आप भी जान कर चकरा जाएंगे। यहां महिलाएं ऐसे वस्त्र नहीं पहन सकतीं, जिन में स्तनाग्र दिखते हों।

**गये काम से** : वाशिंगटन में रहते हुए किसी अनजान को कार की चाबी देने से पहले सोचिएगा जरूर, क्योंकि आपने जाने अनजाने किसी सैक्स वर्कर को कार की चाबी दे दी तो गए काम से। रास्ता चलते सैक्स वर्कर पकड़ी गई तो पुलिस साइरन बजाते हुए आपके घर तक दाखिल हो जाएगा। जुर्माना तो लगेगा ही, कार भी जब्त हो सकती है।

हमारे यहां तो रईसों के बिगड़ैलों को सड़कों पर सरपट कार दौड़ाते आम देखा जा सकता है। आप भले ही फुटपाथ पर चल रहे हों, फिर भी सुरक्षित नहीं हो सकते। कानून भी इन का कुछ नहीं बिगाड़ता। अभी तक सलमान खान का कुछ बिगड़ा क्या?

**चुंबन बस 5 मिनट** : विशेषज्ञों का मानना है कि होंठों के चुंबन से असंख्य ऐसे बैक्टीरिया का एक-दूसरे के शरीर में प्रवेश होता है, जो शरीर को नुकसान नहीं फायदा पहुंचाते हैं। अगर आप भी इस फायदे का लाभ उठाना चाहते हैं तो जरा संभल कर, क्योंकि लोवा देश का कानून इस की इजाजत तय सीमा तक ही देता है। वहां सार्वजनिक जगहों पर आप अपने मन को काबू में रखें। अगर मन ज्यादा ही हिचकोले खा रहा हो तो बस 5 मिनट तक ही चुंबन का आनंद उठा सकते हैं। 5 मिनट से ज्यादा समय हो गया तो पुलिस वाला आ धमकेगा। अब यह न पूछें कि चुंबन लेते वक्त कोई पुलिस वाला वहां स्टौपवाच और डंडा ले कर खड़ा रहेगा क्या?

**होटल जा रहे हैं क्या**: अगर नौर्थ कैरोलिना में होटल में समय बिताने जा रहे हैं, तो जरा ध्यान से। यहां के होटलों में विवाह पूर्व किसी महिला के साथ रंगरलियां मनाते पकड़े गए तो आप की खैर नहीं। हां, विवाहित जोड़ों पर कानून का डंडा नहीं चलता पर आफत उनका भी पीछा नहीं छोड़ेगी। पुलिस को शक होने पर आप को साबित करना पड़ेगा कि साथ की महिला आपकी पत्नी ही है।

## कानूनी डंडे से सावधान रहें

उत्तरी अमेरिका के डकोटा राज्य में स्थित रैड रिवर (लाल नदी) में नहाने को लेकर अजीबोगरीब नियम हैं। इस नदी में सुबह 8 बजे से ले कर रात के 8 बजे तक नंगे नहाते पकड़े गए तो कानूनी डंडा पड़ना तय समझिए। अगर आप न्यूड बाथ के शौकीन हैं और वह भी नदी के बहते पानी में तो इस नदी में रात के 8 बजे से सुबह के 8 बजे तक इस का आनंद उठा सकते हैं। न्यूड बाथ के शौकीन यहां रात के अंधेरे में जम कर नहाते हैं। मगर, आप जरा बच कर ही नहाएं, क्योंकि रात के समय में कहीं पानी का कोई जंतु आप के शरीर के किसी नाजुक अंग को अपना खाना समझ कर उस पर हमला न कर दे।

# कानून की पेचीदगियों को समझना जरूरी

आम लोगों में कानून से जुड़ी कई ऐसी भ्रांतियां व्याप्त हैं जो उन्हें सिर्फ आर्थिक ही नहीं, सामाजिक नुकसान भी पहुंचा सकती हैं। आप ऐसे किसी कन्फ्यूजन में हों, तो उन्हें दूर कर लें।



मृत्युंजय प्रसाद

**लोन में गारंटर के रूप में साइन करने में हर्ज नहीं :** गारंटर के रूप में रघुनाथ ने 4 साल पहले अपने बचपन के दोस्त विपिन के होमलोन के पेपर्स पर बिना सोचे-समझे साइन कर दिए। पेपर साइन करते वक्त उस के मन में दो तरह के विचार थे। पहला, विपिन तो पुराना दोस्त है, मुझसे गलत पेपर्स साइन नहीं करवाएगा। दूसरा, अरे गारंटर के लिए साइन ही तो कर रहा हूं, लोन कौन सा मुझे चुकाना है। वह तो विपिन की जिम्मेदारी है।

उसके दोनों ही विचार तब गलत साबित हो गए जब उसके पास बैंक का नोटिस आया और गारंटर के रूप में लोन चुकाने के लिए कड़ा तकाजा। वकीलों से बातचीत करने के बाद ही उसे पता चला कि किसी भी कानूनी कागज पर बिना सोचे-समझे साइन करना कितना भारी पड़ सकता है। यह भी बाद में पता चला कि गारंटर के रूप में साइन करना महज कागजी खानापूर्ति नहीं होती, बल्कि कर्जदार के कर्ज न चुकाने की सूरत में बैंक गारंटर पर कानूनी कार्यवाही कर के उससे भी वसूली कर सकता है। आप भी जान लें कि एक गारंटर के रूप में आपकी जिम्मेदारी तभी संपूर्ण होती है जब बैंक को लोन की रकम पूरी मिल जाती है। जब तक लोन का रीपेमेंट नहीं हो जाता तब तक आपकी क्रेडिट रिपोर्ट पर भी इसका असर पड़ता है और आपको खुद के लिए लोन मिलने में दिक्कत आ सकती है।

**वारिस को संपत्ति का हक देने के लिए ऑनलाइन वसीयत काफी :** इन दिनों कई वेब पोर्टल और कंपनियां ऑनलाइन वसीयत लिखने के लिए उपलब्ध हैं जहां आप उनके मार्गदर्शन के मुताबिक सूचनाएं दर्ज करते हुए अपनी वसीयत लिख सकते हैं। आपकी दी गई सूचनाओं को इकट्ठा करके वेबसाइट खुद ही आप की वसीयत ड्राफ्ट कर देगी। इसमें करीब 10 हजार रुपए खर्च होंगे।

कई लोग वसीयत ड्राफ्टिंग होकर आने पर समझते हैं कि बस, अब काम पूरा हो गया। लेकिन, भारतीय कानून ऑनलाइन विल को स्वीकार नहीं करता। आपको इस ड्राफ्टिंग का प्रिंट लेना होगा और 2 गवाहों के सामने इस पर अपने हस्ताक्षर करने होंगे। बिना गवाहों या आप के हस्ताक्षर के, इस ड्राफ्टिंग का कोई कानूनी महत्त्व नहीं समझा जाएगा। जरूरी तो नहीं है पर बेहतर होगा कि आप इसे रजिस्टर भी करवा लें। हां, वसीयत लिखते वक्त ध्यान रखें, जिसे अपनी संपत्ति देनी हो उसका घरेलू या आधा-अधूरा नाम न लिखें, अगर नकद रकम है तो रकम का स्पष्ट उल्लेख करें, अचल संपत्ति का पूरा ब्योरा, नाप आदि अवश्य दें।

**किसी भी प्रतिनिधित्व के लिए लेटर औफ अथौरिटी पर्याप्त :** वैसे तो अपने फाइनेंशियल मैटर्स की देखभाल यथासंभव खुद ही करनी चाहिए लेकिन काम अधिक हो, तो व्यक्तिगत रूप से हर काम करना संभव नहीं हो पाता। ऐसे में हम किसी व्यक्ति को अधिकारपत्र या फिर लेटर ऑफ अथॉरिटी दे देते हैं। पत्रवाहक उस पत्र को दिखा कर कई रूटीनवर्क कर सकता है, जैसे बैंक से अकाउंट स्टेटमेंट लाना, चैकबुक लाना, किसी कार्यालय से कागजात लाना या किसी व्यक्ति या संस्था विशेष के पास रखा कोई सामान लाना आदि। लेकिन यह कोई रजिस्टर्ड डॉक्यूमेंट नहीं है, इसलिए इसे किसी बड़े लेनदेन या जटिल फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

**कोर्ट के बाहर सेटलमेंट कर लेने के बाद कुछ नहीं हो सकता :** यह सच है कि धोखाधड़ी के मामले में आप हमेशा कोर्ट जा सकते हैं। कोर्ट इस बात की समीक्षा करेगा कि समझौता या इकरारनामा किस मंशा से और किन परिस्थितियों में किया गया। अगर कोर्ट उस में धोखाधड़ी या गलत मंशा पाता है तो करार को रद्द कर देगा।

**कोर्ट में ओरिजिनल पेपर जमा करने पड़ते हैं :** कई लोग कोर्ट में कागजात जमा करते वक्त बड़ी भूल कर बैठते हैं और यह सोच कर कि कोर्ट फोटोकॉपी स्वीकार नहीं करेगा, वास्तविक कागजात जमा कर बैठते हैं। ऐसे में आपके कागजात खो सकते हैं। प्रोसीजर के मुताबिक, जब आप कोर्ट में कोई याचिका या मुकदमा दायर करते हैं, तो प्रमाण के रूप में वास्तविक दस्तावेज की सिर्टफाइड फोटोकौपी और एफिडेविट जमा करने की जरूरत होती है। आप को वास्तविक कागजात अपने वकील को भी सौंपने चाहिए। ओरिजिनल डॉक्यूमेंट्स आप स्कैन करके कंप्यूटर या अपने मेल में सेव कर लें।

**कंज्यूमर कोर्ट में जाने के लिए वकील जरूरी नहीं :** उत्पादकों, सेवा प्रदाताओं व अन्य कंपनियों से परेशान कई लोग उपभोक्ता अदालत में सिर्फ इस डर से नहीं जाते हैं कि कौन कोर्ट-कचहरी के चक्कर में पड़े और ऊपर से वकील की मोटी फीस भी चुकानी पड़ेगी। सच तो यह है कि कंज्यूमर कोर्ट में जाने के लिए वकील की जरूरत नहीं होती, सुप्रीम कोर्ट ने ऐसी रूलिंग दे दी है। वर्ष 2000 में मुंबई डिस्ट्रिक्ट कंज्यूमर फोरम ने उपभोक्ता द्वारा दो टूर ऑपरेटर्स के खिलाफ दी गई अर्जी को यह कह कर ठुकरा दिया था कि आपको वकील के मारफत आना होगा। लेकिन बाद में फोरम के इस निर्णय के खिलाफ कोर्ट ने कहा कि कंज्यूमर फोरम में शिकायत के लिए वकील की कोई जरूरत नहीं।

**जब चाहें कोर्ट में केस कर सकते हैं:** भारतीय कानून किसी भी नागरिक को न्याय पाने का पूरा मौका देता है। लेकिन इस का मतलब यह नहीं है कि आप जब चाहें कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं। सिविल केस वर्ष 1963 के लिमिटेशन ऐक्ट के दायरे में ही दर्ज किए जा सकते हैं। ज्यादातर प्रतिवादी के वकील ऐसे केस का विरोध ज्यादा करते हैं। अगर केस दायर करने वाला व्यक्ति नाबालिग है या मानसिक रूप से अक्षम है, तो उसके लिए समय सीमा में छूट दी जा सकती है।

# मैरिज रजिस्ट्रेशन है जरूरी

कानूनन जरूरी होने के बावजूद लोग शादी का रजिस्ट्रेशन तभी कराते हैं जब उन्हें वीजा आदि के लिए आवेदन करना होता है। शादी या उसके बाद और बातों का तो बड़ा ध्यान रखा जाता है, लेकिन शादी का रजिस्ट्रेशन कराने को प्राथमिकता नहीं दी जाती है। अनपढ़ लोगों का ही नहीं शिक्षित लोगों का भी यही हाल है। चलिये, बात करते हैं कि शादी का रजिस्ट्रेशन कितना जरूरी है तथा यह करवाना कितना आसान है और आगे चल कर इसके क्या फायदे है

विपुल माहेश्वरी

**मैरिज** सर्टिफिकेट इस बात का आधिकारिक प्रमाण होता है कि 2 लोग शादी के बंधन में बंधे हैं। आजकल जन्म प्रमाणपत्र को उतनी अहमियत नहीं दी जाती, जितनी विवाह प्रमाणपत्र को दी जाती है। लिहाजा, इसे बनवाना अहम है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। अतः यहां दो ऐक्ट्स के तहत शादियों का रजिस्ट्रेशन होता है- हिंदू मैरिज ऐक्ट 1955 और स्पैशल मैरिज ऐक्ट 1954।

आप की शादी हुई है और अमुक तारीख को हुई है, इस बात का अनिवार्य कानूनी सुबूत है मैरिज सर्टिफिकेट। आप बैंक खाता खोलने, पासपोर्ट बनवाने या किसी और दस्तावेज के लिए आवेदन करते हैं, तो वहां मैरिज सर्टिफिकेट काम आता है। जब कोई दंपती ट्रैवल वीजा या किसी देश में स्थाई निवास के लिए आवेदन करता है, तो मैरिज सर्टिफिकेट काफी मददगार साबित होता है।

भारत या विदेश में स्थित दूतावास पारंपरिक विवाह समारोहों के सुबूत को मान्यता नहीं देते। उन्हें मैरिज सर्टिफिकेट देना होता है। जीवन बीमा के फायदे लेने के लिए भी मैरिज सर्टिफिकेट जमा कराना (जिन मामलों में पति या पत्नी में से किसी की मौत हो गई हो) होता है। नॉमिनी अपने आवेदन की पुष्टि में कानूनी दस्तावेज पेश नहीं करे तो कोई बीमा कंपनी अर्जी को गंभीरता से नहीं लेती। 2006 में सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर शादी का रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य घोषित कर दिया था।



**कैसे कराएं रजिस्ट्रेशन :** हिंदू ऐक्ट या स्पेशल मैरिज ऐक्ट के तहत शादी का रजिस्ट्रेशन कराना कतई मुश्किल नहीं है। पति या पत्नी जहां रहते हैं, उस क्षेत्र के सबडिविजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) के दफ्तर में अर्जी दे सकते हैं। अर्जी पर पति-पत्नी दोनों के हस्ताक्षर होने चाहिये। अर्जी देते वक्त उस के साथ लगाए गए दस्तावेज की जांच-परख होती है।

उसके बाद ऑफिस की ओर से एक दिन तय किया जाता है। इसकी सूचना दंपती को दे दी जाती है। उस वक्त पहुंच कर पति-पत्नी शादी को रजिस्टर्ड करा सकते हैं। उस वक्त एसडीएम के सामने पति-पत्नी के साथ एक गैजेटेड ऑफिसर को भी मौजूद रहना पड़ता है, जो शादी में मौजूद रहा हो। प्रमाण पत्र उसी दिन जारी कर दिया जाता है।

हिंदू मैरिज ऐक्ट के तहत प्रमाणपत्र लेने के लिए आवेदन फीस और स्पेशल मैरिज ऐक्ट के तहत लेने के लिए 50 रुपये फीस है। फीस डीएम ऑफिस के कैशियर के पास जमा कराई जाती है और उसकी रसीद अर्जी के साथ लगानी होती है। सरकार ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की पहल भी की है।

### विवाह प्रमाणपत्र के फायदे

- भारत में स्थित विदेशी दूतावासों या विदेश में किसी को पति-पत्नी साबित करने के लिए विवाह प्रमाणपत्र देना अनिवार्य होता है।
- विवाह प्रमाणपत्र होने से महिलाओं में विश्वास और सामाजिक सुरक्षा का एहसास जगता है। पति-पत्नी के बीच किसी तरह का विवाद (दहेज, तलाक, गुजारा भत्ता लेने आदि) होने की स्थिति में विवाह प्रमाणपत्र काफी मददगार साबित होता है।
- इससे प्रशासन को बाल विवाह पर लगाम लगाने में मदद मिलती है। अगर आपकी उम्र शादी लायक नहीं है तो विवाह का रजिस्ट्रेशन नहीं होगा।

### स्पेशल मैरिज ऐक्ट 1954

- स्पैशल मैरिज ऐक्ट के तहत भी आसानी से शादी रजिस्टर्ड कराई जा सकती है। इसके लिए निम्न स्टैप्स हैं:
- पति-पत्नी जिस क्षेत्र में रहते हैं, वहां के मैरिज अफसर को शादी की सूचना देनी होती है।
- नोटिस की तारीख से कम से कम एक महीना पहले से उस क्षेत्र में रिहाइश होनी जरूरी है।
- अगर पति-पत्नी दोनों अलग-अलग इलाके में रहते हैं तो नोटिस की एक कॉपी दूसरे क्षेत्र के मैरिज अफसर को भेजनी होगी। नोटिस पब्लिश होने के 1 महीने बाद शादी को कानूनी वैधता दे दी जाती है।
- अगर कहीं से कोई आपत्ति आती है तो मैरिज अफसर दंपती से संपर्क कर पूछता है कि शादी को वैधता प्रदान की जाए या नहीं।

### शादी रजिस्टर्ड कराने के स्टैप्स

- हिंदू मैरिज ऐक्ट के तहत कोई भी अपनी शादी को रजिस्टर्ड करा सकता है। इस के लिए निम्न स्टैप्स हैं:
- दंपती को रजिस्ट्रार के यहां आवेदन करना होता है। यह रजिस्ट्रार या तो उस क्षेत्र का होगा जहां शादी हुई हो या फिर वहां का जहां पति-पत्नी में से कोई कम से कम छह महीने से रह रहा हो।
- दंपती को शादी के एक महीने के भीतर गवाह के साथ रजिस्ट्रार के सामने हाजिर होना होगा। बतौर गवाह माता-पिता, अभिभावक, दोस्त कोई भी हो सकता है।
- रजिस्ट्रेशन में देरी होने पर 5 साल तक रजिस्ट्रार को माफी देने का अधिकार है। इससे ज्यादा वक्त होने पर संबंधित डिस्ट्रिक्ट रजिस्ट्रार के पास इसका अधिकार है।

## स्पीड न्यूज

### सीएम हेमंत सोरेन के आगमन को लेकर डीसी ने की बैठक



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लोहरदगा आगमन के अवसर पर परिसंपत्ति वितरण संबंधी आवश्यक बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में उपायुक्त द्वारा माननीय मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में मंच संचालन, लाभुकों को बैठाने व मंच तक लाने, विकास मेला की तैयारी, बैठने की व्यवस्था, पार्किंग की व्यवस्था, भोजन की व्यवस्था, परिवहन की व्यवस्था आदि व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई और पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की योजनाओं के शिलान्यास व उद्घाटन की समीक्षा की गई व आवश्यक निदेश उपायुक्त द्वारा पदाधिकारियों को दिये गये।

### वनाधिकार सामुदायिक पट्टा संबंधित बैठक आयोजित



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत वनाधिकार सामुदायिक पट्टा संबंधित आवश्यक बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में कुल 29 आवेदनों पर चर्चा हुई और अधिनियम की शर्तों के अनुरूप आवेदनों को अनुमोदित किया गया। बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### अधिकारियो ने पढ़ा संविधान का प्रस्तावना



**लोहरदगा।** संविधान दिवस के अवसर पर रविवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के नेतृत्व में संविधान का प्रस्तावना समाहरणालय सभागार में पढ़ा गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला परिवहन सौरभ प्रसाद समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया का छिड़काव किया गया



**भंडरा।** प्रखंड में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शनिवार को इफको कंपनी द्वारा किसानों के खेतों में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया का छिड़काव किया गया। साथ ही किसानों को बेहतर पैदावार के लिए खाद की उपयोगिता को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर भंडरा के आनंद साहू ने कहा कि भारत सरकार द्वारा संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भंडरा के मदन साहू, सनिया उरांव के खेत में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया, नैनो डीएपी व सागरिका खाद का छिड़काव किया गया। साथ ही किसानों को बेहतर पैदावार के लिए आधुनिक पद्धति से खेती करने की जानकारी दी गई। मौके पर अयोध्या साहू, रामजीत उरांव, बिठु उरांव, महली उरांव सहित किसान मौजूद थे।

### नारी निकेतन के वृद्धों के बीच सर्वेश्वरी समूह ने बांटा कंबल



**गुमला।** सर्वेश्वरी समूह महिला संगठन के द्वारा बढ़ते ठंड को देखते हुए समूह के 19 सूत्री कार्यक्रम के तहत नारी निकेतन सिलम में रह रहे 15 असहाय एवं अनाथ महिलाओं के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान निकेतन में अघोरेश्वर संदेश का भी वितरण किया गया और संगठन की नीता हरीतिमा के द्वारा सर्वेश्वरी समूह के कार्यवृत्त एवं उद्देश्यों को विस्तार से बतलाया गया। उन्होंने महिलाओं को आश्वस्त किया कि वे कदापि अपने को अकेला महसूस नहीं करें और अपने स्वास्थ के प्रति सजग रहते हुए ठंड से बचें। कार्यक्रम के दौरान नारी निकेतन में रह रहीं महिलाएं काफी आत्मविभोर व प्रसन्नचित दिखीं। मौके पर नारी निकेतन की वार्डेन गायत्री देवी सहित महिला संगठन की नम्रता सिंहा, मीरा विश्वकर्मा, नीलम केसरी, अनिसा गुप्ता,हेमलता यादव, कांता गुप्ता आदि उपस्थित थीं।

### संविधान हमें समानता व पूर्ण स्वतंत्रता के साथ जीवन यापन का देता है अधिकार: पी डीजे

**गुमला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के द्वारा रविवार को व्यवहार न्यायालय परिसर गुमला में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में न्यायिक पदाधिकारीगण तथा व्यवहार न्यायालय में कार्यरत कर्मचारियों ने भाग लिया। उनके द्वारा संविधान की प्रस्तावना पढ़ी गई। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश श्री संजय कुमार चंद्यार्वी ने संविधान के प्रस्तावना के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की तथा संविधान के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि संविधान हमें समानता तथा पूर्ण स्वतंत्रता के साथ जीवन यापन तथा जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। हमें हमारा संविधान एक लंबे संघर्ष तथा अनगिनत बलिदानों के बाद मिला है और यह हमारी जिम्मेवारी है कि संविधान की गरिमा को हम लोग हमेशा बनाए रखें । सभा में मुख्य रूप से न्याय पदाधिकारीगण तथा व्यवहार न्यायालय के कर्मचारियों ने भाग लिया।

### खीस्त जयंती पर निकाले गये शोभायात्रा का क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन ने किया स्वागत



**गुमला।** खीस्त जयंती पर निकाले गये शोभायात्रा का झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के सदस्यों के द्वारा गुमला पोस्ट ऑफिस के समीप स्टॉल लगाकर स्वागत किया गया। क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के सदस्यों ने शोभा यात्रा में शामिल लोगों के लिए पानी की व्यवस्था की। मौके पर संगठन के अध्यक्ष हेमंत कुमार ने कहा मसीही हमारा राजा है और हम उसी राजा के संतान हैं। हम सबको एक होने की जरूरत है। आज अगर मसीह समाज एक होंगे तब हम कोई भी समस्या का समाधान कर सकते हैं। मौके पर संगठन के संरक्षक अमित एक्का ने कहा समय की मांग है कि हम मसीह सब एक हो जाएं।

# टाटा स्टील का एपेक्स टीक्यूएम अवॉर्ड्स नाइट 2023 संपन्न

## एस्पायर और शिखर 25 के टॉप 75 प्रोजेक्ट और 3 टॉप इम्पैक्ट सेंटर सम्मानित

2022 में शुरू की गई सभी गुणवत्ता पहलों की थीम 'टुवर्ड्स गेम्बा फोकस्ड एक्सीलेंस' को 2023 में शॉप फ्लोर के साथ फिर से संपर्क स्थापित करने और कार्यस्थल पर सुरक्षा, गुणवत्ता और जीवंतता में सुधार की दिशा में काम करने के उद्देश्य से कायम रखा गया था

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सर्वोत्तम सुधार परियोजनाओं और सर्वश्रेष्ठ डिवीजनों को सम्मानित करने के लिए गत शुक्रवार को कीनन स्टेडियम में एपेक्स टीक्यूएम अवाड्र्स नाइट 2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टीवी नरेंद्रन, सीईओ और प्रबंध निदेशक, टाटा स्टील और अवनीश गुप्ता, वाईस प्रेसिडेंट, टीक्यूएम और इंजीनियरिंग एंड प्रोजेक्ट्स, टाटा स्टील ने पुरस्कार प्रदान किया। 2022 में शुरू की गई सभी गुणवत्ता पहलों की थीम 'टुवड्र्स गेम्बा फोकस्ड एक्सीलेंस' को 2023 में शॉप फ्लोर के साथ फिर से संपर्क स्थापित करने और कार्यस्थल पर सुरक्षा, गुणवत्ता और जीवंतता में सुधार की दिशा में काम करने के उद्देश्य से कायम रखा गया था। शाम के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, टीवी नरेंद्रन, सीईओ और प्रबंध निदेशक, टाटा स्टील ने सभी विजेताओं और उनके परिवार के सदस्यों को बधाई दी और गेम्बा फोकस्ड एक्सीलेंस की ओर बढ़ने के लिए निरंतर सुधार की यात्रा में सक्रिय रूप से दूसरों को सुनने की आवश्यकता को दोहराया। अवनीश गुप्ता, वाईस प्रेसिडेंट, टीक्यूएम और इंजीनियरिंग एवं प्रोजेक्ट्स, टाटा स्टील ने भी सभी विजेताओं को बधाई दी और परियोजनाओं के पैमाने और गुणवत्ता के साथ-साथ विभिन्न टीमों में प्रतिभागियों की विविधता की सराहना की और निरंतर सुधार की यात्रा पर चर्चा की। तृप्ति श्रीवास्तव, चीफ टीक्यूएम एंड सीक्यूए, टाटा स्टील ने स्वागत भाषण दिया और पिछले वित्तीय वर्ष की कुछ प्रमुख झलकियां और प्रमुख उपलब्धियां दर्शकों के साथ साझा किए।







# साढे इक्कीस किलो गांजे के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

## गांजे की कीमत दो लाख रुपये आंकी गयी

दो वाहन व तीन मोबाईल किया जब्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



गिरफ्तार अभियुक्त, बरामद गांजा के साथ एसडीपीओ व थाना प्रभारी।

**गुमला।** पालकोट पुलिस ने गुप्त सूचना पर साढे इक्कीस किलो गांजा के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। जब्त गांजे की कीमत दो लाख रूपया बताया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों में खुसतर अंसारी, मोईन अंसारी व अफताब अंसारी के नाम शामिल है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से तीन मोबाईल, वह तस्करी के समान लेकर जा रहे एक डिजायर वाहन व एक स्कारपियो वाहन को जब्त किया गया। इस संबंध में एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी ने रविवार को पालकोट थाना परिसर में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि उड़ीसा की ओर से वाहन में गांजा लेकर पालकोट की ओर तस्कर आ रहे हैं। सूचना के बाद वरीय अधिकारियों के निर्देश पर छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम पालकोट थाना क्षेत्र के अंबेराडही राजपुताना ढ़ाबा के पास नाका लगाया गया। इसी दौरान दोनों वाहनों को नाका पर रोक कर तलाशी ली गयी। जिसमें डिजायर वाहन से तलाशी के क्रम में एक बोरे में साढे इक्कीस किलो गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि उड़ीसा का एक व्यक्ति उन्हें कहा था कि वह गांजा का व्यापार करता है और काफी मुनाफा होता है। कभी गांजा का व्यापार करना होगा तो संपर्क करना किफायती दाम में गांजा मिल जाएगा। जिसपर लालच में आकर तीनों अभियुक्तों ने 87 हजार रुपए कैश व 49 हजार रूपया फोन पे कर लगभग 22 किलो ग्रामो गांजा मंगाया था। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में गांजा तस्करी में अपनी संलिप्ता स्वीकार की।

# विभागीय उपेक्षा झेल रहा है प्रखंड का एकमात्र कन्या उच्च विद्यालय

## विद्यालय में नियुक्त एक शिक्षिका को प्रतिनियुक्ति पर दूसरे विद्यालय भेजा

**संदीप कुमार**



कन्या उच्च विद्यालय।

**भंडरा।** शिक्षा विभाग की उपेक्षा के कारण भंडरा प्रखंड का एकमात्र कन्या उच्च विद्यालय प्रोजेक्ट बंशीधर कन्या उच्च विद्यालय की छात्राओं को पढ़ाई के लिए काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय में मात्र एक शिक्षिका आभा किरण खाखा विषय सामाजिक विज्ञान की है। शिक्षिका आभा किरण खाखा किसी कारण से अवकाश पर चले जाने से विद्यालय संचालन की समस्या हो जाती है। विद्यालय में नियुक्त एक अन्य शिक्षिका आकांक्षा पाठक विषय अंग्रेजी को विभागीय आदेश से दूसरे विद्यालय में प्रतिनियुक्त कर दिया गया है। जबकि इस विद्यालय में शिक्षक शिक्षिकाओं के भारी कमी है। शिक्षिका के नहीं रहने के कारण विद्यालय के छात्रों को पढ़ाई के लिए काफी समस्या झेलनी पड़ रही है। इसके बावजूद विभाग के पदाधिकारी के द्वारा शिक्षिका को अन्य प्रतिस्थापन किए जाने से विद्यालय में पठन-पाठन की समस्या बनी हुई है। विद्यालय में एक क्लर्क एक कंप्यूटर ऑपरेटर पदस्थापित है। विद्यालय में 450 छात्राएं नामांकित हैं। जो की कक्षा 9 एवं 10 में पढ़ती है। सभी छात्रों को वार्षिक परीक्षा सहित मैट्रिक की परीक्षा की तैयारी करने की समस्या बनी हुई है। प्रोजेक्ट बंशीधर कन्या उच्च विद्यालय भंडरा की छात्रों की पठन-पाठन की समस्या को नजरअंदाज कर शिक्षकों की नियुक्ति शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालय में नहीं की जा रही है। विद्यालय में शिक्षकों की कमी एवं छात्रों की पठन-पाठन की समस्या के संबंध में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ सुधांशु से बात करने पर बताया गया कि उक्त विद्यालय में शिक्षकों की भारी कमी है। शिक्षकों की कमी को देखते हुए विभाग में तीन बार पत्राचारकर 6 शिक्षकों की मांग किया जा चुका है। परंतु शिक्षकों की नियुक्ति विद्यालय में अभी तक नहीं हुई है। विद्यालय में शिक्षकों की कमी एवं छात्राओं का सिलेबस पूरा करने की जटिल समस्या को देखते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक के द्वारा छात्राओं को बगल में स्थित लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू विद्यालय के छात्रों के साथ पढ़ने की व्यवस्था की गई है। परंतु दो विद्यालयों की छात्रों का संख्या एक विद्यालय में हो जाने के कारण पठन-पाठन की समस्या यहां भी बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विद्यालय में शिक्षकों की कमी विभाग के द्वारा पूरी नहीं की जाती है तो विद्यालय को बंद कर दिया जाना चाहिए। जिससे की छात्राएं विद्यालय में नामांकन नहीं ले और उनका भविष्य खराब ना हो। इस विद्यालय में शिक्षकों की कमी लंबे अरसे से चली आ रही है। इसके बावजूद शिक्षा विभाग के द्वारा विद्यालय में शिक्षक नियुक्ति पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण यहां पढ़ने वाली छात्राओं का भविष्य दाव पर लगा हुआ है।

## उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमाँ ने कुडू प्रखण्ड के चिरी पंचायत में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम को लेकर हो रही आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर उपायुक्त ने मुख्य कार्यक्रम स्थल में मंच निर्माण, स्टॉल निर्माण, पार्किंग, परिसंपत्तियों का वितरण समेत अन्य बिंदुओं का अवलोकन किया और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिये। विदित हो कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 28 नवंबर को कुडू प्रखंड के चिरी पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप शामिल होंगे।

## संविधान की प्रस्तावना सभी को एक जवाबदेह नागरिक बनाता है : पीडीजे

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**लोहरदगा।** संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की उद्देशिका एवं मौलिक कर्तव्य का पाठ पढ़ा गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल के नेतृत्व में सिविल कोर्ट परिसर में संविधान दिवस के अवसर पर संविधान के प्रस्तावना एवं 11 मौलिक कर्तव्यों का पाठ पढ़ा गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल ने संविधान की प्रस्तावना एवं मौलिक कर्तव्यों को पढ़ा। संविधान के प्रस्तावना और मौलिक कर्तव्यों को पढ़ने से हमें जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद मिलती है। उपस्थित लोगों में पीडीजे के अतिरिक्त कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सुभाष, अरविंद कुमार, वरीय सिविल जज अर्चना कुमारी, राजेश कुमार, सुचिता निधि तिग्गा 100 से ज्यादा कर्मी, लोहरदगा जिले में पुलिस बल के जवान भी उपस्थित रहें ।

## एमबी डीएवी विद्यालय में संविधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शिक्षक शितेश कुमार पाठक, आरती कुमारी व पल्लवी कुमारी द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर नाटक का आयोजन किया गया। मौके पर कहा गया की देश में हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन हमारे संविधान सभा ने मौजूदा संविधान को अपनाया था। यह हमारा संविधान ही है जो विविध जातियों, धर्म व संस्कृतियों से परिपूर्ण 140 करोड़ की आबादी वाले हमारे देश को एकता के सूत्र में पिरोता है और विश्व में हमें अपनी एक अलग पहचान देता है। विद्यार्थियों में संविधान के प्रति सम्मान की भावना जागृत करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका पल्लवी कुमारी के निर्देशन में संविधान के महत्व पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसमें मुस्कान, अंतरा ,तनु, स्तुति, कृतिका, भूमि, पायल, प्रांशु, प्रिया, आनंदी, राखी, प्राची, शुभांगिनी, अंशु, श्यामा, अविका, आशी व हर्षिता ने अभिनय किया।

## सविधान दिवस पर पुलिस कर्मियों ने ली मौलिक कर्तव्यों की शपथ

**भंडरा।** 74 वें संविधान दिवस पर रविवार को प्रखंड के सभी सरकारी दफ्तरों में कार्यक्रमों का आयोजन व प्रस्तावना का पठान कराया गया और मौलिक कर्तव्यों की शपथ दिलाई गई। वहीं भंडरा थाने मे थाना प्रभारी गौतम कुमार ने नेतृत्व में पुलिस कर्मियों और अधिकारियों को संविधान दिवस के अवसर पर कर्मचारियों को संविधान की रक्षा एवं देश की अखंडता एवं संप्रभुता को अक्षुण्य रखने की शपथ दिलायी गई। मौके पर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि हम भारत के संविधान में दिए गए मूल कर्तव्यों का पालन करेंगे। संवैधानिक आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज व राष्ट्रीय प्रतीकों का आदर करना चाहिए। इस मौके पर मुंशी लालकुमार महतो, एसआई राजेंद्र प्रसाद यादव, एएसआई सतेंद्र नारायण सहित सभी पुलिस जवान मौजूद थें।

## बेहतर ट्रेफिक व्यवस्था बनाये रखने पर थाना प्रभारी को सम्मानित

**गुमला।** दुर्गा पुजा, धनतेरस, दीपावली, कालीपुजा, चित्रगुप्त पुजा एवं छठ महापर्व पर गुमला पुलिस प्रशासन के द्वारा शहर में ट्रैफिक व्यवस्था अच्छा बनाये रखने एवं शांति बहाल पर किये गये बेहतर कार्य पर चेंबर आफ कॉमर्स गुमला के द्वारा गुमला थाना प्रभारी श्री विनोद कुमार को चेम्बर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर अध्यक्ष दामोदर कसेरा, छेत्रीय उपाध्यक्ष अमित माहेस्वरी, वरीय उपाध्यक्ष राजेश, सचिव बबलु, नीरज, संजीव व अन्य मौजूद थें।

## गुरुनानक जयंती के मौके पर निकली गयी शोभायात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** सिखों के पहले गुरू गुरूनानक देव जी के 554 वें प्रकाश पर्व को लेकर सिख समाज गुमला के द्वारा जिला मुख्यालय स्थित पालकोट रोड गुरूद्वारा से रविवार को भवय शोभा यात्रा निकाला गया। जो शहर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ पालकोट रोड, टावर चौक, मेन रोड, लोहरदगा रोड सहित कई स्थानों पर घूमी। जुलूस में सिख समाज के लोग भारी संख्या में शामिल हुए। इससे पूर्व गुरूनानक जी के गुरू ग्रंथ साहेब को एक वाहन में रख कर लाया गया। वाहन को आकर्षक तरीके से सजाया गया। नगर भ्रमण के दौरान सिख समुदाय के महिलाएं गुरूनानक जी का गुणगण, शब्द पाठ एवं भजन किर्तन कर रही थी। वहीं नगर भ्रमण के दौरान पंच प्यारे सबसे आगे चल रहे थे। वहीं शोभायात्रा का टावर चौक में चेंबर ऑफ कामर्स सहित विभिन्न संगठनों के द्वारा स्वागत किया गया। लोगों के बीच सिख समुदाय द्वारा प्रसाद के रूप में फल एवं जुलूस में शामिल लोगों के बीच चाय का वितरण किया गया। 27 नवंबर को जशपुर रोड गुरूद्वारा में गुरूनानक जयंती पर भव्य लंगर का आयोजन किया जाएगा। शोभायात्रा में रंजीत, महेंद्र, दिलदार, सुरेंद्र, कुलदीप, काकू, महेंद्र, गगन, जसवंत, सत्वेंद्र, रंवजीत, अनमोल, समरजीत, मंजीत , गौरव, गुरूचरण, गुरमीत, जसवंत, रविंद्र, कमलेश, बलजीत, मनप्रीत, होशियार, मनोहर सिंह, सोनू, बब्बू, शेखर आनंद, अशोक आनंद, हरजीत सिंह आदि शामिल थे।

## किसानों के बीच दो दो किलो सरसों बीज का हुआ वितरण



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के चितरी डाँडू पंचायत अन्तर्गत एकागुड़ी ग्राम में सरकार द्वारा संचालित योजना बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत प्रत्येक किसानों के बीच 2 - 2 किलो सरसों बीज का वितरण प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष राजकिशोर राम एवं उप मुखिया सघनु लोहरा की उपस्थिति में विजय राम, हंसराज उराँव,मुस्ताक अहमद,आनन्द महली, जोखना उराँव, नुरेशा खातुन, मंगरी देवी,नवल महतो, प्रकाश साहु, आसिफ अंसारी, हीरामुनी देवी, ललित उराँव,प्रदीप भगत,मनी उराँव सहित अन्य किसानों के बीच बीज वितरण किया गया। बीज वितरण के लिये जिला कृषि कार्यालय आत्मा द्वारा किसानों के बिन उपलब्ध कराया जा रहा है। मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष राजकिशोर,सुमन कुमार, उप मुखिया सधनु लोहरा,कृषि मित्र एतवा उराँव सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

# ट्रक चोरी में शामिल आपराधिक गिरोह का उद्भेदन, पुलिस ने चार को दबोचा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चैनपुर स्थित एक बॉडी गैरेज में खड़े एक 12 चक्का ट्रक से 24 नवम्बर की रात्रि को टायर खोलकर चोरी करने के मामले में कोडरमा पुलिस ने रविवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर मामले का उद्भेदन किया। प्रेस वार्ता के दौरान बताया गया कि एक अन्तर्राजीय आपराधिक गिरोह जिसके द्वारा अलग-अलग राज्यों के विभिन्न जिलों में इलाके की रैकी करने के बाद ट्रकों को चिन्हित कर उनके पहियों को खोलकर एक स्पेशल ट्रक में जिसमें एक स्पेशल ढांचा बनाया गया था। इसी में गुप्त तरीके से छुपाकर चोरी के टायरों को ले जाया जाता था। इस घटना को एसपी द्वारा गम्भीरता से लेते हुए इसके उद्भेदन हेतु, पुनि अवधेश सिंह, डोमचांच अंचल के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर घटना को अजाम देने वाले इस अन्तर्राजीय गिरोह के चार सदस्यों को घटना में प्रयुक्त एक आईसर कम्पनी का ट्रक, एक सफेद रंग की टाटा सफारी कार, टायर खोलने में इस्तेमाल किया जाने वाला 1 जैक एवं चोरी गये टायर के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा अपने स्वीकारोक्ति बयान में यह बताया गया कि इनके द्वारा पूर्व में भी उत्तर प्रदेश, उड़ीसा एवं झारखण्ड के कई जिलों में इस तरह की घटना को अंजाम दिया जा चुका है। इस गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान कर ली गयी है, जल्द ही उनकी भी गिरफ्तारी कर ली जायेगी। 52 वर्षीय राजलाल बिन्द पिता स्व. शोमनाथ बिन्द साकिन इब्राहिमपुर थाना गोपीगंज जिला भदौही उत्तर प्रदेश निवासी, 53 वर्षीय परमजीत सिंह पिता स्व. महेंद्र सिंह साकिन कुर्कनालो बाराटांड थाना चतरोचट्टी जिला बोकारो वर्तमान पता लाल बंगला घाटो रोड थाना चरही जिला हजारीबाग निवासी, 50 वर्षीय चंद्रप्रभात केवट पिता स्व. रामप्रताप केवट साकिन राजमन बघौरा थाना जिगना जिला मिर्जापुर उत्तर प्रदेश निवासी, 48 वर्षीय मानिक चन्द्र भारतीय पिता फुलचंद भारतीय सा. बेला अहीरान जिला इलाहाबाद निवासी के नाम शामिल हैं।

इस सन्दर्भ में अशोक राणा, पिता बद्री राणा, ग्राम रगांव फुलवरिया निवासी के लिखित आवेदन के आधार पर डोमचांच थाना कांड संख्या 163/23 दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# सभी टीमों ने जारी की रिटेन खिलाड़ियों की लिस्ट, फिर दिखेगा धोनी का जलवा

**नयी दिल्ली।** आइपीएल 2024 की नीलामी से पहले सभी टीमों ने अपने रिटेन किए गए खिलाड़ियों की लिस्ट जारी कर दी है। अब सभी फ्रेंचाइजी 19 दिसंबर को मिनी ऑक्शन में कई खिलाड़ियों को खरीदकर अपनी टीम पूरी करेंगी। सबसे पहले चेन्नई की टीम ने अपने रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची जारी की। चेन्नई ने बेन स्टोक्स को बाहर कर दिया। इसके कयास पहले ही लगाए जा रहे थे। वहीं, दिल्ली ने भी 11 खिलाड़ियों को रिलीज किया और यह फ्रेंचाइजी मेगा ऑक्शन में फिर से नई टीम बनाने की कोशिश करेगी।

### चेन्नई सुपरकिंग्स

**रिटेन किए गए खिलाड़ी :** महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान), डेवोन कॉन्वे, ऋतुराज गायकवाड़, अजिंक्य रहाणे, शेख रसीद, रवींद्र जडेजा, मिचेल सैंटनर, मोईन अली, शिवम दुबे, निशांत सिंधू, अजय मंडल, राजवर्धन हंगरगेकर, दीपक चाहर, महीष तीक्ष्णा, मुकेश चौधरी, प्रशांत सोलंकी, सिमरजीत सिंह, तुषार देशपांडे, मथीशा पाथिराना।

**रिलीज किए गए खिलाड़ी :** बेन स्टोक्स, अंबाती रायुडू, ड्वेन प्रिटोरियस, भगत वर्मा, सुभ्रांशु सेनापति, आकाश सिंह, काइल जेमीसन, सिसांदा मगाला।

### दिल्ली कैपिटल्स

**रिटेन किए गए खिलाड़ी :** ऋषभ पंत, डेविड वॉर्नर, पृथ्वी शॉ, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिचेल मार्श, यश ढुल, प्रवीण दुबे, विकी ओस्तवाल, एनरिक नोर्त्जे, कुलदीप यादव, लुंगी एनगिडी, खलील अहमद, ईशांत शर्मा, मुकेश कुमार।

**रिलीज किए गए खिलाड़ी :** राइली रूसो, चेतन साकरिया, रोवमन पॉवेल, मनीष पांडे, फिलप साल्ट, मुस्तफिजुर रहमान, कमलेश नागरकोटी, रिपल पटेल, सरफराज खान, अमन खान, प्रियम गर्ग।

### राजस्थान रॉयल्स

**रिटेन किए गए खिलाड़ी :** संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, डोनोवन फेरेरिया, कुणाल राठौर, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप सेन, नवदीप सैनी, प्रसिद्ध कृष्णा, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, युजवेन्द्र चहल, एडम जैम्पा, आवेश खान।

**रिलीज किए गए खिलाड़ी :** जो रूट, अब्दुल बाशित, जेसन होल्डर, आकाश वशिष्ठ, कुलदीप यादव, ओबेड मैकॉय, मुरुगन अश्विन, केसी करिअप्पा, केएम आसिफ।

### पंजाब किंग्स

**रिटेन किए गए खिलाड़ी :** शिखर धवन, जॉनी बेयरस्टो, जितेश शर्मा, प्रभसिमरन सिंह, मैथ्यू शॉर्ट, हरप्रीत भाटिया, अथर्व ताइदे, ऋषि धवन, सैम करन, सिकंदर रजा, लियम लिविंग्स्टोन, गुरनूर सिंह बरार, शिवम सिंह, राहुल चाहर, अर्शदीप सिंह, हरप्रीत बरार,विद्वत कवेरप्पा, कगिसो रबाडा, नाथन एलिस।

**रिलीज किए गए खिलाड़ी :** भानुका राजपक्षा, मोहित राठी, बलतेज ढांडा, राज अंगद बावा, शाहरुख खान।

### कोलकाता नाइट राइडर्स

**रिटेन किए गए खिलाड़ी :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), रिंकू सिंह, रहमनुल्लाह गुरबाज, आंद्रे रसेल, नीतीश राणा, वेंकेटश अय्यर, जेसन रॉय, अनुकूल रॉय, सुनील नरेन, वैभव अरोड़ा, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, वरुण चक्रवर्ती।

**रिलीज किए गए खिलाड़ी :** शाकिब अल हसन, लिटन दास, आर्य देसाई, डेविड वीज, एन जगदीशन, मनदीप सिंह, कुलवंत खेजरोलिया, शार्दुल ठाकुर, लोकी फर्ग्यूसन, उमेश यादव, जॉनसन चार्ल्स, टिम साउदी।

### सनराइजर्स हैदराबाद

**रिटेन किए गए खिलाड़ी :** एडेन मार्करम (कप्तान), राहुल त्रिपाठी, मयंक अग्रवाल, हेनरिक क्लासेन, ग्लेन फिलिप्स, उपेन्द्र यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, अनमोलप्रीत सिंह, सनवीर सिंह, अब्दुल समद, मार्को यानेसन, अभिषेक शर्मा, वॉशिंगटन सुंदर, भुवनेश्वर कुमार, उमरान मलिक, टी नटराजन, मयंक मार्कंडे, फजलहक फारुकी।

**रिलीज किए गए खिलाड़ी :** हैरी ब्रूक, समर्थ व्यास, कार्तिक त्यागी, विवरांत शर्मा, अकील हुसैन, आदिल रशीद।

### लखनऊ सुपर जाएंट्स

**रिटेन किए गए खिलाड़ी :** लोकेश राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुड्डा, देवदत्त पडीक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पांड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, मार्क वुड,मयंक यादव, मोहसिन खान।

**रिलीज किए गए खिलाड़ी :** जयदेव उनादकट, डेनियल सम्स, मनन वोहरा, स्वप्निल सिंह, कर्ण शर्मा, अर्पित गुलेरिया, सुर्यांस सेडगे, करुण नायर।

### गुजरात टाइटंस

**रिटेन किए गिए खिलाड़ी :** डेविड मिलर, शुभमन गिल, मैथ्यू शॉर्ट, ऋद्धिमान साहा, केन विलियम्सन, हार्दिक पांड्या (कप्तान), अभिनव मनोहर, साई सुदर्शन, दर्शन नलकंडे, विजय शंकर, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, मोहम्मद शमी, नूर अहमद, साई किशोर, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा।

**रिलीज किए गए खिलाड़ी :** यश दयाल, केएस भरत, शिवम मावी, उर्विल पटेल, प्रदीप सांगवान, ओडियन स्मिथ, अल्जारी जोशेप, दसून शनाका।

### मुंबई इंडियंस

**रिटेन किए गए खिलाड़ी :** रोहित शर्मा (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, सूर्यकुमार यादव, ईशान किशन, तिलक वर्मा, टिम डेविड, विष्णु विनोद, अर्जुन तेंदुलकर, कैमरून ग्रीन, शम्स मुलानी, नेहल वधेरा, जसप्रीत बुमराह, कुमार कार्तिकेय, पीयूष चावला, आकाश मधवाल, जेसन बेहरनडॉर्फ, रोमारियो शेपर्ड।

**रिलीज किए गए खिलाड़ी :** मोहम्मद अरशद खान, रमनदीप सिंह, ऋतिक शौकीन, राघव गोयल, जोफ्रा आर्चर, ट्रिस्टन स्टब्स, डुएन यानसेन, झाय रिचर्डसन, राइली मेरिडिथ, क्रिस जॉर्डन, संदीप वारियर।

### रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर

**रिटेन किए गए खिलाड़ी :** फाफ डु प्लेसिस, ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भांडगे, मयंक डागर, व्यसक विजय कुमार, आकाशदीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉप्ली, हिमांशू शर्मा, राजन कुमार।

**रिलीज किए गए खिलाड़ी :** वनिंदू हसरंगा, हर्षल पटेल, जोश हेजलवुड, फिन एलेन, माइकल ब्रेसवेल, डेविड विली, वेन पार्नेल, सोनू यादव, अविनाश सिंह, सिद्धार्थ कौल, केदार जाधव।

# ऑस्ट्रेलिया ने दोबारा भारत के सामने टेके घुटने

**एजेंसी**

**तिरुवनंतपुरम।** भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को टी20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में 44 रनों से हरा दिया। इसके साथ ही सूयार्कुमार यादव की टीम ने 5 मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली। सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ की संयमित पारी के साथ यशस्वी जायसवाल और ईशान किशन की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से भारत ने चार विकेट पर 235 रन बनाये। इन तीनों की अर्धशतकीय पारी के बाद रिंकू सिंह ने नौ गेंद में चार चौके और दो छक्के की मदद से नाबाद 31 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया की टीम 191 रन ही बना सकी।

### यशस्वी की तूफानी बैटिंग

रुतुराज ने 43 गेंद में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 58 रन बनाने के साथ यशस्वी जायसवाल के साथ पहले विकेट के लिए 35 गेंद 77 और ईशान के साथ दूसरे विकेट के लिए 58 गेंद में 87 रन की साझेदारी की। जायसवाल ने 25 गेंद की पारी में नौ चौके और दो छक्के जबकि ईशान 32 गेंद में 52 रन की पारी के दौरान तीन चौके और चार छक्के जड़े। ऑस्ट्रेलिया के लिए नाथल एलिस ने चार ओवर में 45 रन देकर तीन विकेट लिये। जायसवाल और रूतुराज की जोड़ी ने भारत को तेज तर्रार शुरूआत दिलायी। रुतुराज ने स्टोइनिस के पहले ओवर में चौका लगाया लेकिन बायें हाथ बल्लेबाज जायसवाल ज्यादा आक्रामक रहे। उन्होंने तीसरे ओवर में मैक्सवेल के खिलाफ दो चौके लगाने के बाद चौथे ओवर में सीन एबोट के खिलाफ लगातार तीन चौके और दो छक्के जड़े। उन्होंने इस गेंदबाज के अगले ओवर में फिर से हैट्रिक चौका जड़ महज 24 गेंद में अपना पचासा पूरा किया। वह इसी ओवर में एक और आक्रामक शॉट खेलने के चक्कर में वह एडम जम्पा को कैच देकर पवेलियन लौटे।

### ईशान का तूफानी पारी

पावरप्ले में भारत का स्कोर एक विकेट पर 77 रन था और अब ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने रन रोकने पर ध्यान दिया। भारतीय टीम छठे से 10वें ओवर तक सिर्फ एक चौका लगा सकी। टीम ने इस दौरान रनों का शतक पूरा किया। ईशान ने स्टोइनिस के खिलाफ 12वें ओवर में छक्का लगाने के बाद 14वें ओवर में मैक्सवेल के खिलाफ लगातार गेंदों पर छक्का और चौका लगाकर रनगति को तेज किया। ईशान ने तनवीर संघा के खिलाफ दो छक्के लगाकर टीम के 150 रन करने के साथ 29 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह स्टोइनिस की ऑफ स्टंप से काफी बाहर की गेंद पर छक्का लगाने की कोशिश में बाउंड्री के पास लपके गये।

### अंत में रिंकू का तूफान

कप्तान सूर्यकुमार यादव (10 गेंद में 19 रन) ने क्रीज पर आते ही पहली गेंद पर छक्का लगाकर खाता खोला। उन्होंने जंपा की गेंद पर गेंदबाज के ऊपर से आकाशीय शॉट खेल गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया। दूसरे छोर से संयमित बल्लेबाजी कर रहे रुतुराज ने 18वें ओवर में एलिस की गेंद पर दो रन के साथ 39 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। इसी ओवर में सूर्यकुमार यादव की पारी का अंत हुआ। रिंकू ने 19वें ओवर में एबोट के खिलाफ तीन चौके और दो छक्के लगाकर टीम को स्कोर को 200 के पार पहुंचाया। रुतुराज अंतिम ओवर में छक्का लगाकर आउट हुए लेकिन तिलक वर्मा (नाबाद सात) ने अपनी पहली ही गेंद पर छक्का जड़ दिया। भारतीय टीम ने आखिरी सात ओवर में 111 रन बटोरे।

### पावरप्ले में ही गिरे तीन विकेट

ऑस्ट्रेलिया की टीम ने विस्फोटक शुरूआत की। मैथ्यू शॉर्ट और स्टीव स्मिथ भारतीय गेंदबाजों पर टूटकर पड़े। दो ओवर में ही टीम ने 31 रन ठोक दिए। लेकिन तीसरे ओवर में रवि बिश्नोई ने शॉर्ट को आउट कर दिया। इसके बाद पिछले मैच के शतकवीर जोश इंग्लिश (2) भी बिश्नोई की गेंद पर आउट हो गए। ग्लेन मैक्सवेल 8 गेंद पर 12 रन बनाकर पावरप्ले में ही अक्षर का शिकार बने।



### इशान किशन ने तोड़ा धोनी व पंत का रिकॉर्ड

इशान किशन ने पहले अपना अर्धशतक 29 गेंदों पर पूरा किया और फिर 32 गेंदों पर 4 छक्के और 3 चौकों की मदद से 52 रन बनाकर आउट हो गए। इस सीरीज में यह लगातार उनका दूसरा अर्धशतक था और अपनी इस पारी के दम पर उन्होंने ऋषभ पंत और एमएस धोनी का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इशान किशन ने टी20 क्रिकेट में भारत के लिए बतौर विकेटकीपर तीसरी बार 50 प्लस की पारी खेली जबकि एमएस धोनी ने ऐसा सिर्फ दो बार किया था तो वहीं ऋषभ पंत ने भी अब तक सिर्फ दो बार ही 50 या उससे ज्यादा रन की पारी खेली है। वहीं भारत की तरफ से टी20 में बतौर विकेटकीपर केएल राहुल ने 3 बार 50 प्लस की पारी खेली है। अब इशान किशन ने केएल राहुल की भी बराबरी कर ली।

**भारत 235/4 (20 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| जयसवाल कै. जंपा बो. एलिस | 53 | 25 | 09 | 02 |
| गायकवाड कै डेविड बो. एलिस | 58 | 43 | 03 | 02 |
| किशन कै एलिस बो. स्टोइनिस | 52 | 32 | 03 | 04 |
| सूर्यकुमार कै स्टोइनिस बो. एलिस | 19 | 10 | 00 | 02 |
| रिंकू सिंह नाहाद | 31 | 09 | 04 | 02 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 07 | 02 | 00 | 01 |

**अतिरिक्त :** 15

**विकेट पतन :** 77-1, 164-2, 189-3, 221-4.

**गेंदबाज :** मार्कस स्टोइनिस : 3-0-27-1, नाथन एलिस : 4-0-45-3, ग्लेन मैक्सवेल : 2-0-38-0, शॉन एबॉट : 3-0-56-0, एडम जंपा : 4-0-33-0, तनवीर सांघा : 4-0-34-0.

**ऑस्ट्रेलिया 191/9( 20ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| स्मिथ कै. जयसवाल बो. कृष्णा | 19 | 16 | 01 | 01 |
| मैथ्यू शॉर्ट बोल्ड बिश्नोई | 19 | 10 | 03 | 00 |
| इंग्लिस कै तिलक बो. बिश्नोई | 02 | 04 | 00 | 00 |
| मैक्सवेल कै जयसवाल बो. पटेल | 12 | 08 | 01 | 01 |
| स्टोइनिस कै. पटेल बो. मुकेश | 45 | 25 | 02 | 04 |
| डेविड कै गायकवाड बो. बिश्नोई | 37 | 22 | 04 | 02 |
| मैथ्यू वेड नाबाद | 42 | 23 | 01 | 04 |
| शॉन एबॉट बो. कृष्णा | 01 | 02 | 00 | 00 |
| एलिस बो. प्रसिद्ध कृष्णा | 01 | 04 | 00 | 00 |
| जंपा बो. अर्शदीप सिंह | 01 | 03 | 00 | 00 |
| तनवीर सांघा नाबाद | 02 | 04 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त :** 10

**विकेट पतन :** 35-1, 39-2, 53-3, 58-4, 139-5, 148-6, 149-7, 152-8, 155.

**विकेट पतन :** अर्शदीप सिंह : 4-0-46-1, प्रसिद्ध कृष्णा : 4-0-41-3, रवि बिश्नोई : 4-0-32-3, अक्षर पटेल : 4-0-25-1, मुकेश कुमार : 4-0-43-1.

# अनुराग ठाकुर ने पैरा गेम्स के लिए लोगो, मस्कट और जर्सी की लॉच

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने रविवार को पैरा खेलों का पहला एडिशन, लोगो, मस्कट और जर्सी लॉच करते हुए कहा कि 11 दिसंबर को खेलो इंडिया का उद्घाटन होगा। खेल मंत्री ने रविवार को दिल्ली छावनी स्थित मानेकशॉ सेंटर में आयोजित एक समारोह में कहा कि 10 से 17 दिसंबर तक राजधानी दिल्ली के तीन स्टेडियमों, आईजी स्टेडियम, तुगलकाबाद में शूटिंग रेंज और जेएलएन स्टेडियम में पैरा एथलेटिक्स, पैरा शूटिंग, पैरा तीरंदाजी, पैरा फुटबॉल, पैरा बैडमिंटन, पैरा टेबल टेनिस और पैरा वेट लिफ्टिंग सहित सात स्पधाओं में पैरा एथलीट सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से प्रतिभाशाली पैरा एथलीटों की पहचान करने में मदद करेगा जिन्हें भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) और खेल मंत्रालय के पर्याप्त समर्थन से सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि देश, विदेश में होने वाले पैरा खेलों के आयोजन का खर्च सरकार उठायेगी तथा प्रत्येक खिलाड़ी की छह लाख रुपए का जेब खर्च अगल से दिया जाता है। एथलीट को विकसित करने के लिए तीन लाख रुपए अतिरिक्त दिया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने शब्द नहीं सोच को बदलते हुए विक्लांग को दिव्यांग किया। इसके साथ सुविधाएं भी बदली। उन्होंने कहा कि खेलों इंडिया एक अभियान नहीं, जन भागीदारी से जन आंदोलन बन गया है। उन्होंने कहा कि खेलों इंडिया के तहत पहले चार वर्षो के लिए तीन हजार करोड़ रुपए दिये गये थे। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षो के लिए हमें 33 सौ करोड़ रुपए मंजूर कर दिया गया है।

# सात्विक-चिराग हारे खिताबी मुकाबला

**नयी दिल्ली।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी को रविवार को चाइना मास्टर्स सुपर 750 टूनार्मेंट के रोमांचक पुरुष डबल्स के फाइनल में चुनौती पेश करने के बाद चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा। सात्विक और चिराग की एशियाई खेलों की चैंपियन जोड़ी को एक घंटे 11 मिनट तक चले फाइनल में दुनिया की नंबर एक जोड़ी से 19-21 21-18 19-21 से पराजय झेलनी पड़ी। यह इस सत्र में छह फाइनल में उनकी पहली हार थी।

# अश्विन ने की मुकेश की तारीफ, कहा 'जूनियर शमी'

**नयी दिल्ली।** अनुभवी भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने 'मेन इन ब्लू' तेज गेंदबाज मुकेश कुमार की प्रशंसा करते हुए उन्हें 'जूनियर शमी' कहा है। अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए अश्विन ने कहा कि जब वह पहली बार मोहम्मद सिराज से मिले थे तो उन्होंने सोचा था कि 29 वर्षीय मोहम्मद शमी का जूनियर बनेगा। हालांकि मुकेश कुमार बनने के बाद अश्विन का मन बदल गया और अब उन्हें लगा कि 30 वर्षीय एकदिवसीय विश्व कप 2023 में सबसे अधिक टिकट लेने वालों में युवा संस्करण हो सकता है। अश्विन ने कहा कि मुकेश की बनावट, ऊंचाई और कलाई की स्थिति 33 वर्षीय के समान है। अश्विन आगे मुकेश की सराहना करते हैं और कहते हैं कि उनके पास कलाई की शानदार व्हिप और गेंद पर शानदार बैकस्पिन है। उन्होंने कहा, 'मैंने शुरू में सोचा था कि मोहम्मद सिराज जूनियर शमी बनेंगे, लेकिन अब मुझे लगता है कि यह मुकेश कुमार हो सकते हैं। शमी को 'लाला' कहा जाता है और अभिनेता मोहनलाल को श्रद्धांजलि के रूप में, जिन्हें लालेटन कहा जाता है, मैं शमी को लालेटन कहता हूं। मुकेश की भी कुछ ऐसी ही है बनावट, समान ऊंचाई, और उत्कृष्ट कलाई की स्थिति उसके पास कलाई का शानदार व्हिप और गेंद पर शानदार बैकस्पिन है। उसके पास बहुत अच्छा सीधा और अच्छा संरेखण है।' नंबर एक टेस्ट गेंदबाज ने उस समय को भी याद किया जब वकार यूनिस ने उनकी दो गेंदों को देखकर ही मुकेश का करियर बदल दिया था। अश्विन ने कहा, 'कल्पना कीजिए, आप वकार यूनिस के सामने गेंदबाजी करने जा रहे हैं, और आप शौचालय में थे। उन्होंने उसका नाम पुकारा था, लेकिन वह वहां नहीं था! वह वापस लौटा, 30 मिनट तक इंतजार किया और उन्हें बताया कि उसका नाम नहीं था।' तभी वकार यूनिस, जो जाने वाला था, ने उसे कुछ गेंदें फेंकने के लिए कहा।

# सिनर ने जोकोविच डेविस कप जीत का सिलसिला तोड़ा

**मलागा, स्पेन।** इटली के जानिक सिनर ने तीन मैच प्वाइंट बचाकर नोवाक जोकोविच को 6-2, 2-6, 7-5 से हरा दिया। यहां खेले गये डेविस कप सेमीफाइनल में सिनर ने जोकोविच को हराते हुए इटली को सर्बिया के साथ 1-1 की बराबरी पर ला दिया। अब इस मुकाबले का विजेता सिनर का होने वाले फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के टेनिस खिलाड़ी से मुकाबला करेगा। जोकोविच और सिनर अंतिम युगल मुकाबले में वापसी करेंगे। 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच पर 6-2, 2-6, 7-5 से जीत के बाद सिनर ने कहा, यह एक अविश्वसनीय मैच था, हम इस प्रतियोगिता से बाहर होने से एक अंक दूर थे और हम अभी भी यहां हैं।

# एकदिवसीय पूमशाए ट्रेनिंग कैंप का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रविवार को झारखंड यूनाइटेड ताइक्वांडो मार्शल आर्ट एसोसिएशन के तत्वधान में एकदिवसीय पूमशाए ट्रेनिंग कैंप का आयोजन जोन्हा फॉल में किया गया। पूमशाए ताइक्वांडो ट्रेनिंग कैंप में रांची जिले के विभिन्न स्थानों से कुल 57 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस ट्रेनिंग कैंप में ताइक्वांडो खिलाड़ियों को मुख्य रूप से ताइक्वांडो के पूमशाए ट्रेनिंग के साथ-साथ बेसिक ट्रेनिंग पर भी विशेष प्रशिक्षण दिया गया। ताइक्वांडो में विशेष कर दो तरह की प्रतियोगिताएं होती है। पहली फाइट और दूसरा पूमशाए जिसमें खिलाड़ियों को डेमोंसट्रेशन दिखाना पड़ता है। इस ताइक्वांडो कैंप के मुख्य अतिथि के रूप में (जिला परिषद सदस्य अनगड़ा पूर्वी) के राजेंद्र शाही मुंडा थे। मुख्य अतिथि के समक्ष ताइक्वांडो खिलाड़ियों के द्वारा कई हैरत अंगेज प्रदर्शन किए गए। ताइक्वांडो खिलाड़ियों के इस प्रतिभा को देखते हुए मुख्य अतिथि राजेंद्र शाही मुंडा ने खिलाड़ियो एवं कोच की खूब तारीफ करते हुए आगे हर संभव मदद करने की बात भी कही। इस पूमशाए ताइक्वांडो ट्रेनिंग कैंप के आयोजन करता झारखंड यूनाइटेड ताइक्वांडो मार्शल आर्ट एसोसिएशन के सचिव शकील अंसारी एवं अध्यक्ष मोहम्मद जमील तथा ताइक्वांडो कोच शाहनवाज अंसारी थे। ट्रेनिंग कैंप को सफल बनाने में मुख्य रूप से जाहिदा कौसर, अरशद अंसारी, सैफ अली आदि का अहम योगदान रहा।

# बीआइटी के फैकल्टी क्रिकेट लीग मैच में रॉयल चेंजलर्स देवघर प्रीडेटर और कंप्यूटर सुपर किंग्स की जीत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बीआईटी मेसरा की ओर से फैकल्टी क्रिकेट लीग का आयोजन किया गया। इसमें रॉयल चेंजलर्स, देवघर प्रीडेटर और कंप्यूटर सुपर किंग्स ने शानदार जीत दर्ज की है। मैच-1, चैलेंजर्स बनाम ब्लास्टर्स के बीच खेला गया। चैलेंजर्स ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया और मैच को अपने पाले में कर लिया। स्कोर कार्ड- ब्लास्टर 12 ओवर में 81/8, मनोज-24 रन और राणा 17 रन बनाकर आउट हुए। चैलेंजर्स के लिए एनके सिंह ने 2 विकेट लिए। जवाब में 11.1 ओवर में रॉयल चैलेंजर्स का स्कोर -82/3 रहा। चंचल ने 28 रन और आकाश ने 25 रन बनाए । प्लेयर ऑफ द मैच चंचल रहे। दूसरा मैच मैकेनिकल बनाम देवघर प्रीडेटर्स के बीच खेला गया। इसमें मेकेनिकल ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम मेकेनिकल 10.2 ओवर में सिर्फ 45 रन बनाकर ऑल आउट हो गये। वहीं, देवघर के लिए रामकिशोर और मनोज ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में देवघर ने 7.1 ओवर में 46 रन बनाकर मैच को अपने कब्जे में कर लिया। इस मैच में प्लेयर ऑफ द मैच रामकिशोर रहे। इसी तरह लीग का तीसरा मौच कंप्यूटर सुपर किंग्स बनाम रॉयल एडमिन के बीच खेला गया। इसमें किंग्स ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। मौच के दौरान सुपर किंग्स ने 12 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 115 रन बनाए। श्रीधर -35 रजनीश-26 रन बनाये। इसी तरह दुर्गा-27 और जितेंदर-17 रन बनाकर नाबाद रहे। जवाब में एडमिन ने 12 ओवर में 7 विकेट खोकर 77 रन बनाए। नंदलाल ने 32 रन बनाए। किंग्स की ओर से जितेंदर ने दो विकेट लिए। श्रीधर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया



# राजेश वर्मा बॉबी ने जीता जेएससीए सीसीसी अध्यक्ष पद का चुनाव



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पहली बार जेएससीए कंट्री क्रिकेट क्लब (सीसीसी) के हुए चुनाव में वर्तमान सीसीसी अध्यक्ष पद पर राजेश वर्मा बॉबी ने जीत दर्ज की है। सीसीसी के हुए चुनाव में 779 में लगभग 81 प्रतिशत कुल 634 वोट पड़े। अध्यक्ष पद के उम्मीदवार बॉबी को 344 और सुनील कुमार साहू को 283 वोट मिले। वहीं 7 वोट रद्द हुए। एक्जीक्यूटिव मेंबर के वोटिंग की गिनती जारी है।

### दो गुट थे आमने-सामने

चुनाव में दो गुट आमने-सामने थे। एक गुट की अगुवाई वर्तमान सीसीसी अध्यक्ष राजेश वर्मा बॉबी कर रहे हैं। वहीं दूसरे गुट का नेतृत्व सुनील कुमार साहू कर रहे थे। ये दोनों सीसीसी अध्यक्ष पद के उम्मीदवार थे। इनके अलावा 24 प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया है, जिनमें से 12 कमेटी मेंबर चुने जाएंगे।

### जीत के बाद बॉबी ने कहा

जीत के बाद राजेश वर्मा बॉबी ने सभी मेंबर को शुक्रिया करते हुए कहा कि सभी का धन्यवाद उन्हें जीताने के लिए। वहीं अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि यह पूरी टीम की जीत है।

### प्रमुख लोगों ने किया मतदान

मतदान में मणिपुर डीजी राजीव सिंह, रांची डीजी वायरलेस प्रशांत सिंह, झारखंड सरकार में मंत्री मिथिलेश ठाकुर, विधायक बिरंची नारायण, विधायक मनीष जायसवाल, सीसीसी के वर्तमान सेक्रेटरी अजय नाथ शाहदेव ने वोट दिया।

### चुनाव में खड़े प्रत्याशी

**टीम बॉबी :** अजीत कुमार, अर्शे आलम, भानु प्रताप सिंह, गुरुदयाल एस नामधारी, इंद्र शेखर, नीतिन कुमार सर्राफ, पवन कुमार, राहुल झा, राजीव रंजन, संजय पांडेय, सुशील कुमार, विशाखा झा।

**टीम सुनील साहू :** विभूति भूषण प्रसाद अमर, विनय बिहारी कर्ण, दिनेश कुमार सिंह, जय कुमार सिन्हा, मो. राशिद, राजदीप सिंह, राजेश कुमार वर्मा, रुद्रदेव कुमार, संजय कुमार विद्रोही, शिवेंद्र नाथ दुबे, सुनील कुमार सिंह, श्वेता बुधिया।

# उत्तरकाशी : सिलक्यारा सुरंग में लंबवत ड्रिलिंग शुरू

## ऑगर मशीन के टूटे हिस्सों को निकालने के प्रयास जारी

**▸▸ फंसे हुए श्रमिकों तक पहुंचने के लिए 15 मीटर की खुदाई हाथ से होगी : एनडीएमए**

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने रविवार को कहा कि उत्तरकाशी में सिलक्यारा सुरंग में ऑगर मशीन के टूटे हुए हिस्सों को निकालने और हाथों से खुदाई शुरू करने के लिए काम जारी है, जबकि पिछले 14 दिनों से सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए लम्बवत ड्रिलिंग भी शुरू हो गई है। एनडीएमए के सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन ने संवाददाताओं से कहा कि सुरग में फंसे श्रमिकों को बचाने के लिए सभी प्रयास जारी हैं। हसनैन ने कहा कि दूसरा सबसे अच्छा विकल्प माने जाने वाली लम्बवत ड्रिलिंग का काम दोपहर के आसपास शुरू हुआ और 15 मीटर की ड्रिलिंग पूरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि 86 मीटर की लम्बवत ड्रिलिंग के बाद फंसे हुए श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए सुरंग की ऊपरी परत को तोड़ना होगा। एनडीएमए सदस्य ने बताया कि श्रमिकों को बचाने के लिए छह योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं, लेकिन अब तक का सबसे अच्छा विकल्प क्षैतिज ड्रिलिंग है, जिसके तहत 47 मीटर की ड्रिलिंग पूरी हो चुकी है। हसनैन ने कहा कि साइडवे ड्रिलिंग (लंबवत ड्रिलिंग) करने वाली मशीनों के रात के दौरान बचाव स्थल पर पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि क्षैतिज ड्रिलिंग के दौरान ऑगर मशीन के टूटे हुए हिस्सों को सुरंग से बाहर निकालने का काम जारी है। एनडीएमए सदस्य ने कहा कि इस उद्देश्य के लिए मैग्ना और प्लाज्मा कटर मशीन का उपयोग किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि एक बार टूटे हुए हिस्सों को निकाल लेने के बाद फंसे हुए श्रमिकों तक पहुंचने के लिए 15 मीटर की खुदाई हाथों से की जाएगी, हालांकि इसमें समय लग सकता है। उन्होंने कहा कि बचाव अभियान को सफल बनाने के लिये सभी संबंधित एजेंसियां काम कर रही हैं। सिलक्यारा सुरंग के अंदर मलबे में फंसी ऑगर मशीन के हिस्सों को काटने और निकालने के लिए रविवार को हैदराबाद से एक प्लाज्मा कटर भेजा गया। अधिकारियों के लिए बचाव कार्य फिर से शुरू करने के लिए मशीन को पूरी तरह से हटाना आवश्यक है, जिसमें श्रमिकों को निकालने का रास्ता तैयार करने के लिए मलबे के माध्यम से पाइप को हाथ से धकेलना शामिल है। लंबवत ड्रिल के लिए ड्रिल मशीन का एक हिस्सा भी सुरंग के ऊपर पहाड़ी पर भेजा गया है। भारतीय सेना के कोर ऑफ इंजीनियर्स के एक इंजीनियर समूह, मद्रास सैपर्स की एक इकाई, बचाव कार्यों में सहायता के लिए रविवार को साइट पर पहुंची। श्रमिकों को निकालने का रास्ता तैयार करने के लिए सिलक्यारा सुरंग के मलबे में ड्रिलिंग करने वाली ऑगर मशीन के ब्लेड शुक्रवार की रात मलबे में फंस गए, जिससे अधिकारियों को अन्य विकल्पों पर विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिसके कारण बचाव अभियान में कई दिन या यहां तक कि हफ्तों का समय लग सकता है। अधिकारियों ने दो विकल्पों पर ध्यान केंद्रित किया झ्र मलबे के शेष 10 या 12 मीटर हिस्से में हाथ से ड्रिलिंग या ऊपर की ओर से 86 मीटर नीचे ड्रिलिंग।

## विश्व जलवायु सम्मेलन में भाग लेने प्रधानमंत्री मोदी को जायेंगे दुबई

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 30 नवंबर से 01 दिसंबर तक संयुक्त अरब अमीरात के दुबई की यात्रा करेंगे। विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी) के भागीदारों के 28वें सम्मेलन (कॉप-28) का उच्चस्तरीय खंड है। कॉप-28 का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात की अध्यक्षता में 28 नवंबर से 12 दिसंबर तक किया जा रहा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले कुछ नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। यूएनएफसीसीसी के भागीदारों का सम्मेलन जलवायु परिवर्तन की साझा चुनौती से निपटने की दिशा में सामूहिक कार्रवाई को गति प्रदान करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है।

भारत की जी-20 अध्यक्षता का जलवायु परिवर्तन एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता वाला क्षेत्र रहा है और हमारी अध्यक्षता के दौरान नई दिल्ली के नेताओं की घोषणा और अन्य परिणामों में महत्वपूर्ण नए कदम उठाए गए हैं। कॉप-28 इन सफलताओं को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगा।

## चीन में निमोनिया को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय अलर्ट

# सतर्कता बरतें राज्य

## तुरंत सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों की समीक्षा करे

**बच्चों में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी और गंभीर तीव्र श्वसन संबंधी बीमारी पर बारीकी से नजर रखें**

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** उत्तरी चीन में बच्चों में श्वसन संबंधी बीमारियों में वृद्धि के संकेत संबंधी हाल की रिपोर्टों के मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों को तुरंत सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों की समीक्षा करने की सलाह दी है। मंत्रालय ने रविवार को कहा कि उसने अत्यधिक सतर्कता बरतते हुए श्वसन संबंधी बीमारियों से निपटने के लिए प्रारंभिक उपायों की सक्रिय रूप से समीक्षा करने का निर्णय लिया है। मौजूदा इन्फ्लूएंजा और सर्दी के मौसम के मद्देनजर इसे महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिसके कारण श्वसन संबंधी बीमारी के मामलों में वृद्धि हो रही है।


भारत सरकार स्थिति पर करीब से नजर रख रही है और संकेत दिया है कि किसी भी तरह की चेतावनी की जरूरत नहीं है। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लिखे पत्र में, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने उन्हें सार्वजनिक स्वास्थ्य और अस्पताल की तैयारियों जैसे कि बिस्तरों की उपलब्धता, इन्फ्लूएंजा के लिए दवाओं और टीकों, चिकित्सा ऑक्सीजन, एंटीबायोटिक्स, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण, परीक्षण किट, ऑक्सीजन संयंत्रों और वेंटिलेटर की कार्यक्षमता आदि की समीक्षा करने की सलाह दी है। राज्य के अधिकारियों को इस साल की शुरूआत में साझा किए गए कोविड-19 के संदर्भ में संशोधित निगरानी रणनीति संबंधी परिचालन दिशानिर्देशों को लागू करने की सलाह दी है। पत्र के अनुसार, उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया है कि एकीकृत रोग निगरानी परियोजना (आईडीएसपी) की जिला और राज्य निगरानी इकाइयों द्वारा विशेष रूप से बच्चों और किशोरों में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) और गंभीर तीव्र श्वसन संबंधी बीमारी (एसएआरआई) के रुझान पर बारीकी से नजर रखी जाये। राज्य के अधिकारियों को श्वसन संबंधी बीमारियों वाले मरीजों विशेष रूप से बच्चों और किशोरों के नाक और गले के स्वाब के नमूने वायरस अनुसंधान और नैदानिक प्रयोगशालाओं में भेजने के लिए कहा गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा हाल में साझा की गई जानकारी में चीन के उत्तरी हिस्सों में सांस की बीमारी में वृद्धि का संकेत दिया गया है। यह मुख्य रूप से इन्फ्लूएंजा, निमोनिया और सार्स-सीओवी-2 जैसे रोगों के लिए जिम्मेदार है। मंत्रालय ने कहा कि डब्ल्यूएचओ ने चीनी अधिकारियों से अतिरिक्त जानकारी मांगी है, लेकिन यह आकलन किया गया है कि फिलहाल किसी भी तरह की चिंता की कोई बात नहीं है।

## लोकतंत्र की आत्मा है संसद : उपराष्ट्रपति



**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि संसद लोकतंत्र की आत्मा है और इसकी सर्वोच्चता में कार्यपालिका या न्यायपालिका का कोई भी हस्तक्षेप स्वीकार्य नहीं है। संविधान दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संसद की संप्रभुता राष्ट्र की संप्रभुता का पर्याय है और यह अभेद्य है। उन्होंने कहा कि संसद के विशिष्ट क्षेत्र में कोई भी अतिक्रमण संवैधानिक भूल और लोकतांत्रिक सार एवं मूल्यों के प्रतिकूल होगा। उन्होंने कहा कि संसद लोकतंत्र की आत्मा है और इसकी सर्वोच्चता में कार्यपालिका या न्यायपालिका का हस्तक्षेप स्वीकार्य नहीं है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश के निरंतर विकास के लिए कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका को सहयोगात्मक संवाद करना चाहिए, न कि टकराव की धारणा बनानी चाहिए। बिना किसी का नाम लिए उन्होंने सरकार के आलोचकों पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि जब भी देश में कुछ बड़ा होता है, तो कुछ लोग इसकी संस्थाओं को कलंकित और धूमिल करने के कृत्यों में लग जाते हैं। उपराष्ट्रपति ने 1975 में लगाए गए आपातकाल को स्वतंत्र भारत के इतिहास का सबसे काला दौर बताया।

## फिल्म रंग दे बसंती का फर्स्ट लुक आउट



**मुंबई।** सुपरस्टार खेसारी लाल यादव और निर्माता रोशन सिंह की अपकमिंग फिल्म रंग दे बसंती का फर्स्ट लुक आउट हो गया है। इसमें खेसारी लाल यादव का अलग ही अंदाज नजर आ रहा है। खेसारी लाल यादव फर्स्ट लुक में पंडित की भूमिका में नजर आ रहे हैं और उनके माथे का तेज बेहद आकर्षक है। फिल्म के लुक में खेसारी लाल यादव मंदिर का घंटा अपने हाथ में खींचे हुए हैं जो यह प्रदर्शित करता है कि फिल्म एक्शन से भी भरपूर होने वाली है। रंग दे बसंती के निर्माता रोशन सिंह और सह निर्माता शर्मिला आर सिंह हैं, जिन्होंने कहा कि इस फिल्म की यूएसपी इसकी बेजोड़ कहानी है जो दर्शकों को अपनी और आकर्षित करेगी और उन्हें खूब पसंद आएगी। फिल्म का ट्रेलर और रिलीज डेट भी जल्द अनाउंस करेंगे। फिल्म बेहद खास है और इसे हमने पूरी भव्यता के साथ बनाया है, तो हम उम्मीद करेंगे कि दर्शकों का भी प्यार खूब मिले।



**नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को संविधान दिवस के मौके पर सुप्रीम कोर्ट परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनवारण किया। इस मौके पर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल और सुप्रीम के अन्य जज भी मौजूद रहे। डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा के पास ही राष्ट्रपति और चीफ जस्टिस ने एक-एक पौधा भी लगाया।**

# चार कंपनियों का मार्केट कैन 65,671 लाख करोड़ बढ़ा

**रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आइसीआइसीआई बैंक और एयरटेल के शेयर में तेजी**

एजेंसी





**नयी दिल्ली।** देश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से चार का सम्मिलित रूप से बाजार मूल्यांकन पिछले सप्ताह 65,671.35 करोड़ रुपये बढ़ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक लाभ में रही। बीएसई के मानक सूचकांक सेंसेक्स में पिछले सप्ताह 175.31 अंक यानी 0.26 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया। इस तेजी का लाभ रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और भारती एयरटेल को मिला।दूसरी तरफ शीर्ष 10 कंपनियों में शामिल टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक और बजाज फाइनेंस को अपने बाजार मूल्यांकन में गिरावट का सामना करना पड़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बीते सप्ताह मूल्यांकन 26,014.36 करोड़ रुपये बढ़कर 16,19,907.39 करोड़ रुपये हो गया। इस तरह इसने मूल्यांकन में सर्वाधिक बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस दौरान एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 20,490.9 करोड़ रुपये बढ़कर 11,62,706.71 करोड़ रुपये हो गया। भारती एयरटेल का पूंजीकरण 14,135.21 करोड़ रुपये बढ़कर 5,46,720.84 करोड़ रुपये हो गया। वहीं आईसीआईसीआई का पूंजीकरण 5,030.88 करोड़ रुपये बढ़कर 6,51,285.29 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। हालांकि, टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 16,484.03 करोड़ रुपये घटकर 12,65,153.60 करोड़ रुपये हो गया। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 12,202.87 करोड़ रुपये गिरकर 4,33,966.53 करोड़ रुपये रहा। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन 3,406.91 करोड़ रुपये गिरकर 5,90,910.45 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का 2,543.51 करोड़ रुपये गिरावट के साथ 5,00,046.01 करोड़ रुपये हो गया। आईटीसी का बाजार मूल्यांकन 1,808.36 करोड़ रुपये घटकर 5,46,000.07 करोड़ रुपये रह गया, जबकि इंफोसिस का बाजार मूल्यांकन 290.53 करोड़ रुपये घटकर 5,96,391.22 करोड़ रुपये रह गया। इसके साथ ही रिलायंस ने देश की सबसे मूल्यवान कंपनी का तमगा बरकरार रखा है। टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा।

## नवंबर में एफपीआइ ने 378 करोड़ किया निवेश

**नयी दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने नवंबर में भारतीय शेयरों में 378 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया। इसका मुख्य कारण अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट है। आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने अक्टूबर में 24,548 करोड़ रुपये और सितंबर में 14,767 करोड़ रुपये मूल्य की भारतीय इक्विटी की बिकवाली की थी। इससे पहले एफपीआई मार्च से अगस्त तक पिछले छह महीनों में लगातार भारतीय शेयर खरीद रहे थे। इस अवधि में 1.74 लाख करोड़ रुपये की खरीद हुई। कुल मिलाकर 2023 के लिए संचयी रुझान अच्छा बना हुआ है। इस वित्त वर्ष में अभी तक एफपीआई ने 96,340 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

## एक नजर में

### बैंकॉक में विश्व हिंदू सम्मेलन संपन्न

**बैंकॉक।** हिंदू संगठनों के बीच एकता को मजबूत करने और सनातन धर्म के खिलाफ भावनाओं के आधार पर फैलायी गई नफरतह्न एवं पूर्वाग्रहों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के संकल्प के साथ तीन दिवसीय विश्व हिंदू सम्मेलन रविवार को यहां संपन्न हो गया। सम्मेलन के दौरान समानांतर सत्रों में, प्रतिनिधियों ने विदेशों में चुने गए हिंदू जन प्रतिनिधियों को संघों के माध्यम से संगठित करके और उनके बीच संवाद बढ़ाकर उनके खिलाफ राजनीतिक विमर्श से लड़ने के लिए समर्थन करने का भी संकल्प लिया। आयोजकों ने घोषणा की कि अगला विश्व हिंदू सम्मेलन (कांग्रेस) 2026 में मुंबई में आयोजित किया जाएगा। प्रतिनिधियों को भुरभरे और सख्त लड्डू वितरित कर हिंदू एकता का संदेश दिया गया। प्रतिनिधियों को वितरित किये गए लड्डू के डिब्बे पर संदेश लिखा था, ह्यह्यदुर्भाग्य से, वर्तमान में हिंदू समाज एक भुरभुरे लड्डू जैसा है, जिसे आसानी से तोड़ा जा सकता है और फिर आसानी से खाया जा सकता है। इसमें कहा गया, ह्यह्यएक बड़ा सख्त लड्डू मजबूती से बंधा हुआ और एकजुट होता है तथा इसे आसानी से नहीं तोड़ा जा सकता है। हिंदू समाज को एक बड़े सख्त लड्डू की तरह होना चाहिए, जिसे तोड़ना बहुत मुश्किल हो। तभी यह शत्रु ताकतों से अपनी रक्षा कर पाएगा।

### बारामूला में लश्कर के तीन सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में सुरक्षाबलों ने आतंकवादी संगठन लश्कर ए तैयबा से जुड़े तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से गोला-बारूद के साथ ही नकदी भी बरामद की है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर कश्मीर के बारामूला जिले में कलगई में झूला पुल के पास शनिवार को जांच और गश्त के दौरान सुरक्षाबलों ने कमलकोट से बैग लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर आ रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोका। संदिग्धों की पहचान मडियां कमलकोट के रहने वाले जमीर अहमद खंडे और मोहम्मद नसीम खंडे के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उनके पास से चीन निर्मित तीन हथगोले और ढाई लाख रुपये नकद बरामद किये गए।

### मिर्जापुर : ट्रेलर और कार में टक्कर, चार की मौत

**मिर्जापुर।** जिले के अदलहाट थानाक्षेत्र में कार और ट्रेलर की आमने-सामने टक्कर में तीन महिलाओं और एक बच्चे सहित चार व्यक्तियों की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक ओ पी सिंह ने बताया कि शनिवार रात्रि करीब एक बजे थाना अदलहाट क्षेत्रांतर्गत कस्बा नारायनपुर स्थित अंकित हॉस्पिटल के सामने गलत दिशा से आ रही कार और टेलर की आपस में टक्कर हो गई जिसमें चार व्यक्तियों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को ट्रॉमा सेंटर, वाराणसी में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार कार में चालक सहित कुल सात व्यक्ति सवार थे, जो गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस के अनुसार कार सवार सभी व्यक्ति वाराणसी में शादी समारोह से वापस सोनभद्र जा रहे थे।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

SRI GURU NANAK PUBLIC SCHOOL
RAMGARH
10+2 Co-Educational Institute , Affiliated to C.B.S.E., New Delhi



श्री गुरु नानक देव जी की 555वें जयंती पर सभी रामगढ़ जिलावासियो को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कमेटी, श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल कमेटी, श्री गुरु नानक नर्सरी स्कूल कमेटी एवं श्री गुरु गोविन्द सिंह ऑडिटोरियम कमेटी एवं रामगढ़ की सभी सिक्ख सात् –संगत की ओर से लख-लख बधाइयाँ।

कर्म भूमि पर फल के लिए श्रम सबको करना पड़ता है
रब सिर्फ लकीरें देता है रंग हमको भरना पड़ता है

Admission Open
ADMISSION OPEN
Limited seats HURRY UP!
FOR CLASS NURSERY TO CLASS IX
Forms available from 27thNovember 2023 (Monday) 11:00 am onwards.
We prepare your child for the challenges of a rapidly changing world.



Contact :-
6200656514 9504166484
7004688826 8709179696
7004361062 9631666159
Your child's future begins here.
www.sgnpsramgarh.org • sgnps.08040@gmail.com
SGNPS, NH-33, Opposite reliance petrol pump, Ramgarh Cantt, Jharkhand, 829122

सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा
चेयरमैन , स्कूल प्रबंधन कमेटी

सरदार मनमोहन सिंह लांबा
डिप्टी चेयरमैन–सह–मैनेजर
स्कूल प्रबंधन कमेटी